यूपी में फ्लॉप शो साबित होगा इंडी गठबंधन : ब्रजेश पाठक 3

सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव को पिलाया कानून का काढ़ा 4

62 साल की हुई अभिनेत्री जया प्रदा 7

सोना-71,130

तिथि-चैत्र, कृष्ण, दशमी

चांदी- 81,000

शेयर मार्केट- 73,876
निफ्टी- 22,434

अधिकतम -38 °c
न्यूनतम -23 °c

लखनऊ से प्रकाशित एवं उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों से एक साथ प्रचारित

# चर्चित राजनीति

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

-: सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र :-

ww.charchitrajnit.com वर्ष - 20 अंक-132 आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2004/14385 लखनऊ, गुरुवार 4 अप्रैल, 2024 पृष्ठ-8 मूल्य : दो रुपये

# भाजपा कार्यकर्ताओं का जोश देखकर ठंडे पड़ जाते हैं बाकी पार्टियों के नेता

## मोदी ने उत्तर प्रदेश में 22 हजार 648 बूथ के कार्यकर्ताओं को 'नमो ऐप' के माध्यम से सम्बोधित किया

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे आगामी लोकसभा चुनाव में अपने बूथ के पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ने के लक्ष्य के साथ काम करें।

उन्होंने कहा कि हर चुनाव में अपनी मेहनत से रिकॉर्ड बना रहे भाजपा कार्यकर्ताओं का जोश देखकर बाकी पार्टियों के नेता पहले ही ठंडे पड़ जाते हैं। मोदी ने उत्तर प्रदेश में तीसरे चरण में होने वाले चुनाव के तहत आने वाली 10 लोकसभा सीटों के सभी 22,648 बूथ के कार्यकर्ताओं को 'नमो ऐप' के माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा, हम चुनाव में कितनी ही बड़ी विजय प्राप्त करने की इच्छा रखते हों लेकिन जब तक पोलिंग बूथ नहीं जीतते हैं तब तक चुनाव जीत ही नहीं सकते हैं, इसलिए चुनाव में विजय की जो आत्मा है वह पोलिंग बूथ की विजय में है। मोदी ने कहा, इसलिए मेरा तो हमेशा आग्रह रहता है कि हमें एक ही लक्ष्य लेकर काम करना चाहिए कि हम अपना पोलिंग बूथ जीतेंगे और पुराने जितने भी रिकॉर्ड हैं उन सबको तोड़ने का संकल्प

लेकर काम करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने की सलाह देते हुए कहा, सोशल मीडिया में भी हम छाए रहने चाहिए। हमें पोलिंग बूथ के लाभार्थियों की रील बनानी चाहिए। उन रील को हमें प्रसारित करना चाहिए। जितना ज्यादा ऐसा काम होगा हमें चुनाव जीतने भी बहुत मदद मिलेगी।

मोदी ने कहा, लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव, हर चुनाव में आपकी मेहनत से नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। आप लोगों का यह जोश देखकर मुझे तो प्रसन्नता होती ही है लेकिन बाकी पार्टियों के नेता आपका यह जोश देखकर पहले ही ठंडे पड़ जाते हैं। मुझे विश्वास है कि उप्र के सभी भाजपा कार्यकर्ता हर सीट पर, हर पोलिंग बूथ पर विजय सुनिश्चित करने के लिए जी

- **लोकसभा चुनाव में अपने बूथ के पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ने के लक्ष्य के साथ काम करें**

जान से जुट गए हैं। आप लोगों को सही दिशा में अपने प्रयास तेज करने हैं और हर मतदाता तक अपनी बात पहुंचानी है। प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वह सिर्फ चुनाव प्रचार पर ध्यान केंद्रित न करें, बल्कि मतदाताओं का भाजपा के पक्ष में वोट पक्का करने का लक्ष्य रखें। उन्होंने कहा, हम पांच साल मेहनत करते हैं लेकिन आखिरी दिन अगर मतदाता घर से नहीं निकला तो आपकी सारी मेहनत पानी में चली जाती है, इसलिए हमारा सबसे बड़ा काम है कि मतदान के दिन हम हर मतदाता को हाथ जोड़-जोड़ कर बूथ पर लाएंगे और भाजपा के पक्ष में मतदान कराएंगे, राजग के पक्ष में मतदान कराएंगे। यही हमारी आप सबसे अपेक्षा है। प्रधानमंत्री ने बूथ अध्यक्षों, पन्ना प्रभारियों और कार्यकर्ताओं से कहा, आप सभी मतदाताओं के सीधे संपर्क में होते हैं। उनके लिए आप ही भाजपा का चेहरा होते हैं। जब आप उनसे मिलते हैं तो वे आप में भी मोदी को ही देखते हैं। आप जो बताते हैं उन्हें लगता है कि यह मोदी बता रहा है। आप जब उनको कोई गारंटी देते हैं तो वे भरोसा करते हैं कि ये मोदी के साथी हैं तो इस गारंटी में ताकत है और इसलिए आप मतदाताओं की नजरों में बहुत बड़े व्यक्ति होते हैं। उन्होंने कहा, आप तो क्षेत्र में रहते हैं। मतदाताओं से लगातार मिलते हैं। उठते-बैठते चुनाव की चर्चा होती है। मतदाता भी आपको बहुत बारीकी से देखता है कि आपका व्यवहार कैसा है। आप कितने उत्साहित हैं, आप कितने आशावादी हैं, आप कितने आश्वस्त हैं, ये सारी बातें मतदाता बहुत बारीकी से देखता है और थोड़ा सा भी अहंकार नजर आए तो मतदाता हमसे एकदम से दूर हो जाता है, इसलिए पोलिंग बूथ के कार्यकर्ताओं को हर प्रकार से बहुत जागृत रहना पड़ता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह परिवारवादी राजनीति के विरुद्ध लोकतंत्र की भलाई के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने पूछा कि यह मुद्दा जमीनी स्तर तक कैसे जा रहा है, लोगों में इस मुद्दे को कैसे ले जाया (शेष पृष्ठ 7 पर)

# अब जेल जाने में भी डर रहे अपराधी

## योगी ने फतेहपुर सीकरी में भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर के समर्थन में लगाई जनचौपाल

चर्चित राजनीति। ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को फतेहपुर सीकरी में अपनी रौ में नजर आए। एक तरफ उन्होंने उत्तर प्रदेश के अपराधियों पर प्रहार किया तो दूसरी तरफ इंडी गठबंधन को भी खूब लताड़ा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल का जिक्र कर लोगों से ही 'फिर एक बार मोदी सरकार' की हामी भरवाई तो विपक्षी दलों पर हमला करते हुए कहा कि सपा-कांग्रेस को प्रत्याशी तक नहीं मिल रहे हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को फतेहपुर सीकरी से भाजपा प्रत्याशी, सांसद व भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर के समर्थन में विशाल जनचौपाल को संबोधित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के पहले अधिकांश क्षेत्रों में सूर्य अस्त होने के बाद थानों में भी ताले लग जाते थे। सामान्य नागरिकों की स्थिति किसी से छिपी नहीं है।

अपराधी सोचते थे कि पिछली सरकारों की तरह ही यह सरकार भी रहेगी, लेकिन सरकार ने कहा कि हम जीरो टालरेंस की नीति पर चलेंगे। तुम अपराध बंद करो या कीमत चुकाने को तैयार रहो। ज्यादातर अपराधी जमानत तुड़वाकर जेल में चले गए। अब तो कह रहे हैं कि हमें जेल भी न भेजें। अब वहां भी जाने से डर रहे हैं।

- **प्रदेश अब उपद्रव बर्दाश्त नहीं करेगा बल्कि परम्परागत उत्सव के साथ जुड़ेगा**

आप देख रहे होंगे, अपराधी गले में तख्ती लगाकर घूम रहे हैं कि जिंदगी भर ठेला लगाकर पेट पाल लूंगा पर अब कुछ गलत काम नहीं करुंगा। बस एक बार जान बख्श दो। कानून का डर माफिया व अपराधियों पर न हो तो यह गरीबों, व्यापारियों व सामान्य नागरिकों का जीना मुहाल कर देंगे। यूपी में हर दूसरे दिन दंगा होता था।

कांग्रेस व सपा की दंगा-कर्फ्यू पॉलिसी को जिस प्रदेश ने झेला है, वहां अब दंगा-कर्फ्यू नहीं चलेगा। यह प्रदेश अब उपद्रव बर्दाश्त नहीं करेगा, बल्कि परंपरागत उत्सव के साथ जुड़ेगा। उत्सव प्रदेश मोदी की गारंटी पर विश्वास करता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ओर भाजपा के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन है तो दूसरी तरफ वे लोग हैं, जो (शेष पृष्ठ 7 पर)

## मुकाबला तुष्टीकरण बनाम राष्ट्रवाद भ्रष्टाचार बनाम जीरो टॉलरेंस के बीच

### बीजेपी प्रत्याशी एसपी सिंह बघेल के लिए किया प्रचार

चर्चित राजनीति। ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश में हो रहे लोकसभा चुनाव के परिणाम स्पष्ट हैं और किसी को भी भाजपा की जीत को लेकर कोई संदेह नहीं है। हमारी जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा का चुनाव बहुत स्पष्ट है। ये पहले ही दो ध्रुवों में विभाजित हो चुका है। इस बार फैमिली बनाम नेशन फर्स्ट, तुष्टीकरण बनाम राष्ट्रवाद, भ्रष्टाचार बनाम जीरो टॉलरेंस के बीच मुकाबला है। उन्होंने कहा कि विपक्षी इंडी गठबंधन की हालत खराब है, उन्हें ढूंढने से भी प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को सूरसदन में प्रबुद्धजनों को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने पार्टी के प्रत्याशी, वर्तमान सांसद और केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल के समर्थन में प्रचार किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 18वीं लोकसभा का चुनाव पहला ऐसा चुनाव है जिसके परिणाम के बारे में उत्तर, दक्षिण, पूरब, पश्चिम कहीं किसी को कोई संदेह नहीं है। हर तरफ से एक ही आवाज आ रही है। आगरा में जीत सुनिश्चित है, मगर इस जीत को ऐतिहासिक बनाने के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ना है। प्रबुद्धजनों से अपील की कि वे सभी प्रधानमंत्री मोदी के प्रतिनिधि बनकर घर घर जाएं और जनता को एक-एक वोट की ताकत समझाएं। उन्होंने कहा कि देश के सम्मान, सुरक्षा और युवा, किसान, महिला, व्यापारी और समाज के प्रत्येक तबके के लिए जो कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व (शेष पृष्ठ 7 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में 2 बच्चों की मौत और 4 लोग गम्भीर रूप से घायल

**बागपत, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में बागपत जिले के कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को तेज रफ्तार कैंटर की टक्कर से ई रिक्शा में सवार दो बच्चों की मौत हो गई जबकि चार महिलाएं गंभीर रुप से घायल हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अलावलपुर गांव निवासी मनीष के परिजन ज्योति, राजेश, सीमा अपने बेटे एडविक (3) और सात्विक (1) के साथ इंद्रपाल की ई रिक्शा में सवार होकर सरूरपुरकलां गांव में एक धार्मिक कार्य से जा रहे थे कि दिल्ली सहारनपुर हाइवे पर खेड़की गांव के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कैंटर ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ई रिक्शा वहीं हाइवे पर पलट गई और एडविक और सात्विक दूर जाकर गिर पड़े, तभी कैंटर ने एक बच्चे को कुचल दिया। जिसमें एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, हादसे के बाद राहगीरों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां रास्ते में दूसरे बच्चे ने भी दम तोड़ दिया। उधर, चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल दो महिलाओं को हायर सेंटर रेफर कर दिया। हादसे के बाद चालक कैंटर छोड़कर फरार हो गया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने कैंटर को कब्जे में ले लिया। उधर, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने भी हादसे से सूचना मिलते ही जिला अस्पताल पहुंचकर घायल घायलों के बारे में जानकारी ली और डॉक्टरो को सही प्रकार से उपचार करने के निर्देश दिए।

### हेमा मालिनी ने नामांकन से पहले किया यमुना पूजन

**मथुरा, एजेंसी।** लोकसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान होने के बाद पार्टियां और प्रत्याशी चुनाव की तैयारियों में जुटे हैं। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश में मथुरा लोकसभा से सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी ने नामांकन से पहले बुधवार को विश्राम घाट पर समर्थकों के साथ पहुंची। जहां उन्होंने विधि विधान से यमुना जी की पूजा की और दूध से अभिषेक किया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि पूजा करके हमें काफी (शेष पृष्ठ 7 पर)

# कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने घर-घर गारंटी अभियान की शुरुआत की

चर्चित राजनीति। एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली से पार्टी के 'घर-घर गारंटी अभियान की शुरुआत की और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी लोगों को नहीं मिली, लेकिन उनकी पार्टी जो गारंटी दे रही है, उन पर वह अमल करेगी। पार्टी का यह चुनावी अभियान पांच 'न्याय और 25 'गारंटी' पर आधारित है। इस अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता पांच 'न्याय और 25 'गारंटी वाला कार्ड घर-घर जाकर वितरित करेंगे। पार्टी का लक्ष्य आठ करोड़ परिवारों तक पहुंचने का है।

खरगे ने उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में इस अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस के पांच न्याय और 25 गारंटी का उल्लेख किया। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा, इन गारंटी के कार्ड हमारे लोग घर-घर बांटेंगे। वह लोगों को बताएंगे कि हमारी सरकार आने के बाद हम क्या क्या काम करेंगे। उन्होंने कहा, हम लोगों को गारंटी देते हैं कि हमारी सरकार हमेशा गरीबों के साथ रहेगी और गरीबों के लिए काम करेगी।

- **कांग्रेस की सरकारों में देश की जनता को फायदा हुआ है**

कांग्रेस अध्यक्ष ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के समय की प्रमुख योजनाओं और कानूनों का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकारों में देश की जनता को फायदा हुआ है। उन्होंने कहा, ''मोदी जी अपनी गारंटी की बात करते हैं, लेकिन उनकी गारंटी कामयाब नहीं हुई। उनकी गारंटी लोगों को नहीं मिली। उन्होंने हर साल दो करोड़ नौकरियों की बात की, लेकिन लोगों को नौकरी नहीं मिली। उन्होंने 15-15 लाख रुपये देने का वादा किया, लेकिन यह गारंटी भी पूरी नहीं। खरगे ने आरोप लगाया कि किसानों से किए वादे भी मोदी सरकार ने पूरे नहीं किए। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणापत्र पांच न्याय- 'हिस्सेदारी न्याय, 'किसान न्याय, 'नारी न्याय, 'श्रमिक न्याय और 'युवा न्याय- पर आधारित होगा। यह पांच अप्रैल को जारी किया जाएगा। पार्टी ने 'युवा न्याय के तहत जिन पांच गारंटी की बात की है उनमें 30 लाख सरकारी नौकरियां देने (शेष पृष्ठ 7 पर)

## कांग्रेस ने मिर्धा का वीडियो शेयर कर कहा भाजपा की मंशा संविधान खत्म करना

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने आगामी लोकसभा चुनावों में राजस्थान के नागौर से भाजपा उम्मीदवार ज्योति मिर्धा के वीडियो पर एक पोस्ट साझा किया, जिसमें वे लोगों के बीच देशहित में कठोर निर्णय लेने के लिए संवैधानिक बदलाव करने की बात करती दिख रही हैं। कांग्रेस ने दावा किया कि अनंत कुमार हेगड़े के बाद बीजेपी की एक और नेता ज्योति मिर्धा ने खुले तौर पर कहा है कि पार्टी का उद्देश्य संविधान को बदलना है। इसमें ज्योति मिर्धा यह कहती सुनी जा सकती हैं कि संवैधानिक बदलाव के लिए (शेष पृष्ठ 7 पर)

## बीजेपी का सामना नहीं कर सकता इंडिया गठबंधन, चुनावों में मोये मोये कर देगी जनता

**गाजियाबाद, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इंडिया गठबंधन पर कटाक्ष किया। सिंह ने बुधवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन लोकसभा चुनावों में एनडीए या बीजेपी का सामना नहीं कर सकता क्योंकि देश की जनता मोये मोये कर देगी (चुनाव में लोग विपक्ष को परास्त कर देंगे)।

गाजियाबाद में सात चरण के आम चुनावों के लिए मौजूदा विधायक और भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग के पक्ष में प्रचार करते हुए सिंह ने कहा कि विपक्षी गुट लोकसभा चुनावों में एनडीए का मुकाबला करने के लिए संघर्ष करेगा। मंत्री ने कहा, भाजपा से लड़ने और उसे हराने के लिए कई विपक्षी दल एक साथ आए। हालांकि, आप सभी देख सकते हैं कि यह कुछ स्वार्थी विपक्षी नेताओं की सुविधा का गठबंधन है। हालांकि, वे एनडीए का सामना भी नहीं कर सकते, भले ही वे एकजुट। इस देश की जनता इसका भी मोये मोये कर देगी। वायरल मोये मोये ट्रेंड एक सर्बियाई गाने से शुरू हुआ, जिसने टिकटॉक पर बड़े पैमाने पर लोकप्रियता हासिल की और बाद में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फैल गया। हिट गाना मोये मोर, आधिकारिक तौर पर सर्बियाई गायक, गीतकार तेया डोरा (शेष पृष्ठ 7 पर)

# मुजफ्फरनगर में अखिलेश यादव पर बरसे अमित शाह

- **'इस बार साफ हो जायेगी सपा', मोदी सरकार ने किसानों का सम्मान बढ़ाया**

चर्चित राजनीति। एजेंसी

**मुजफ्फरनगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियां जीत सुनिश्चित करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही हैं। इसी कड़ी में गृहमंत्री अमित शाह आज मुजफ्फरनगर में जनसभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे।

इस दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी जनसभा को संबोधित किया। शाहपुर के राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने इस बार लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी का सूपड़ा साफ होगा। गृहमंत्री अमित शाह ने सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने आतंकवाद को समाप्त किया है। कांग्रेस होती तो अयोध्या में राम मंदिर नहीं बनता, भाजपा ने जो कहा उसे कर के दिखाया है। अब उत्तर प्रदेश से गुंडे माफिया का सफाया हो रहा है, माफिया प्रदेश छोड़कर भाग रहे हैं। पीएम मोदी ने देश को मजबूत किया है जो भ्रष्टाचार करेगा वह जेल जाएगा। मोदी सरकार ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर किसानों का सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने इंडिया गठबंधन को लेकर जमकर हमला बोला। शाह ने कहा कि जो बसपा और सपा की सरकार में चीनी मिले बंद हुई है। जब कि भाजपा ने 20 बंद पड़ी चीनी मिलों को चालू कराने के लिए काम किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 70 साल तक राम मंदिर के मुद्दे को लटका कर रखा। मोदी सरकार ने केस भी जीता और मंदिर भी बनवाया। उन्होंने कहा कि 12 लाख करोड़ का घपाला करने वाले इंडिया गठबंधन ने दिल्ली में रैली की। मोदी ने 2014 में कहा था कि जिसने भ्रष्टाचार किया है उसे जेल भेजने के लिए कहा था उसे जेल भेजा गया। लेकिन इंडिया गठबंधन ने दिल्ली के रामलीला मैदान में भ्रष्टाचारी बचाओं की रैली की। उन्होंने लोगों से अपील (शेष पृष्ठ 7 पर)

## बीजेपी में शामिल हुए विजेंदर सिंह, कांग्रेस को लगा बड़ा झटका

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को एक के बाद एक झटके लग रहे हैं। बॉक्सर विजेंदर सिंह कांग्रेस छोड़ बीजेपी पार्टी में शामिल हो गए हैं। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े, दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता और दक्षिण दिल्ली से पार्टी के उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी की मौजूदगी में विजेंदर सिंह ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पिछले कुछ दिनों से ऐसी चर्चा थी कि कांग्रेस उन्हें मथुरा से अभिनेत्री और मौजूदा सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ मैदान में उतार सकती है। सिंह जाट समुदाय से ताल्लुक रखते हैं, जिसका हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान में बड़ी संख्या में सीटों पर राजनीतिक प्रभाव है। सिंह ने 2019 का लोकसभा चुनाव दक्षिणी दिल्ली सीट से कांग्रेस के टिकट (शेष पृष्ठ 7 पर)

# पाकिस्तान का हिस्सा नहीं गुलाम कश्मीर

## पाकिस्तान के संविधान में उललेख : आरिफ चौधरी

चर्चित राजनीति। एजेंसी

**मीरपुर।** जम्मू-कश्मीर का पाकिस्तान के कब्जे वाला भाग (पीओके) संवैधानिक रूप से उसका नहीं है। यह बात अवामी एक्शन कमेटी, मीरपुर के प्रमुख नेता आरिफ चौधरी ने कही है।

मीरपुर गुलाम कश्मीर का प्रमुख शहर है। मीरपुर प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में चौधरी ने कहा, पाकिस्तानी प्रशासन पीओके के लोगों के साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं करता और न ही उनकी आवश्यकताओं को पूरा करता है। इलाके के लोग दशकों से उत्पीड़न, अनदेखी और मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। हमें लूटा जा रहा है और जबरन विस्थापित किया जा रहा है। चौधरी ने कहा, पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 257 का उल्लेख करते हुए कहा कि पीओके (गुलाम कश्मीर) पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है। संयुक्त राष्ट्र के संकल्प के आलोक में इस भूभाग को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच समझौता हुआ था। इसके तहत 26 मामलों में निर्णय के अधिकार पीओके के लोगों को दिए गए थे। लेकिन लोग अभी तक इन अधिकारों से वंचित हैं।

## एससीओ मीटिंग में अजित डोभाल ने पाकिस्तान समेत चीन को भी लिया लपेटे में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने एक बार फिर साफ कर दिया है कि सीमा पार आतंकवाद के मुद्दे पर वह अपनी पुरानी रणनीति पर ही अडिग है और इस बारे में वह हर अंतरराष्ट्रीय मंच से पड़ोसी देश पाकिस्तान के आतंकवादी चेहरे को बेनकाब करने की कोशिश में कोई कोताही नहीं करेगा। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) की पहली बैठक में भारत के एनएसए ने ना सिर्फ पाकिस्तान को आतंकवाद को खुली मदद देने के नाम पर घेरा बल्कि अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी परियोजनाओं में दूसरे देशों की संप्रभुता का उल्लंघन करने के मामले में पाक के मित्र देश चीन को भी लपेटे में लिया। वैसे यह भारत का पुराना स्टैंड है लेकिन जिस तरह से डोभाल ने (शेष पृष्ठ 7 पर)

# नहीं घटा वजन, बिल्कुल फिट हैं केजरीवाल

## तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने आप के दावों को किया खारिज

चर्चित राजनीति। एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली जेल अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सेहत सामान्य है और तिहाड़ जेल में बंद होने के बाद से उनका वजन स्थिर है।

आप नेता आतिशी ने दावा कि गिरफ्तार किए जाने के बाद केजरीवाल का वजन तेजी के साथ घट रहा है और पार्टी मुख्यमंत्री की सेहत के संबंध में कानूनी मदद लेगी। अब तिहाड़ जेल प्रशासन ने केजरीवाल की सेहत के संबंध में आतिशी के दावों को खारिज किया है। तिहाड़ में वरिष्ठ जेल अधिकारी ने कहा, 1 अप्रैल को अरविंद केजरीवाल की दो डॉक्टरों द्वारा जांच

की गई और सभी महत्वपूर्ण चीजें सामान्य थीं। साथ ही, जेल आने के बाद से आज तक उनका वजन 65 किलोग्राम पर स्थिर है। कोर्ट के आदेश के अनुसार घर का बना खाना उपलब्ध कराया जा रहा है। केजरीवाल जिन्हें दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था, तिहाड़ जेल नंबर -2 में बंद हैं। जेल नंबर 2 पर सुरक्षाकर्मियों का भारी पहरा है, जरूरत पड़ने पर त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) हस्तक्षेप करने के लिए तैयार हैं और कैदियों पर नजर रखने के लिए 650 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जेल संख्या 2 में लगभग 650 कैदी हैं, जिनमें से लगभग 600 को दोषी ठहराया जा चुका है। केजरीवाल सप्ताह में दो बार परिवार के सदस्यों से भी मिल सकते हैं, लेकिन उनके नाम उस सूची में होने चाहिए जो जेल सुरक्षा द्वारा मंजूरी दे दी गई है, जबकि केजरीवाल, जो मधुमेह से पीड़ित हैं, के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच प्रदान की जाएगी। केजरीवाल के पास टेलीविजन तक पहुंच है, जिसमें जेल की निर्धारित गतिविधियों को छोड़कर समाचार, मनोरंजन और खेल देखने के लिए 18 से 20 चौनल उपलब्ध हैं।

# कृष्णा प्रेमी झांकी ग्रुप के कलाकार सम्मानित

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**शिवगढ़, रायबरेली।** रायबरेली जनपद ही नहीं यूपी के कोने-कोने में राधा-कृष्ण, भगवान शिव- पार्वती, विघ्न विनाशक गणेश, राम-सीता,लखन की अद्भुत झांकियां दिखाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देने वाले कृष्णा प्रेमी झांकी ग्रुप के कलाकारों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैंती स्थित प्राचीन कालीन कबिरादान बाबा के ऐतिहासिक मेले में श्रीकृष्ण रासलीला, मथुरा वृन्दावन की फूलों की होली, दही हांडी आदि झांकियों की अनुपम प्रस्तुति देकर दर्शकों को भक्ति रस में सराबोर कर देने वाले कृष्णा प्रेमी झांकी ग्रुप के मशहूर कलाकार कृष्णा प्रेमी, विश्वा निर्मोही, गोकरन को कबीरादान बाबा मेला कमेटी द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मेला कमेटी के अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष कमल किशोर रावत,सचिव अजय यादव ने कलाकारों को सम्मानित करते हुए कहा कि क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि माटी के लाल झांकियों की मनमोहक स्थिति देकर यूपी की कोने-कोने में रायबरेली जनपद का नाम रोशन कर रहे हैं। जिसके लिए कृष्णा प्रेमी झांकी ग्रुप के सभी कलाकार बधाई के पात्र हैं।इस मौके पर शिवराज,संजय रावत,जानकीशरण जायसवाल,रामधन, रामबिलास आदि लोग उपस्थित रहे।

**यूपी के कोने-कोने में रायबरेली जनपद का नाम रोशन कर रहे कृष्णा प्रेमी :** शिवगढ़ क्षेत्र के भवानीगढ़ चौराहे के रहने वाले कृष्णा प्रेमी श्रद्धा भक्ति में इस कदर डूब गए कि उन्होंने अपने जीवन को,अपनी कला को लोगों में श्रद्धा भक्ति जागने का आधार बना लिया। पिछले डे? दशक से नवरात्रि, होली, दीपावली, शिवरात्रि में आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक आयोजनों में जैसे रामलीला, जागरण, भागवत, ड्रामा आदि में कृष्ण, राधा, भोलेलाथ,सरस्वती, मां दुर्गा, मां काली की सुन्दर, आकर्षक, मनमोहक, झांकियों की अनुपम प्रस्तुति देकर क्षेत्र ही नहीं समूचे प्रदेश में जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। जिनके जीवन्त अभिनय के कारण ही उन्हे 2 भोजपुरी फिल्मों में अभिनय करने का मौका मिल चुका है। पहली फिल्म में उन्होंने मशहूर भोजपुरी फिल्म अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ के साथ जान लेबू का में और दूसरी फिल्म में उन्होंने यश कुमार मिश्रा के साथ क्रांतिकारी 1924 में अभिनय किया है। साक्षात के दौरान कृष्णा प्रेमी ने बताया कि विद्यालय में पढ़ाई के दौरान नाट्य मंचनों के माध्यम से उनके मन में अभिनय करने की कला जागृत हुई थी, जिसको उन्होंने अपने जीवन का आधार बना लिया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2001 में उनकी शादी शीला से हुई। धर्मपत्नी शीला ने उनकी कला को सराहा और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया,उनकी पत्नी ने हर कदम पर उनका साथ दिया। अपनी कला के दम पर ही उन्होंने अपने बड़े बेटे राज को आईटीआई और बीएससी कराई। छोटा बेटा रमन इण्टरमीडिएट में और बेटी रजनी हाईस्कूल में प? रही है,तीनों मेधावी छात्र है।

कृष्णा प्रेमी ने बताया कि वे अपनी बेटी रजनी को पढ़ा लिखा कर आईएएस ऑफिसर बनाना चाहते हैं। जिनका मानना है कि कला- कला होती है। शोसल मीडिया प्लेटफार्मों पर उनके बड़ी संख्या में फॉलोवर हैं। जिनका कृष्णा प्रेमी झांकी ग्रुप इन दोनों नवरात्रि में आयोजित होने वाले जागरण में झांकियों की अनुपम प्रस्तुति देकर लोगों में श्रद्धा भक्ति की अलख जगा रहा है।

## युवती से हिन्दू युवक बन किया इश्क, राज खुला

**रायबरेली, चसं।** जिले में लव जिहाद का मामला प्रकाश में आया है।मथुरा जिले की युवती ने जिले के डलमऊ थाना के गांव रसूलपुरधरावा निवासी युवक के खिलाफ पुलिस अधीक्षक से बुधवार के दिन लिखित शिकायत किया है।जिसमें युवती का आरोप है कि हिन्दू युवक बनकर आरोपी ने शारीरिक शोषण किया। आरोपी युवक के आधार कार्ड से दूसरे धर्म का युवक निकलने के बाद युवती ने जब युवक के शारीरिक शोषण का विरोध किया गया तो युवती को बंधक बनाने के बाद उसके साथ धर्मांतरण करने का दबाव तक युवक द्वारा बनाया गया।जिसकी बात न मानने पर युवक पर आरोप है कि उसके द्वारा अश्लील वीडीओ वायरल करने का धमकी दिया गया।उधर एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल के द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए सीओ से जांच करके आख्या रिपोर्ट मांगा है सीओ ने बताया कि विधवा महिला से फोन पर बातचीत करके प्यार के झांसे में हिन्दू कल्लू यादव बनकर मोहम्मद अंसार ने उसके साथ शारीरिक शोषण किये जाने की शिकायत पर जांच करके कार्रवाई किया जाएगा। उधर डलमऊ थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर आरोपी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई किया जाएगा।

# मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील -जिला निर्वाचन अधिकारी

## त्रुटि रहित मतदाता सूची बनाएं बीएलओ-जिला निर्वाचन अधिकारी

संवाददाता

अम्बेडकरनगर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 16 मार्च 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सदरपुर टांडा अंबेडकर नगर के ऑडिटोरियम हाल में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अकबरपुर के बीएलओध् सुपरवाइजर एवं समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बीएलओ ध्सुपरवाइजर एवं समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तैयारियो के बारे में पूछा गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 19 मई 2024 तक घर-घर मतदाता पर्ची पहुंचाने हेतु बीएलओध्सुपरवाइजर को निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान समस्त बीएलओ को अवगत कराया गया कि 26 अप्रैल 2024 तक फॉर्म 6 प्राप्त किया जा सकते है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बीएलओ ध्सुपरवाइजर तथा समस्त सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को निर्देशित किया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिए गए निर्देशों का अक्षरशरूपालन सुनिश्चित करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए अन्यथा की दशा में कड़ी से कड़ी कार्रवाई तय की जाएगी। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी निर्देशित किया गया कि मतदान से पूर्व सेक्टरध् जोनल मजिस्ट्रेट बूथों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाएं हेल्प डेस्क , साइनेज लगवाया जाए। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 50 मॉडल बूथ जिसमें पिक बूथ , युवा बूथ तथा दिव्यांग बूथ बनाने के निर्देश दिए गए। साथ ही साथ यह भी निर्देश दिया गया कि जहां पर वोटिंग परसेंटेज कम है वहां पर मीटिंग करके बीएलओ के माध्यम घर-घर लोगों को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया। 85 वर्ष से अधिक उम्र तथा 40: से अधिक दिव्यांग जो पोलिंग बूथ तक जाने में असमर्थ हैं। वे वोटर होम वोटिंग का सहयोग ले सकते हैं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सी विजिल ऐप के माध्यम से केवल मौके की फ्रेटो व वीडियो ,आडियो लगाई जा सकती है। इस प्रकार अगर कोई लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 का प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करता है तो कोई भी व्यक्ति इस ऐप के माध्यम से शिकायत कर सकता है शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी तथा यदि शिकायत सही मिलती है तो 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, उप जिलाधिकारी, जिला सूचना अधिकारी तथा संबंधित अधिकारीध् कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, आग से दोनों वाहन जलकर खाक

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**रायबरेली।** बांदा-बहराइच हाइवे मार्ग के बन्नावा निकट ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया जिसमें बाइक सवार बाइक समेत ट्रक में घसीटने लगा जिससे उठी चिंगारी ट्रक के डीजल टैंक तक पहुंचने पर धू धूकर जलने लगा जब तक फायरब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचती तब तक बाइक व ट्रक जलकर नष्ट हो गए जबकि बाइक सवार युवक गंभीर झुलसने पर उसको जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

बछरावां थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बांदा-बहराइचमार्ग पर गांव बिन्नावा के निकट बाइक सवार मिथिलेश 35वर्ष पुत्र नरेश निवासी बन्नावा को एक तेज रफ्तार ट्रक ने मंगलवार की देर देर सांयकाल 10 बजे के तकरीबन अनियंत्रित होकर रौंद दिया जिसमें बाइक ट्रक में फंसने के बाद ट्रक के अंदर बाइक चली गई जिस रगड़ से चिंगारी उठी और बाइक के पेट्रोल टंकी व ट्रक की डीजल टंकी से आंग पकड़ लिया ट्रक चालक व कंडेक्टर ट्रक खड़ा करने के बाद कूदकर अपनी जान किसी तरह बचाई लेकिन बाइक व ट्रक में आग पकड़ने पर दोनो धू धूकर जल नष्ट हो गए जिसमें बाइक सवार गंभीर झुलसने पर उनको सीएचसी से रेफर करने के बाद जिला अस्पताल रेफर करने के बाद उनको जिला अस्पताल में भर्ती करके उपचार किया जा रहा है।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बाइक सवार युवक गंभीर झुलसने पर उसको जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।जिस मामले में लिखित तहरीर नही मिली है तहरीर मिलने पर विभागीय कार्रवाई किया जाएगा।

## चुनाव तक ड्रोन कैमरे से निगरानी का रिहर्सल

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**रायबरेली** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर इस बार ड्रोन कैमरे तक से नजर रखा जाएगा जबकि जगह जगह पर सीसी कैमरे तक लगाए गए है।जिसको लेकर बुधवार के दिन पुलिस की टीम ने जिले के कई चौराहों पर रिहर्सल ड्रोन कैमरे से करवाने के बाद फोटो खींचवाने के बाद आगे बढ़ते रहे जिसको लेकर कई लोगों ने हंसी का पात्र बनाया तो कई ने निष्पक्ष मतगणना होने हेतु तैयारी बताया है।सीओ ने बताया कि निष्पक्ष व शांतिप्रिय चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न करवाने हेतु इस बार 26 अप्रैल को अधिसूचना लागू होने के बाद 20 मई के मतदान व 4 जून को होने वाले मतगणना पर इस बार सीसी कैमरे के साथ साथ ड्रोन कैमरे के द्वारा सुरक्षा की परख किया जाएगा जिसको लेकर रिहर्सल किया जा रहा है।

# फोरलेन में कमजोर सरिया के सहारे तैयार हो रहा पुल

## भ्रष्टाचार का बड़ा खेल, जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई में मौन

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**रायबरेली।** फोरलेन के अन्तर्गत बनाए जा रहे पुल निर्माण में घटिया सामग्री ही नही कमजोर सरिया तक का इस्तेमाल सरेआम किया जा रहा है।

कमजोर सरिया का इस्तेमाल करने पर आने वाले समय में वे किसी बड़े हादसे का सबब बन सकते है लेकिन उसके प्रति जिम्मेदार अधिकारी तक पूर्णरूप से मौन धारण किए हुए है। जिले के अन्तर्गत ऊंचाहार के सबीसपुर से रायबरेली तक लखनऊ से प्रयागराज एनएच मार्ग पर चल रहे फोरलेन निर्माण कार्य में जमकर भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा है।यहां तक की फोरलेन के पुलिया निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग के साथ साथ उसमे कमजोर सरिया डाला जा रहा है।जिसमें मानक के तहत जो सरिया डालने का प्रविधान है वो मोटा सरिया डाला जा सकता है लेकिन नाले व नहर के पुलिया आदि में बन रहे पुल निर्माण में पतला कमजोर सरिया का ही प्रयोग किया जा रहा है जिसके साक्ष्य के तौर पर फोटो ने भ्रष्टाचार की पोल खेला जा रहा है।फोरलेन के निर्माण के कार्यदायी संस्था व मतहत ठेकेदारों के साथ साथ एनएच विभाग के मतहत अधिकारी तक की मिलीभगत से खेल खेला जा रहा है।जिसमें करोड़ों रूपए ठिकाने लगाकर अपनी अपनी जेबें गर्म करने में जुटे हुए है।जिनको ये नही मालुम कि आने वाले समय में ये कमजोर सरिया किसी समय बड़े हादसे का रूप भविष्य में दे सकता है क्योकि ये मार्ग लखनऊ से प्रयागराज मार्ग का मामला होने पर इस मार्ग का यातायात अधिक रहता है।

उधर, सीडीओ ने बताया कि प्रकरण गंभीर है जिसको लेकर टीम गठित करके जांच करवाया जाएगा जिसके बाद विभागीय कार्रवाई किया जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार

## बांटा परीक्षाफल फिर किया कक्षा 5 के बच्चों का विदाई

**रायबरेली, चसं।** ऊंचाहार ब्लाक के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय मनीपुरभटेहरी है।जिस विद्यालय के प्रांगण में बुधवार के दिन बच्चों को परीक्षाफल वितरण का कार्यक्रम रखा साथ ही कक्षा 5 के 48 बच्चों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया।जहां के प्रधानाध्यापिका आशा मौर्या के नेतृत्व में कार्यक्रम सफल हुआ।जिस दौरान प्रधानाध्यापिका ने बच्चों के प्रगति के लिए प्रेरित करते हुए उनको विदाई समारोह में गिफ्ट व प्रशस्ति पत्र तक का वितरण किया गया।कार्यक्रम की मुख्यअतिथि रही एआरपी सीमा कुमारी रही जिन्होने बच्चों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि शिक्षा में परिषदीय विद्यालय के बच्चे निरंतर आगे नाम हर क्षेत्र में रोशन करने लगे है जो बदलाव अब दिख रहा है ये किसी कान्वेंट विद्यालय से कम नही है जिससे पूर्व मुख्यअतिथि का पुष्पुच्छ देकर प्रधानाध्यापिका के द्वारा स्वागत किया गया।जिसके बाद बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार की रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति किया गया।इस मौके पर सहायक अध्यापिका अरूणा सिंह व सहायक अध्यापक प्रभात मिश्र के साथ साथ बच्चों के अभिभावक व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ किया बैठक

**रायबरेली, चसं।** डीएम हर्षिता माथुर ने बुधवार के दिन जिला मुख्यालय में लोकसभा चुनाव में लगे समस्त सेक्टर मजिस्ट्रटों के साथ बैठक करके बूथों के हालातों के संदर्भ में हो रहे स्थली निरीक्षण के संदर्भ में जानकारी हासिल किया।जिस दौरान चुनाव सबंधित अन्य रणनीति पर चर्चा हुआ।

## एम्स के सिक्योरिटी के चार गार्ड हटे, फर्म की जांच जारी

**रायबरेली, चसं।** भदोखर थाना क्षेत्र के मुंशीगंज स्थित एम्स अस्पताल में मरीज के साथ सिक्योरिटी गार्ड के द्वारा मारपीट का वीडीओ सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद सिक्योरिटी में लगे चार गार्डों को हटाते हुए सिक्योरिटी के कार्यदायी संस्था की भूमिका की जांच प्रारंभ कर दिया गया है।एम्स के डायरेक्टर अरविन्द राजवंशी ने बताया कि मारपीट करने वाले चारो गार्डों को हटा दिया गया है साथ ही सिक्योरिटी गार्ड की सप्लाई करने वाली फर्म के खिलाफ भी जांच करके कार्रवाई करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गया है।

## किशोर का नीम की डाल में फांसी के फंदे में लटका मिला शव, हत्या व आत्महत्या में उलझी पुलिस

**रायबरेली, चसं।** गांव के निकट नीम की डाल में फांसी के फंदे से लटकता हुआ शव 15वर्षी किशोर बालक का मिला है।जिसके शव मिलने के बाद तरह तरह के चर्चाएं गर्म थी।जिसमें हत्या व आत्महत्या को लेकर पुलिस तक हैरत में थी लेकिन सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। खीरो थाना क्षेत्र के अन्तर्गत खीरो कस्बा के नईबाजार निवासिनी अखिलेश 15वर्ष पुत्र श्यामू बघेल का शव गांव के निकट नीम के पेड़ की डाल से फांसी के फंदे से लटकता हुआ शव मिला।जिसमें गांव के बाहर शव मिलने पर परिजन हत्या करके लटकाने का आरोप लगा रहे थे तो ग्रामीणों में भी तरह की तरह की चर्चाएं गर्म थी।जिसकी सूचना मृतक किशोर के परिजन के द्वारा पुलिस को दिया गया।थाना खीरो प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अखिलेश का शव कब्जे में लेकर पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय बुधवार को भेज दिया है।जिसका पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की जांच पड़ताल किया जाएगा।

## वन विभाग की फूसफास के जंगल में लगी आग

**रायबरेली, चसं।** भदोखर थाना क्षेत्र के शारदानहर रिंगरोड के निकट वन विभाग की भूमि है जहां पर फूसफास का जंगल है।जिसमें अज्ञात कारणों से आग लगने से फूसफास जलने लगा।जिसमें दमकल विभाग की टीम मौके सूचना पे पहुंच आग बुझाया है।जिसमें वन विभाग का छति हुआ है।

## शवदाह गृह बदहाल, जिम्मेदार बेखबर

**रायबरेली, चसं।** डलमऊ तहसील के चलमलिकभीटी गांव में शव दाह गृह बना हुआ है।जिसको लाखों रूपए की लागत से बनाया गया लेकिन स्थानीय अधिकारियों के अनदेखी के कारण मार्ग उसकी हालत जर्जर अवस्था में पहुंच गया है।जहां पर अव्यवस्थाओं का अंबार है।जहां पर महज घूमंतू मवेशियों का ही इन दिनो वो बसेरा बना हुआ है।उधर सीडीओ ने बताया कि जांच करवाने के बाद कुछ बता पाऊंगी।

## पुत्री से छेड़छाड़, विरोध पर पिता बेटी को पीटा

**रायबरेली, चसं।** महराजगंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव की नाबालिक किशोरी को उसके ही घर में घुसकर छेड़छाड़ किया गया।जिसका विरोध करने पर किशोरी व किशोरी के पिता के साथ विपक्षियो ने मारपीट व गालीगलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।जिसमें दोनो के लहूलुहान होने के बाद सीएचसी महराजगंज में भर्ती किया गया जहां से दोनो की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।महराजगंज थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घायल पक्ष से तहरीर नही मिली है तहरीर मिलने पर विभागीय कार्रवाई किया जाएगा।

## सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व जिला पंचायत सदस्य रीता शुक्ला ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

**बघौली/हरदोई, चसं।** केंद्र व राज्य सरकार से प्रभावित होकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य कछौना तृतीया की प्रमुख समाज सेविका रीता शुक्ला ने लखनऊ में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अपने आवास पर भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर आनंद द्विवेदी महानगर उपाध्यक्ष भाजपा भी मौजूद रहे। इससे भाजपा को हरदोई और मिश्रिख लोकसभा चुनाव में भाजपा को और मजबूती मिलेगी। रीता शुक्ला ने कहा ,मोदी जी ने जो संकल्प लिया है अबकी बार 400 पार का नारा देते हुए कहा कि पार्टी ने जनता की हमेशा सेवा की है और करते रहेंगे। हर पात्र को सरकार योजनाओं का लाभ दे रही है जिससे वह समाज की मुख्य धारा में जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में कई गांव ऐसे हैं जहां पर बरसात के महीनों में पानी भरा रहता था। वहां पर रोड डलवाकर लोगों को आने जाने की सुविधा दी है। गांवों में घर-घर शौचालय बनवाए गए। लोगों के आवास बनवाए गए। सरकार ने हर गरीब को मुफ्त राशन दिलवाया। किसी व्यक्ति को भूखा नहीं रखा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में किसी के भी पास कच्चा घर नहीं होगा। सरकार का प्रयास है कि हर किसी को पक्की छत मिले भाजपा सरकार मे बहुत विकास हुए इस से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया।

# डीएम अरविन्द सिंह की "ऑपरेशन माफिया कमर तोड़" के तहत बड़ी कार्यवाही

## डीएम के आदेश पर एसडीएम उतरौला ने आरिफ अनवर हाशमी, उसके भाई मारूफव गैंग के अन्य सदस्यों के खिलाफ दर्ज कराई एफ आईआर, इस हेतु डीएम ने दिए थाने को निर्देश

संवाददाता

बलरामपुर। डीएम अरविन्द सिंह का ''ऑपरेशन माफिया कमर तोड़'' लगातार जारी है। पिछले छ: माह से गोपनीय सूचनाओं एवं सीक्रेट मिशन के तहत साक्ष्यों के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट अरविन्द सिंह एवं टीम के द्वारा निर्बाध रूप से विगत 72 घन्टे से समस्त विधिक प्रक्रिया को पूर्ण कराते हुए कार्यवाही माफ्यिाओं के विरूद्ध थाना सादुल्लानगर में आरिफ अनवर हाशमी और उसके भाई मारूफ अनवर हाशमी तथा गैंग के अन्य सदस्यों को खिलाफ एसडीएम उतरौला को भेजकर आज सुबह तड़के ही गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। इस हेतु डीएम ने तड़के पुलिस को भी निर्देश दिए थे। बतातें चलें कि मारूफ अनवर हाशमी एवं उसके भाई आरिफ अनवर हाशमी ने लगभग 15 साल पहले थाना सादुल्लाह नगर परिसर की बेशकीमती जमीन को कूट रचित तरीके अपने प्राक्सी के नाम दर्ज कराकर जमीन पर कब्जा कर लिया। डीएम अरविन्द सिंह द्वारा माफ्यिाओं के विरूद्ध चलाये जा रहे ''ऑपरेशन माफ्यिा कमर तोड़'' के तहत माफ्यिा के काले कारनामों के बारे में उसके पैतृक जनपद गोण्डा तथा बलरामपुर सहित अन्य जगहों से साक्ष्य, दशकों पुराने कागजात एवं सूचनाएं इकटठा की गई और इसके लिए डीएम द्वारा मजिस्ट्रेट लगाये गये इसी क्रम में साक्ष्यों की लड़ी बनती चली गई। डीएम अरविन्द सिंह ने कानूनी एवं सांविधिक प्रक्रिया को अपनाते हुए चरणवार तरीके से स्वयं तथा अपने मजिस्ट्रेटी तंत्र से गोपनीय अन्वेषण एवं न्यायालय में तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर थाने की कब्जाई हुई जमीन को विगत 19 मार्च को पुन: सरकार के पक्ष में फैसला कर दिया तथा इसी बीते 30 मार्च को जमीन पुन: सरकार के पक्ष में थाने के नाम शासकीय अभिलेखों में दर्ज करा दी गई। जिलाधिकारी ने 29 मार्च से निर्बाध रूप से अपनी टीम के साथ कार्य करते हुए रणनीति के तहत साक्ष्यों एवं पूरी कानूनी प्रक्रिया का अक्षरश: पालन करते हुए 01 अप्रैल को सुबह तड़के ही एसडीएम उतरौला को इन आरोपियों के ऊपर जो कि आदतन सरकारी जमीनों पर कब्जा करते हैं, के खिलाफ एफ्आईआर दर्ज कराने का आदेश दिया जिसका अनुपालन तत्काल पुलिस ने तत्काल कराया। चूंकि इस एफ्आईआर में 10 वर्ष तक की सजा का प्राविधान है। इन आरोपियों पर ''ऑपरेशन माफ्यिा कमर तोड़'' के तहत कार्यवाही की गई है। अब ये माफ्यिा कभी भी सलाखों के पीछे जा सकते हैं। जैसा कि डीएम ने पूर्व में भी आगाह किया था कि वन माफ्यिा, भूमाफ्यिा, शराब माफ्यिा और बड़े स्तर के गैंगस्टर कितने भी मजबूत क्यों न हों जायें, वह जिला प्रशासन की कटिबद्धता को जरा भी कमजोर नहीं कर पाएगें। उनके ऊपर कानून के तहत कठोर कार्यवाही समस्त साक्ष्यों के तहत की जाएगी। बताते चलें कि जिलाधिकारी अरविन्द सिंह कानूनी प्रक्रिया में विश्वास रखने वाले तथा किसी भी कानूनी प्रक्रिया के बिना कार्यवाही नहीं करते हैं। जब तक पूर्ण रूप से गोपनीय जांच एवं उचित संदेह से परे शिकायत की पुष्टि न हो, उनके द्वारा कठोर स्तर की कार्यवाही नहीं की जाती है। जिलाधिकारी ने कुछ दिन पूर्व अपनी गैंगस्टर न्यायालय में विस्तृत जजमेन्टध्आदेश पारित किया था जिससे कि इस प्रकार के माफ्यिाओं की कई करोड़ की सम्पत्ति स्थायी रूप से अब कुर्क रहेगी, इसका रास्ता साफ हो गया था। इसके लिए जिला मजिस्ट्रेट ने अपने न्यायालय की प्रदत्त शक्तियों का समुचित प्रयोग करते हुए केन्द्रीय एजेन्सियों एवं केन्द्रीय अधिनियमों के तहत सृजित साक्ष्यों को अपनी कोर्ट में तलब करते हुए अपने विस्तृत 117 पन्ने के न्यायिक आदेश से इन गैंगस्टरों द्वारा धोखाधड़ी एवं गरीब कमजोर को डरा धमकाकर औने-पौने दाम में बैनामा करा करके कब्जाई गई जमीनों तथा सरकारी सम्पत्तियों का अपने तथा अपने प्रतिनिधियों के नाम करा ली गई जमीनों को न्यायालय की शक्तियों का निष्पक्ष एवं विधि सम्मत रूप से प्रयोग करते हुए सरकार के पक्ष में कुर्की का आदेश पारित करा दिया था। दुर्भाग्य का विषय है पिछले 15 साल से थाना कोतवाली सादुल्लाह नगर के परिसर के अन्दर अर्थात बाउन्ड्री वाल के अन्दर की 730 वर्ग मीटर की बेशकीमती जमीन इन आरोपियों ने कूट रचना करके अपने प्राक्सी(प्रतिनिधि) संस्था के नाम दर्ज कराकर बिना अवरोध के उसका उपयोग कर रहे थे। जब डीएम की वक्रदृष्टि इस पर छ: माह पहले पड़ी तभी से इन माफ्यिाओं के क्रिया कलापों की उलटी गिनती चालू हो गई और आज 72 घन्टे निरन्तर जगकर विधिक आवश्यकताओं को पूर्ण करते हुए डीएम व टीम ने ''ऑपरेशन माफ्यिा कमर तोड़'' को अन्तिम चरण तक फ्लीभूत करने का कार्य किया।

डीएम ने फ्रि चेतावनी दी है कि माफ्यिा सुधर जायें, गरीबो को सताना और दबाव बना करके औने-पौने दामों में उनकी जमीनों का बैनामा करा करके कब्जा करना तथा सरकारी जमीनों को कूटरचित तरीके से अपने या अपने प्राक्सी के नाम करा लेना बन्द कर दें अन्यथा डीएम द्वारा ऐसे लोगों को ''ऑपरेशन माफ्यिा कमर तोड़'' के तहत अपने मन मस्तिष्क में चिन्हित कर लिया जाएगा। लोकसभा चुनाव को जिला निर्वाचन अधिकारी की भूमिका में शुचितापूर्ण, स्वंतत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक, माफ्यिा मुक्त, अवैध धनबल मुक्त निर्वाचन कराने में जिला प्रशासन की पूर्ण कटिबद्धता है। इसके लिए अगर राजस्व, पुलिस, वन विभाग या किसी भी विभाग का कोई भी कर्मचारीध्अधिकारी माफ्यिाओं के सहयोग में आएंगे तो गैंगस्टर एक्ट की धारा-3(2), सपठित धारा-19, सपठित ब्त.च्ब् की धारा-167(ए), सपठित ब्त.च्ब् की धारा-167 के तहत जिला मजिस्ट्रेट को न्यायिक मजिस्ट्रेट की शक्तियां प्रदत्त हैं और वह स्वयं अपने न्यायालय से ऐसे सरकारी सेवकों को न्यूनतम 60 दिन से लेकर 01 साल तक के लिए सीधे जेल भेज सकते हैं।

इसलिए माफि या और माफ्यिाओं से गठजोड़ करने वाले लोग सुधर जायें वरना उन्हे जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाने में कोई संकोच नहीं किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम योगी का 2 दिवसीय वाराणसी दौरा

**वाराणसी, चसं।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ 2 दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे हैं। बाबतपुर एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री का भाजपा विधायकों ने स्वागत किया। सीएम ने रोहनियां स्थित क्षेत्रीय बीजेपी कार्यालय में क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ 90 मिनट तक बैठक कर चुनाव जीत का मंत्र दिया। सीएम की बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल, जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय समेत कई बड़े पदाधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों से कहा वाराणसी से तीसरी बार पीएम मोदी की ऐतिहासिक जीत होनी चाहिए। क्षेत्रीय कार्यालय में बैठक के बाद मुख्यमंत्री वहां से सर्किट हाउस से लिए निकले। थोड़ी देर में काशी विश्वनाथ मंदिर और काल भैरव में दर्शन-पूजन करेंगे। कानून व्यवस्था को लेकर अधिकारियों संग बैठक करेंगे और काशी के कुछ विशिष्ठ लोगों से मुलाकात भी करेंगे। सीएम योगी शाम को सर्किट हाउस, कचहरी, चौकाघाट, लहुराबीर, कबीरचौरा, मैदागिन के रास्ते श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर जाएंगे। आगमन तथा वापसी यानी शाम 5 बजे से लेकर शाम 7 बजे तक सर्किट हाउस तक का रूट डायवर्ट किया गया है। इस दौरान वाहन निम्न वैकल्पिक मार्ग का उपयोग कर सकते हैं। इस दौरान गौदोलिया,रामापुरा से कचहरी,बाबतपुर एयरपोर्ट जाने वाले नई सड़क, चेतगंज, लहुराबीर, जयसिंह चौराहा, मलदहिया, मरीमाई, अंधरापुल, नदेसर, आशियाना, जेपी मेहता, सेंट्रल जेल तिराहा, गिलट बाजार की तरफजाएंगे।

### बीएसपी ने जारी की 12 लोकसभा प्रत्याशियों की लिस्ट, लखनऊ से सरवर मलिक को मिला टिकट

**लखनऊ, चसं।** बहुजन समाज पार्टी ने अपने 12 लोकसभा प्रत्याशियों की लिस्ट जारी कर दी है। पार्टी की तरफसे सरवर मलिक को लखनऊ सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। जबकि मोहनलालगंज सीट से राजेश कुमार उर्फमनोज प्रधान को पार्टी ने टिकट दिया है। पार्टी की तरफसे जारी लिस्ट के अनुसार गाजियाबाद से नंदकिशोर पुंडीर, अलीगढ़ से हितेंद्र कुमार उर्फबंटी उपाध्याय, मथुरा से सुरेश सिंह, मैनपुरी से गुलशन देव शाक्य, खीरी से अंशय कालरा रॉकीजी, उन्नाव से अशोक कुमार पाण्डेय, कन्नौज से इमरान बिन जफर, कौशांबी से शुभ नारायण, लालगंज से इंदू चौधरी, और मिर्जापुर से मनीष त्रिपाठी को पार्टी ने टिकट दिया है।

### 20 अप्रैल तक आवेदन करना होगा अपलोड

**लखनऊ, चसं।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2019-20 से 2021-22 तक के एमटेक, एमफार्म, एवं एमआर्क के कैरीओवर छात्र-छात्राओं के डिजरटेशन का मूल्यांकन और मौखिक परीक्षा अप्रैल और मई में आयोजित की जाएंगी। ऐसे छात्र छात्राओं का आवेदन संस्थान को अपने निदेशक ईआरपी के लॉगइन से 20 अप्रैल तक अपलोड करना होगा। सभी जानकारी और सेशनल को सही से भरना होगा। इसके अलावा विश्वविद्यालय के गाइडलाइन के अनुसार थिसिस का एमएस वर्ड फॉरमेट में अपलोड करना जरूरी है। इसके बाद छात्र अपनी ईआरपी लॉगइन से बाकी शुल्क का भुगतान करेंगे। शुल्क जमा नहीं करने पर आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा। ऐसे छात्रों के डिजरटेशन का मूल्यांकन और मौखिक परीक्षाएं लखनउ में आयोजित होंगी।

### बिल्डर रमेश गंगवार के ठिकानों पर आईटी की रेड, कई आईएएस से हैं कनेक्शन

**लखनऊ, चसं।** नामी सरकारी ठेकेदार और बिल्डर रमेश गंगवार के पूरे यूपी में कई ठिकानों पर बड़ी रेड हुआ है। सूत्रों के अनुसार इनकम टैक्स विभाग की कई टीम राजधानी लखनऊ,बरेली समेत कई शहरों में बिल्डर के ठिकानों और निजी स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई को अंजाम दे रही हैं। बताया जा रहा है कि ठेकों में लेनदेन के दौरान बड़ी टैक्स हेराफेरी किये जाने के इनपुट को लेकर ये कार्रवाई हुई है। राजधानी में गोमतीनगर विस्तार इलाके में रमेश गंगवार के सरस्वती अपार्टमेंट स्थित फ्लैट में रेड की गई है।बताया जा रहा है कि रमेश गंगवार के यूपी से लेकर दिल्ली तक कई आईएएस से कनेक्शन हैं। उनपर लाभ पहुंचकर बिड लेने को लेकर भी आरोप लगते रहे हैं।

### दम्पति ने स्ट्रीट डॉग को खम्भे से बांधकर पीटा

**लखनऊ, चसं।** पशुओं के लिए इंसानी दिल में कितनी नफरत है इसका बेहद खौफनाक मंजर कैमरे में कैद हुआ है। पढ़े लिखे सभ्य समाज के लोगों ने बेजुबान स्ट्रीट डॉग के साथ ऐसा सुलूक किया है जिसे देखकर आप काँप उठेंगे। राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर स्थित लोधपुर उजरियांव गांव में एक दम्पति ने स्ट्रीट डॉग को खम्भे से बांधकर ताबड़तोड़ वार उसके शरीर पर किये। वीडियो में साफदिख रहा है कि लोहे की रॉड से बेजुबान के सिर पर कैसे निर्ममता से वार कर रही है। बेजुबान चीख रहा है लेकिन दम्पति के चेहरे पर शिकन भी नहीं आ रही है। दोनों लगातार एक के बाद एक दनादन उसे रॉड से पीटते चले जा रहे हैं। दोनों आरोपियों ने स्ट्रीट डॉग के पैर तोड़ दिए। इतने पर भी उनकी हैवानियत खत्म नहीं हुई। उसे रस्सी के सहारे बाइक पर पीछे बाँध दिया और कई किलोमीटर तक घसीटा गया। आसपास के लोग भी इसे देखकर तमाशबीन बने रहे। ये पहला मामला नहीं है जब पशु के साथ ऐसी क्रूरता की गई हो लेकिन दो चार दिन हंगामा होने के बाद सब शांत हो जाता है। बताया जा रहा है कि स्ट्रीट डॉग पर कहर बरपाने वाले जगदीश उर्फ अप्पा व सोनम हैं, इनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई को लेकर तैयारी कर रही है।

### अभी गर्मी से राहत के आसार नहीं, बढ़ेगी उमस

**लखनऊ, चसं।** तेज हवाओं के कारण सोमवार और मंगलवार को तापमान में गिरावट आने से गर्मी से राहत मिली थी, लेकिन अब गर्मी बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। गुरुवार और शुक्रवार तक फिर हवाओं का रुख बदलेगा और उमस परेशान करेगी। बुधवार को अधिकतम तापमान 35.6 और न्यूनमत 18.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार तापमान में गिरावट का बड़ा कारण 35 किमी प्रतिघंटा गति से चलने वाली तेज हवाएं थी। पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद यह स्थिति बनी थी। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को अधिकतम, न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री की बढ़ोतरी होगी। अधिकतम तापमान 37 और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार फिर से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसका असर चार और पांच अप्रैल को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश के रूप में दिखेगी।

# यूपी में फ्लॉप शो साबित होगा इंडी गठबंधन : ब्रजेश पाठक

## एनडीए के खाते में जायेंगी उत्तर प्रदेश की सभी ८० सीटें

**चर्चित राजनीति। विशेष संवाददाता**

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बुधवार को इंडी गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि पूरे देश में मोदी की लहर चल रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में इंडी गठबंधन फ्लॉप शो साबित होगा।

श्री पाठक ने कहा समाजवादी पार्टी को प्रत्याशी ढूढें नही मिल रहे हैं। हार का डर इस कदर हावी है कि वे बार-बार प्रत्याशी बदल रहे हैं। जो प्रत्याशी घोषित करते हैं वे लड़ने से मना कर देते हैं। उन्होंने कहा प्रदेश में विपक्ष को जीरो सीटें मिलेंगी। आज उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प के साथ जुड़ करके भाजपा को अपना समर्थन और आशीर्वाद दे रही है। प्रदेश की सभी 80 सीटों पर राजग गठबंधन को विजय मिलेगी। श्री पाठक ने बुधवार को गौतमबुद्धनगर से भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा के नामांकन के अवसर पर उपस्थित रहे। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों मे हुए गरीब कल्याण के कार्यो और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीत का परिणाम है कि आज राजग गठबंधन के सभी प्रत्याशियों को समाज के सभी वर्गों का भारी समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश मे कोई भी दल भाजपा गठबंधन का मुकाबला नही कर पा रहा है। श्री पाठक ने कहा विपक्ष हताश और निराश है।

**नर्सों के समायोजन की उठाई मांग :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में नर्स मेंटर के पद पर तैनात रहीं 33 महिलाओं के समायोजन के लिए बुधवार को संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मुलाकात की। इस मुलाकात में प्रतिनिधिमंडल ने बेरोजगार हुई नर्सों के समायोजन की मांग उठाई है। डिप्टी सीएम ने समस्या को सुनने के बाद तत्काल मिशन निदेशक को नर्सों के समायोजन के लिए निर्देशित किया है।

दरअसल, करीब 10 साल पहले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में नर्स मेंटर के पद पर तैनात हुई 36 महिलाओं की सेवा 31 मार्च को समाप्त हो गई। ऐसे में अब उनके सामने अर्थिक संकट खड़ा हो गया है। हालांकि इन सभी नर्स मेंटर की समस्याओं को देखते हुये संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने मंगलवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक को पत्र लिखा था। जिसमें कहा गया है कि इन महिलाओं के कार्यानुभव को देखते हुये इनका समायोजन प्रशिक्षण केंद्रों पर किया जा सकता है। वहीं बुधवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर नर्सों की समस्या के समाधान के लिए अपील की है।

### पीएम मोदी पर फिदा है जनता : उपमुख्यमंत्री

**लखनऊ, विसं।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बुधवार को बुलन्दशहर में पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार भोला सिंह के नामांकन में प्रतिभाग किया। शहर के राजेबाबू पार्क में हुई नामांकन सभा में बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की जोड़ी यूपी में काम करने वाली नहीं है। 2017 में इन दोनों लड़कों की जोड़ी देख चुके हैं। जो तब भी फेल हुए थे और अब भी फेल होंगे। उन्होंने कहा कि भोला सिंह ने बीजेपी गठबंधन से नामांकन दाखिल किया है और बुलन्दशहर में इंडी गठबंधन की जमानत जब्त करा देंगे क्योंकि इनके पास जनता का साथ और समर्थन दोनों है।

सपा समाजवादी पार्टी बन गई है, कांग्रेस को उम्मीदवार भी उतारे नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के नेता जमीन पर कहीं दिख नहीं रहे हैं। भाजपा के कार्यकर्ता और नेता हर परिस्थिति में जनता के बीच खड़े रहे हैं। पीएम मोदी पर जनता फिदा है और फिर उन्हें जन आशीर्वाद मिलने वाला है। चारों ओर कमल खिल रहा है। उन्होंने कहा बीजेपी और उसका गठबंधन सभी 80 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगा।

## उत्तर प्रदेश में सक्रिय हैं प्रवर्तन एजेंसियां और उड़नदस्ते : नवदीप रिणवा

**चर्चित राजनीति। विशेष संवाददाता**

● अवैध मदिरा, नकदी की जब्ती के निर्देशों का हो रहा कड़ाई से अनुपालन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध मदिरा, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 02 अप्रैल तक 106.45 करोड़ रुपये कीमत की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी जब्त किये गये, इसमें 1,896 लाख रुपये से अधिक धनराशि, 3689.18 लाख रुपये कीमत की 777703.30 लीटर शराब, 4168.82 लाख रुपये कीमत की 6849530.13 ग्राम ड्रग, 1778.18 लाख रुपये कीमत की 39163.86 ग्राम बहुमूल्य धातुएं, 0.43 लाख रुपये के मुफ्त उपहार एवं 112.96 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।

आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 02 अप्रैल को193.18 लाख रुपये कीमत की मदिरा, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 28.94 लाख रुपये नकद धनराशि, 111.57 लाख रुपये कीमत की 32275.42 लीटर शराब, 52.18 लाख रुपये कीमत की 1135920.09 ग्राम ड्रग एवं 0.49 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।02 अप्रैल को प्रमुख जब्ती में गौतमबुद्ध नगर की जेवर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 25.32 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 1101300 ग्राम ड्रग तथा मथुरा की मांट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 70.13 लाख की 16399 लीटर शराब पकड़ी गयी।

## पानी के टैंकर की चपेट में आकर युवक की मौत

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**लखनऊ।** लखनऊ में निर्माणाधीन आउटर रिंग रोड पर दुबग्गा के मलहा गांव के पास बुधवार दोपहर बाद एक मजदूर की पानी के टैंकर की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के वक्त मजदूर दीपांशु गौतम (18) पानी के टैंकर से पानी पी रहा था और चालक ने अचानक टैंकर बैक कर दिया। हादसे के बाद चालक टैंकर छोड़कर मौके से भाग गया।

साथी मजदूरों और मृतक के परिजनों ने सड़क शव रखकर हंगामा किया। इस दौरान शव को हटाने को लेकर पुलिस से परिजनों की नोकझोक भी हुई। हालाकि बाद में पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।पुलिस के मुताबिक मलिहाबाद के काकरा बाद गांव निवासी दीपांशु कई दिनों से आउटर रिंग रोड पर काम कर रहा था। बुधवार को साथियों के साथ मलहा गांव के पास सर्विस लेन पर काम करते वक्त यह हादसा हुआ। जब सड़क पर पानी छिड़काव करने वाला टैंकर से दीपांशु पीछे से निकल रहे पानी को पीने लगा। इस बीच एकाएक चालक ने टैंकर बैक कर दिया। मजदूर साथियों ने जबतक आवाज देकर चालक को रोकते टैंकर के पहिए नीचे दीपांशु आ गया था। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर दीपांशु के पिता बाबू, मां विलमा के साथ अन्य परिवारीजन और ग्रामीण पहुंचे। लापरवाही का आरोप लगाकर चालक की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। किसान नेता और भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष कमलेश समेत अन्य लोगों ने भी मजदूर के पक्ष में नारेबाजी की। बवाल बढ़ता देख पुलिस कर्मियों ने आक्रोशित भीड़ को समझाकर शांत कराया। ग्रामीणों के मुताबिक घटना स्थल पर पुलिस प्रशासन द्वारा उचित आश्वासन न मिलने पर जेहटा-माल रोड पर शव रख जाम लगाया। जहां स्थानीय नेताओं और पुलिस ने जल्द आरोपी चालक की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया गया।

### वारंटी पिता और पुत्र गिरफ्तार, भेजा जेल

**लखनऊ, चसं।** मोहनलालगंज पुलिस ने मारपीट व एससी, एसटी के मुकदमे में न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद से फरार चल रहे पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर न्यायालय घ्में पेश किया,जहां से दोनो को जेल भेज दिया गया। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया 2020 में मारपीट व एससी,एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में दर्ज मुकदमें में न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद से फरार चल रहे अभियुक्त नौमीलाल यादव व उसके बेटे दिनेश यादव निवासीगण कुंवरखेड़ा मजरा सुल्सामऊ थाना मोहनलालगंज को पुलिस टीम ने बुद्धवार को घर पर दाबिश गिरफ्तार किया।

## लोकसभा चुनाव में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की होगी अहम भूमिका : जेएन तिवारी

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

● 80 लाख से अधिक गरीब परिवारों से जुड़े हैं खाद्य रसद विभाग के कर्मी

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने कहा कि लोकसभा 2024 के चुनाव में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की भूमिका अहम होने जा रही है।

संयुक्त परिषद के पदाधिकारी मतदाता जागरण अभियान के माध्यम से प्रदेश के कर्मचारियों से सीधे संवाद स्थापित कर रहे हैं। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद से जुड़े हुए संगठन, विभिन्न फील्ड वर्कर्स एसोसिएशन, प्रदेश की ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के मतदाताओं से सीधे संपर्क में है। प्रदेश में कार्यरत ढाई लाख से अधिक आशा बहुएं प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायत के घर घर में घुसी हुई हैं।आशा बहू और ग्रामीण जनता, विशेष कर महिलाओं के साथ उनका कंफूसिया रिश्ता है। आशा बहुएं प्रजापत तंत्र में अपनी भूमिका के माध्यमसे चुनाव को कोई भी मोड़ दे पाने में सक्षम है। खाद्य रसद विभाग के कर्मचारी राशन वितरण के माध्यमसे प्रदेश के 80 लाख से भी अधिक गरीब परिवारों से सीधे जुड़े हुए हैं। गरीब परिवारों राशन वितरण एक महत्वपूर्ण कार्य है। इस कार्य के दौरान खाद्य रसद विभाग के कर्मचारी 80 लाख परिवारों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए लोकसभा चुनाव में निर्णायक भूमिका मे हो सकते हैं। समाज कल्याण एवं जनजाति विकास विभाग के आश्रम पद्धति विद्यालयों मे कार्यरत संविदा शिक्षक, माध्यम एवं गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे परिवारों के साथ सीधे जुड़े हुए हैं। आश्रम पद्धति विद्यालय, आवासीय विद्यालय हैं। इन विद्यालयों में आदिवासी ,जनजाति एवं समाज के निचले तबके के परिवारों के बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं। संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने अवगत कराया है कि इन बच्चों के माध्यमसे जनजाति विकास एवं समाज कल्याण विभाग में 1000 से भी संविदा शिक्षक संपूर्ण आदिवासी, जनजाति एवं अंत्योदय योजना के अंतर्गत जीवन यापन कर रहे परिवारों से सीधे जुड़े हुए हैं। यह शिक्षक भी राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मतदाता जागरूकता अभियान में सम्मिलित है। मुख्यमंत्री ने आउट सोर्स कर्मचारियों के लिए न्यूनतम मजदूरी तय करने की घोषणा किया था। कई वार्ताओं के कार्यवृत्त मे भी न्यूनतम मजदूरी तय करने का निर्देश लिखित रूप में आया है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद को उम्मीद थी कि आउटसोर्स कर्मचारी के न्यूनतम वेतन का निर्धारण चुनाव से पहले हो जाएगा परंतु मुख्यमंत्री की घोषणा अफसर शाही की भेंट चढ़ गई और यह आउटसोर्स कर्मचारी के लिए लॉलीपॉप होकर के रह गई। महिला एवं बाल विकास विभाग के हजारों की संख्या मे कर्मचारी राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मतदाता जागरूकता अभियान का हिस्सा हैं। महिला कल्याण विभाग द्वारा अनावश्यक रूप से 200 महिला कर्मचारियों को सेवा से अलग कर दिया। अपर मुख्य सचिव कार्मिक के साथ वार्ता में विभाग द्वारा यह कहा गया कि किसी कर्मचारी को सेवा से अलग नहीं किया गया है, परंतु स्थिति बिल्कुल उलट है। 200 महिला कर्मचारी आज रोजगार से बेदखल कर दिए गए हैं।

## केंद्र की सत्ता में एनडीए की वापसी नामुमकिन : शिवपाल

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

● सपा महासचिव ने संवाददाताओं से की बात

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने दावा किया है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की दिल्ली की सत्ता में वापसी नामुमकिन है। अपने गृह जिले इटावा में चौगुर्जी स्थित आवास पर बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में इंडिया समूह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बुरी तरह से हरा रहा है जिसके कारण केंद्र में एनडीए की अब वापसी की कोई उम्मीद नहीं है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं के इशारे पर विपक्षी राजनेताओं के खिलाफजिस तरीके से ईडी और सीबीआई के सहारे जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है उससे एनडीए गठबंधन के खिलाफ बड़े पैमाने पर जनाक्रोश सारे देश में फैला हुआ है यही जनाक्रोश एनडीए गठबंधन को सत्ता से बेदखल करने के लिए पर्याप्त समझा जा रहा है। यादव ने अपने बेटे आदित्य यादव के बदायूं संसदीय सीट से चुनाव मैदान में उतरने के सवाल पर कहा कि बदायूं की जनता ने मांग की है कि युवा नेता चाहिए है। जनता की मांग को सूचीबद्ध करके पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के सम्मुख भेज दिया गया है हालांकि फिलहाल बदायूं से वह खुद इंडिया समूह के उम्मीदवार है लेकिन जनता को मांग करने का हक है और जाहिर है कि जनता ने जो मांग की है उस पर अब सपा अध्यक्ष को निर्णय लेना है।

## उत्साह से मनाया ऋषभदेव जन्मकल्याणक महोत्सव

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**लखनऊ।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव (आदिनाथ) का जन्म कल्याणक महोत्सव बुधवार को श्री दिगम्बर जैन मन्दिर आशियाना में भक्तिभाव से मनाया गया।

जलाभिषेक एवं पूजनोपरांत 48 दीपों के साथ आदिनाथ का स्तवन भक्तामर स्त्रोत के साथ किया गया। सांय काल जैन महिला मण्डल की अध्यक्षा अल्पना जैन, उपाध्यक्ष डॉ. सविता जैन मंत्री ऋतु जैन के नेतृत्व में शिशु आदिनाथ पालना का आयोजन हुआ। महिला मण्डल के पदाधिकारियों सोनी जैन,राखी जैन, ज्योति जैन, सरिता जैन रिमझिम शाह, रीना जैन ,कौशल्या, प्रीति,अमिता और मीनू जैन ने भजन प्रस्तुत किये और पालना झुलाकर धर्म लाभ लिया। उ.प्र. जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. अभय कुमार जैन ने कहा कि तीर्थंकर ऋषभदेव ने अयोध्या के राजा के रूप में प्रजा को असि, मसि, कृषि, अक्षर और अंक ज्ञान शिल्प, वाणिज्य की शिक्षा देकर लौकिक जीवन जीने की कला सिखायी।

इस शुभ अवसर पर समिति के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश, मंत्री अजय जैन, कोषाध्यक्ष शरद कुमार, उपाध्यक्ष अखिलेश एवं जैन मिलन के अध्यक्ष संजीव जैन उपस्थित रहे।

### लोकसभा चुनाव को लेकर हिन्दू महासभा तैयार

**लखनऊ, चसं।** लोकसभा चुनाव को लेकर अखिल भारत हिन्दू महासभा पूरी तरह तैयार है। इन तैयारियों के बीच उत्तर प्रदेश के चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशियों में देवरिया से ताल ठोंक रहे अषोक कुमार श्रीवास्तव ने आज यहां कुर्सी रोड स्थित हिन्दू महासभा के प्रदेष कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी से मुलाकात कर चुनावी तैयारियों पर चर्चा की और बताया कि हिन्दू महासभा की नीतियों और विचारों को लेकर जन-जन तक पहुंचाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। पार्टी की ओर से नामांकन करने के लिये एबी फ ार्म टिकट लेने पहुंचे देवरिया प्रत्याशी के साथ मुलाकात के बाद प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में विभिन्न लोकसभा चुनाव क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे विभिन्न प्रत्याशियों ने प्रचार-प्रसार जोरों के साथ शुरू कर चुके है और पार्टी को पूरा भरोसा है कि इस बार लोकसभा चुनाव में हिन्दू महासभा बेहतर प्रभाव डालने में सफल होगी। श्री त्रिवेदी ने बताया कि कई सालों बाद हिन्दू महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे देशभर के विभिन्न राज्यों में पार्टी के प्रत्याशी चुनावी मैदान में ताल ठोंक रहे

## लोकसभा चुनाव कोई कोर कसर बाकी नहीं रखना चाहती बीजेपी

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

● सीएम आज जायेंगे मथुरा और गोरखपुर तो बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बुलन्दशहर और अलीगढ़

**लखनऊ।** बीजेपी लोकसभा चुनाव में कोई कोर कसर बाकी नही रखना चाहती है। हर मतदाता तक सीधे संपर्क में विश्वास रखती है। पार्टी संगठन के छोटे बड़े पदाधिकारियों ने जहाँ दौरे शुरू किये हैं, वही सीएम से लेकर विधायक तक,पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष से लेकर बूथ अध्यक्ष तक दिन रात एक किये हैं। आज ही देश के रक्षामंत्री और गृहमंत्री यूपी आये थे। मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री ,केंद्रीय मंत्री और सांसद विधायक जुटे हैं।

एक एक दिन में मुख्यमंत्री कई कई जनसभाओं को सम्बोधित कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 4 अप्रैल को मथुरा और गोरखपुर के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह 11:30 बजे मथुरा के सेठ बीएन पोद्दार इंका मथुरा में भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी की नामांकन सभा में सम्मिलित होंगे। इसके पश्चात दोपहर 02:20 बजे गोरखपुर में गोरखपुर बांस गांव और संतकबीरनगर लोकसभा की बैठक में मार्गदर्शन करेंगे।दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी कल 4 अप्रैल को बुलन्दशहर और अलीगढ़ के प्रवास पर रहेंगे।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी दोपहर 12:45 बजे दीवान रेजिडेंसी अनूपशहर बुलन्दशहर और सायं 4 बजे ग्राम बिसारा बरौली अलीगढ़ में आयोजित बैठकों में उपस्थित रहकर मार्गदर्शन करेंगे। वही प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक 4 अप्रैल को मऊ के प्रवास पर रहेंगे।श्री पाठक सुबह 11:45 बजे एस.आर प्लाजा भुजौटी, मऊ में आयोजित घोषी लोकसभा के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करेंगे। इसके अलावा केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा 4 अप्रैल को पीलीभीत में लोकसभा चुनाव में प्रचार हेतु प्रवास पर रहेंगे और विभिन्न कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। उधर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह 4 अप्रैल को मथुरा व मेरठ के प्रवास पर रहेंगे। स्वतंत्र देव सिंह मथुरा में सुबह 12 बजे भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी के नामांकन के अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करेंगे। श्री सिंह शाम 6 बजे मेरठ में लोकसभा संचालन समिति की बैठक में उपस्थित रहकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। इसके साथ ही कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह 4 अप्रैल को रामपुर के प्रवास पर रहेंगे।

धर्मपाल सिंह बानी बैंक्वेट हॉल, रामपुर में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करेंगे। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर 4 अप्रैल को हापुड़ के प्रवास पर रहेंगे।श्री राठौर गोशाला पक्का बाग, हापुड़ में आयोजित मेरठ लोकसभा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को दोपहर 3:30 बजे सम्बोधित करेंगे।

### रेलवे लाइन के पास मिला युवक का शव, लोगों ने हत्या की जताई आशंका

**लखनऊ, चसं।** बीकेटी के इटौंजा थाना इलाके में आज रेलवे लाइन के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव पड़ा मिला। इसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक की ट्रेन की चपेट में आने की शंका जताई और शिनाख्त करवाने का प्रयास किया। इस दौरान मौके पर पहुंचे उसके भाई ने युवक की शिनाख्त की है। युवक की पहचान अर्जुन पुत्र रमाकांत निवासी ग्राम लासा थाना इटौंजा के रूप में हुई। मृतक की शिनाख्त उसके भाई ने की भाई ने बताया कि मंगलवार शाम को नाराज होकर घर से निकला था।

अर्जुन जिसकी उम्र 25 वर्ष थी। अर्जुन नशे का भी आदी बताया जा रहा है। इटौंजा पुलिस ने मौके पर पहुंच कर बॉडी को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की। इटौंजा थाना प्रभारी मार्कंडेय यादव ने बताया कि युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने के चलते हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रथम दृष्टया लग रहा है कि किसी ने हत्या कर युवक को ट्रेन की चपेट में मौत की घटना दिखाने का प्रयास किया है।

**केवल बातों से इतिहास में कोई वास्तविक परिवर्तन कभी हासिल नहीं हुआ है। यह हमारा कर्तव्य है कि हम अपनी आजादी के लिए खून बहायें। आजादी जिसे हम अपने बलिदान और परिश्रम के माध्यम से पाएंगे, हम अपनी ताकत से देश की रक्षा करने में सक्षम होंगे : सुभाष चंद्र बोस**

# संपादकीय

## प्राकृतिक खेती एक बेहतरीन शुरूआत

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात से ही भारत को कृषि प्रधान देश के रूप में जाना जाता है। कई किसान पृष्ठभूमि से जुड़ी विभूतियां देश के शीर्ष राजनीतिक पद तक पहुंचीं, मगर उस समय देश की आर्थिकी बहुत कमजोर थी। कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए ज्यादा उत्पादन संभव नहीं था। आज हमारा देश चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर है। विश्व भर के हर कार्य क्षेत्र में भारतीय प्रतिभाएं अपनी चमक बिखेर रही हैं। आज देश के 58 फीसदी लोग कृषि पर निर्भर हैं। 10.07 करोड़ परिवार यानी देश के 48 फीसदी परिवार कृषि करते हैं। विश्व के 70 प्रतिशत लोग गैर कृषि व्यवसाय से जुड़े हैं। कम समय में ज्यादा पैसा कमाना भी सामाजिक परिवेश व सामाजिक मनोदशा के परिवर्तन का एक कारक है। कृषि के क्षेत्र में ज्यादा पैदावार की चाह हर किसान रखता है, जिसके कुछ कारण भी हैं। कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न तरह की रासायनिक खादें, कीटनाशक दवाइयां व कृषि यंत्र महंगे होते जा रहे हैं। आज कृषि क्षेत्र में खुद कार्य करने वाले किसान नाममात्र के ही रह गए हैं, बाकी सब कृषि यंत्रों, खेतों में कार्य करने वाले श्रमिकों व कृषि में प्रयुक्त होने वाले रसायनों पर निर्भर हैं। सब कुछ दिन प्रतिदिन महंगा होता जा रहा है और अनाज के दाम जस के तस बने हुए हैं। वर्ष भर मेहनत करने वाले किसान फसल बेचकर कई बार उत्पादन खर्च भी पूरा नहीं कर पाते और आमदनी बढ़ाने के लिए वे फसल के ज्यादा उत्पादन की चाह में प्राकृतिक खेती से दूर होते जा रहे हैं। कुछ प्रभाव दीर्घकालिक होते हैं। पहले मनुष्य की औसत आयु 80-90 वर्ष होती थी, मगर वर्तमान परिप्रेक्ष्य में 60 से 70 वर्ष भी बमुश्किल है। वजह थी प्राकृतिक खेती और रसायनमुक्त अनाज। आज के रसायनयुक्त अनाजों से बहुत सी जटिल बीमारियों ने इन्सान को जकड़ रखा है। कहते हैं कि पृथ्वी गोल है और इन्सान तेजी से ज्यादा धन कमाने की चाह में आगे से आगे बढ़ता जा रहा है। किसान बेचारा कहीं पीछे भी रह जाता होगा, क्योंकि बिचौलिए कमाने की चाह में हमेशा आगे निकल जाते हैं। आखिर में इनसान वहीं पहुंच जाएगा जहां से यात्रा शुरू की थी, यानी अब इन्सान को प्राकृतिक खेती के महत्त्व का एहसास होने लगा है। हिमाचल प्रदेश सरकार की 'प्राकृतिक खेती खुशहाल योजना' एक अच्छी शुरुआत है जिसके तहत प्रदेश की 3226 पंचायतों में से 2934 पंचायतों के 72193 परिवारों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस योजना हेतु 25 लाख रुपए के बजट का प्रावधान है जो कि नाकाफी है।

पशुपालन हेतु भी किसानों को शुरुआती दौर में आर्थिक प्रोत्साहन की आवश्यकता है, अन्यथा कुछ मजबूरीवस व कुछ स्वार्थ के चलते पशुधन से दूर होते जा रहे हैं और बेचारे पशु इनसान के इस अमानवीय स्वभाव के चलते आवारा बनने को विवश हैं। पशुओं के आवारापन की दिशा में भी कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है। गोबर जैसे प्राकृतिक जैविक पदार्थों की बहुमूल्यता को बनाए रखकर भी लोग पशुओं से जुड़े रहेंगे। गांव में प्राकृतिक खेती में काम आने वाले अदानों की आपूर्ति हेतु संसाधन भंडार के लिए 10000 रुपए की सहायता शीघ्रता से किसान समूह बनाकर उपलब्ध करवाई जाए। गौशाला के फर्श पक्का कर गौमूत्र इकट्ठा करने के लिए गड्ढा बनाने हेतु भी सरकार ने बजट का प्रावधान किया है, वह भी शीघ्रता से किसानों को मिले व भारतीय नस्ल की गाय की खरीद पर 50 फीसदी और अधिकतम 25000 रुपए के उपदान को जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाए।

# सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव को पिलाया कानून का काढ़ा

> निर्वाचित विरोधी दलों की राज्य सरकारों को ऑपरेशन लोटस के नाम पर गिराने या अल्पमत होने के बाद भी अपनी सरकारें बनाने वाले मोदी चाहे इसी साक्षात्कार में कहते रहें कि सरकार अपनी एजेंसियों को कभी निर्देशित नहीं करती, पर अब हर कोई जानता है कि लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया यानी कि चुनाव ही गहन संदेहों के घेरे में है। उसका आयोजन करने वाले केन्द्रीय निर्वाचन आयोग की कार्यपद्धति पर भी कई सवालिया निशान हैं। भाजपा की सुविधा के अनुरूप चुनावी कार्यक्रम बनाने से लेकर अपनी सभी तरह की कार्रवाइयों में भाजपायी व गैर भाजपायी दलों के बीच भेदभाव करने के चलते निर्वाचन आयोग ने भी देश में लोकतंत्र को कमजोर किया है।

मीडिया के ही नहीं, अमूनन सभी तरह के सवालों से बचकर रहने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को एक तमिल न्यूज चौनल को साक्षात्कार देकर सभी को चौंका दिया। लोग आश्चर्यचकित इसलिये तो हैं ही कि मोदी ने मीडिया से बात की, इस बात से कहीं अधिक चकित हैं कि उन्होंने ऐसी योजना पर अपनी पीठ थपथपाई है जिसे देश के सर्वोच्च न्यायालय ने असंवैधानिक करार दिया है। कायदे से ऐसी योजना पर तो किसी भी देश के पीएम को शर्मिंदगी होनी चाहिये और देश से माफी मांगनी चाहिये थी कि उन्होंने ऐसी योजना लाई जिसके बारे में न्यायपालिका का सर्वोच्च मंच ऐसा मानता है।

बहरहाल, अपने दस वर्षीय कार्यकाल की समापन बेला में खड़े मोदी की केवल इस बात के लिये तारीफ नहीं करनी चाहिये कि उन्होंने एक विवादास्पद योजना इलेक्टोरल बॉन्ड्स पर बात की है क्योंकि अब तक देश ने उनके आम खाने के तरीके, जेब में बटुवा रखने या न रखने, 18-18 घंटे काम करने के बावजूद न थकने का रहस्योद्घाटन करने, पसीने से चेहरे को चमकाने का राज बताने या फिर मगरमच्छ पकड़कर घर ले आने जैसे अपने हैरतअंगेज कारनामे बतलाते हुए ही देखा-सुना है। अपवादस्वरूप सुप्रीम कोर्ट के दबाव में मणिपुर की घटना पर कुछ मिनटों का बयान या अमेरिका की मीडिया कांफ्रेंस में पत्रकार बिरादरी से एकमात्र सवाल लेने वाले मोदी अगर किसी ज्वलंत विषय पर लम्बी बात करते हैं तो स्वाभाविकतरू उसके मायने समझने की जरूरत है। मोदी के साक्षात्कार की कुछ बातें जो रेखांकित किये जाने योग्य हैं, उनमें से पहला तो उनका यह कहना कि जो लोग आज इलेक्टोरल बॉन्ड्स को लेकर नाच रहे हैं वे कल पछताएंगे। सवाल यह है कि उनका इशारा किसकी ओर है? क्या सुप्रीम कोर्ट की ओर उनका संकेत है या फिर उसे चेतावनी? ऐसा इसलिये क्योंकि इस योजना से भाजपा को छोड़कर कोई भी नाच नहीं रहा था। विपक्षी दलों से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक सभी नाराज थे, सो उनमें से किसी के नाचने का सवाल ही नहीं। उल्टे, इसे लेकर लोगों की चिंता यही थी कि यह योजना काले धन को सफेद करने तथा अपने कारोबार के लिये शासकीय कृपा पाने का माध्यम बन गई थी। अब तो इस बाबत जो जानकारियां सामने आ रही हैं वे भी यही बतलाती हैं कि योजना एक तरह से सरकारी वसूली का तंत्र बन गया था। फिर, इसमें पैसा इकत्र्ा करने के लिये जांच एजेंसियों को भी लगा दिया गया था। यह भी आश्चर्य की बात है कि अगर चुनावी बॉन्ड्स की यह ऐसी ही शानदार योजना थी तो उसका विवरण देने में आनाकानी क्यों की जा रही थी? सुप्रीम कोर्ट के मांगने पर भारतीय स्टेट बैंक ने चार माह का समय मांगा था। फटकार पड़ने पर वही जानकारी दो-तीन दिनों में ही उपलब्ध हो गई और केन्द्रीय चुनाव आयोग ने उसे अपनी वेबसाइट पर डाल भी दिया। यह अलग बात है कि अब एक से बढ़कर एक किस्से सामने आ रहे हैं जिनसे पता चलता है कि कैसे उद्योगपतियों एवं कारोबारियों को जांच एजेंसियों के माध्यम से धमकाकर या जेलों का डर दिखलाकर उनसे चंदा लिया गया। यह भी पता चलता है कि जिन लोगों ने भाजपा को चंदा दिया उन्हें ठेके या छूटें दी गयीं। उसी साक्षात्कार में मोदी का दावा था कि श्इस योजना के कारण आज चंदे के स्रोत पता चले हैं जबकि पहले की सरकारों में पता ही नहीं चलता था कि किनसे सियासी दलों को चंदा मिलता था।श् मोदी का अगर ऐसा पुनीत उद्देश्य था तो आखिर स्टेट बैंक के साथ व्यवसायिक महासंघों को क्या आपत्ति थी कि उन लोगों की जानकारी न दी जाये जिन्होंने ये बॉन्ड्स खरीदे हैं। अगर मोदी पारदर्शिता के इतने ही हिमायती हैं तो वे क्या वे पीएम केयर फंड की भी सारी जानकारी को सार्वजनिक करेंगे? लोग इस बात को कैसे भूल सकते हैं कि इसी सरकार ने चुनावी फंड्स की ही तरह केयर फंड सम्बन्धी जानकारी को भी लोगों से अछूता रखने के प्रावधान कर रखे हैं। वैसे अब तो सूचना के अधिकार और उसके साथ संस्थाओं के अधिकारियों को इतना कमजोर कर दिया गया है कि कोई सामान्य सी जानकारी लेने में भी पापड़ बेलने पड़ते हैं। यह भी नहीं भूलना चाहिये कि चुनावी बॉन्ड्स खरीदकर राजनीतिक दलों को आर्थिक मदद देने वालों के बाबत यानी धन के स्रोत जो पता चले हैं उसका श्रेय मोदी या उनकी सरकार को नहीं वरन उच्चतम न्यायालय को जाता है जिसने सम्बन्धित पक्षों के कान पकड़कर उनसे जानकारी ली और जनता तक उसके पहुंचने के प्रबन्ध किये हैं। इंटरव्यू में मोदी से पूछा गया कि क्या उन्हें इलेक्टोरल बॉन्ड्स योजना लाने का पछतावा है और भाजपा को इससे शर्मसार होना पड़ा है? मोदी कहते हैं कि आखिर मैंने ऐसा क्या किया है कि जिसका मुझे पछतावा हो या जिसके चलते भाजपा को शर्मिंदगी उठानी पड़े? उनके इस जवाब से स्पष्ट हो जाता है कि मोदी न तो पारदर्शिता के प्रति गम्भीर हैं, न उन्हें लोकतांत्रिक तकाजों का एहसास है, न वे नैतिकता के हिमायती हैं और न ही चुनावी सुधार में उनकी दिलचस्पी है। अब तो साफतौर पर यह भी सामने आ गया है कि सरकारी जांच एजेंसियों और निर्वाचन आयोग के बल पर भाजपा न सिर्फ मालामाल हुई है बल्कि उनके बल पर उसने बड़ी संख्या में दलबदल करा कर देश भर में राजनैतिक अराजकता फैलाई है। निर्वाचित विरोधी दलों की राज्य सरकारों को ऑपरेशन लोटस के नाम पर गिराने या अल्पमत होने के बाद भी अपनी सरकारें बनाने वाले मोदी चाहे इसी साक्षात्कार में कहते रहें कि सरकार अपनी एजेंसियों को कभी निर्देशित नहीं करती, पर अब हर कोई जानता है कि लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया यानी कि चुनाव ही गहन संदेहों के घेरे में है। उसका आयोजन करने वाले केन्द्रीय निर्वाचन आयोग की कार्यपद्धति पर भी कई सवालिया निशान हैं। भाजपा की सुविधा के अनुरूप चुनावी कार्यक्रम बनाने से लेकर अपनी सभी तरह की कार्रवाइयों में भाजपायी व गैर भाजपायी दलों के बीच भेदभाव करने के चलते निर्वाचन आयोग ने भी देश में लोकतंत्र को कमजोर किया है। सरकार के ईवीएम के प्रति प्रेम का कारण सभी जानते हैं। यह भी सवाल है कि आखिर मोदी ने दक्षिण भारत के एक चौनल से ही संवाद करना क्यों पसंद किया जबकि उसका पिछलग्गू मीडिया तो दिल्ली में बैठा हुआ है और उनके समर्थकों का प्रमुख क्षेत्र हिन्दी हार्ट लैंड कहलाने वाला प्रखंड तकरीबन एक दर्जन राज्यों में फैला है। इसकी बजाये दक्षिण भारत में बैठकर मोदी अपने लोकतांत्रिक कृत्यों को ऐसे वक्त पर तर्कसंगत बतला रहे हैं जब तमाम तरह के अनुमान, विश्लेषण एवं ओपिनियन पोल कह रहे हैं कि दक्षिण भाजपा का सूपड़ा साफहोना लगभग तय है। इसके विपरीत भाजपा की उम्मीद है कि उसका 370 तथा गठबन्धन (एनडीए) के साथ मिलकर 400 पार का नारा वह दक्षिण के बल पर हासिल करेगी। **:: एजेंसी**

# नकारात्मक विज्ञापन का गवाह बन सकता है 2024 का चुनाव अभियान

**2024** भारत, अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ, मैक्सिको और दक्षिण अफ्रीका जैसे 64 देशों में चुनावी वर्ष है। दुनिया भर में राजनीतिक विज्ञापन बढ़ रहा है। राजनीतिक दल और उम्मीदवार अक्सर खुद को बेहतर और अपने विरोधियों को कमजोर दिखाने के लिए नकारात्मक अभियानों का इस्तेमाल करते हैं। 1828 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के बाद से पार्टियों ने नकारात्मक प्रचार का उपयोग किया है। इतिहासकारों का कहना है कि जॉनक्विंसी एडम्सखएंड्रयूजैक्सन प्रतियोगिता सबसे घटिया थी। 1964 में, लिंडनजॉनसन ने 'डेजी विज्ञापन' सहित रेडियो विज्ञापनों का उपयोग करके अपने प्रतिद्वंद्वी बैरी गोल्डवाटर को बदनाम किया। डोनाल्ड ट्रम्प ने एक विज्ञापन प्रसारित किया जिसमें उनकी प्रतिद्वंद्वी हिलेरी क्लिंटन को 2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति अभियान के दौरान सार्वजनिक रूप से गिरते हुए दिखाया गया था। 2020 के चुनाव में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रंप और जो बाइडेन नकारात्मक प्रचार में लगे हुए हैं। ट्रम्प ने बाइडेन की मानसिक क्षमताओं की आलोचना की, जबकि बाइडेन ने ट्रम्प के कोविड-19 से निपटने में घटिया कार्यनिष्पादन और उनके चरित्र पर हमला किया। 2024 में भी नकारात्मक विज्ञापन जारी रहेंगे। कंजर्वेटिव पार्टी ने 2019 यूके आम चुनाव के दौरान जेरेमीकॉर्बिन को एक महत्वपूर्ण सुरक्षा खतरे के रूप में चित्रित किया। 2021 के जर्मन संघीय चुनाव में, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करते समय हँसते हुए आर्मिनलाशेट की छवियों का उपयोग करके उन पर निशाना साधा। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय परिदृश्य पर उभरने के बाद से, चुनाव अभियान के दौरान प्रौद्योगिकी का उपयोग और विज्ञापन खर्च में भारी वृद्धि हुई है। नेताओं को अब खुद को प्रस्तुत करने, प्रभावी ढंग से संवाद करने और प्रभावी भाषण देने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।

बसपा प्रमुख मायावती को बताया गया कि उन्हें क्या पहनना है। क्षेत्रीय नेताओं ने विदेशी एजेंसियों को भी नियुक्त किया है। उदाहरण के लिए, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन को मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए जींस और टी-शर्ट पहनने को कहा गया। दिवंगत कांग्रेस नेता राजीव गांधी 1989 का चुनाव गली-गली में शोर है, राजीव गांधी चोर है जैसे शत्रुतापूर्ण प्रचार नारों के कारण हार गये। बोफोर्स घोटाले ने उन्हें पद से हटा दिया क्योंकि विपक्षी दलों ने उन्हें हथियार बनाने वाली कंपनी से रिश्वत लेने के रूप में पेश करने का माहौल बनाया था। पहले मारो, जोर से मारो और मारते रहो दृष्टिकोण अपनाने वाले उम्मीदवार व्यक्तिगत हमलों और डर की रणनीति में शामिल होते हैं। दस साल के शासन के बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सभी समस्याओं के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराना बंद नहीं किया है।

> मोदी 2024 में 400 से अधिक सीटें जीतने की आकांक्षा रखते हैं। पिछले साल, भाजपा ने मोदी के प्रचार का एक एआई-जनरेटेड वीडियो तैयार किया था। कांग्रेस पार्टी ने फुटेज का मजाक उड़ाया और जवाबी कार्रवाई के लिए अपनी डिजिटल छवि का इस्तेमाल किया। यह वीडियो, जिसमें एक बिजनेस टाइकून को संसाधनों की चोरी करने का प्रयास करते हुए दिखाया गया है, जिसे 15लाख से अधिक बार देखा गया है। चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों के बावजूद, 2024 के चुनावों में संभवतरू अधिक नकारात्मक अभियान रणनीतियां दिखाई देंगी।

चुनाव आयोग उम्मीदवारों के खर्च को सीमित करता है, लेकिन कई राजनीतिक दल और उम्मीदवार तय राशि से कहीं ज्यादा खर्च करते हैं। वे मतदाताओं का समर्थन जीतने के लिए फोन, नकदी और अवास्तविक वायदे जैसे रिश्वत की पेशकश करते हैं। तमिलनाडु के एक स्वतंत्र उम्मीदवार ने प्रत्येक गृहिणी को चंद्रमा की यात्रा और एक रोबोट देने का भी वादा किया, लेकिन वह जीत नहीं सके। भारत के 2024 के लोक सभा चुनावों के लिए विज्ञापन की लागत 2000 करोड़ रुपये से 13000 करोड़ रुपये के बीच हो सकती है। अनुमान है कि राजनीतिक दल और उम्मीदवार विज्ञापन पर 14.4अरब ( 12 खरब रुपये ) से अधिक खर्च कर सकते हैं, जो 2019 के चुनावों के दौरान खर्च की गई राशि से दोगुना है। राजनीतिक उम्मीदवार अपने अभियान के लिए धन कहां से प्राप्त करते हैं? आमतौर पर, कुछ धनी उम्मीदवार स्व-वित्तपोषण करते हैं, जबकि पार्टी दूसरों के लिए खर्च करती है। पार्टियों की कोई खर्च सीमा नहीं है। हालांकि, समय के साथ काला धन भी मैदान में आ गया है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने पारदर्शिता की कमी के कारण चुनाव बांड पर प्रतिबंध लगा दिया है। भाजपा को कुल बेचे गये बांड का 57 फीसदी मिला, जिसकी कीमत 1.1 अरब डॉलर थी, जबकि कांग्रेस को केवल 10 फीसदी मिला, जिसका मूल्य 1880 लाख डॉलर था। हालांकि पार्टियां सत्ता में आने के लिए कोई भी तरीका अपनाती हैं, लेकिन कुछ अभियान सफल होते हैं जबकि अन्य विफल हो जाते हैं। किसी नकारात्मक अभियान विज्ञापन की प्रभावशलिता उसकी सामग्री, संदर्भ और दर्शकों की विशेषताओं पर निर्भर करती है। प्रधानमंत्री वाजपेयी का 2004 का इंडिया शाइनिंग करोड़ों रुपये का अभियान एक असफल अभियान का उत्कृष्ट उदाहरण है। कांग्रेस का 2019 का चौकीदार चोर है अभियान का नारा विफल रहा, और राफेल घोटाले पर राहुल गांधी का मोदी पर हमला भी सफल नहीं हुआ। हालांकि, 2004 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी का श्आम आदमीश् अभियान सफल रहा। 2014 में नरेंद्र मोदी ने खुद को एक राष्ट्रीय ब्रांड के रूप में पेश करके खुद को एक मजबूत राष्ट्रवादी नेता में बदल लिया। उन्होंने 3डी रैलियों, चाय पे चर्चा, साक्षात्कार और अभियान यात्राओं सहित जनसमूह को संगठित करने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग किया। यूट्यूब ने राजनीतिक दलों को 30-सेकंड के टीवी विज्ञापनों और लंबे ऑनलाइन वीडियो का उपयोग करके विज्ञापन देने में सफलतापूर्वक सक्षम बनाया है। संक्षेप में, वह कांग्रेस को कोसने से मतदाताओं को आकर्षित करने में सफल रहे। आम आदमी पार्टी, एक नई राजनीतिक पार्टी, 2013 के दिल्ली विधानसभा चुनावों के दौरान एक मजबूत दावेदार के रूप में उभरी। उन्होंने मोहल्ला अभियान, सोशल मीडिया और आप प्रमुख केजरीवाल वाले रेडियो विज्ञापन का इस्तेमाल किया। आज यह पार्टी पंजाब और दिल्ली दोनों जगह सत्ता में है। 2019 के राजनीतिक अभियान में सभी दलों ने नकारात्मक रणनीति का इस्तेमाल किया। विपक्ष ने भाजपा के हिंदुत्व से प्रेरित कार्यक्रमों की आलोचना की। फिर भी, भगवा पार्टी बढ़ी हुई सीटों के साथ सत्ता में वापस आ गई।

# संस्थागत निष्पक्षता लोकतंत्र की मजबूती

किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता इस बात पर निर्भर करती है कि राष्ट्रीय चुनावों में विपक्षी दलों को मुकाबले में चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता के साथ कितने समान अवसर मिलते हैं। हाल के दिनों में पार्टी के बकाया कर मामले में कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि उसके खाते सील होने के चलते उसे चुनाव लड़ने में दिक्कत हो रही है। वह अपने प्रत्याशियों को हवाई टिकट नहीं दे पा रही है। यह भी कि वह बड़ी चुनावी रैलियां नहीं कर पा रही है। आरोपों की तार्किकता और देश में सबसे लंबे समय तक राज करने वाली पार्टी का वित्तीय प्रबंधन अपनी जगह है, लेकिन किसी भी मुकाबले का नैतिक नियम यही है कि चुनावी मुकाबले में हर राजनीतिक दल को बराबर का अवसर दिया जाए। बहरहाल, अब केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को वचन दिया है कि जुलाई तक आयकर विभाग कांग्रेस से बकाया तीन हजार पांच सौ करोड़ से अधिक के कर वसूलने के बाबत कोई भी कठोर कदम उठाने से परहेज करेगा। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में कुछ ही हफ्ते बाकी रह गये हैं।

वहीं दूसरी ओर कांग्रेस को राहत देने के चलते यह प्रकरण कर मामलों के राजनीतीकरण के बाबत प्रासंगिक प्रश्न भी उठाता है। यही वजह है कि कांग्रेस समेत विपक्षी दल आरोप लगाते रहे हैं कि सत्तारूढ़ दल 'कर आतंकवाद' के जरिये राजनीतिक लाभ उठाने के लिये राज्यतंत्र का दुरुपयोग कर रहा है। यह प्रकरण इन्हीं आरोपों की कड़ी को विस्तार देता है। निश्चित रूप से, बार-बार आयकर विभाग की चेतावनी और ठीक चुनाव से पहले कांग्रेस के फंड पर रोक कई सवालों को जन्म देती है। जो किसी भी स्वतंत्र लोकतंत्र की पारदर्शी व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाता है क्योंकि ऐन चुनाव के वक्त पार्टी फंड पर रोक लगाने से कोई भी राजनीतिक दल चुनाव प्रचार अभियान में पंगु हो जाता है। जो किसी भी लोकतंत्र के लिये शुभ संकेत कदापि नहीं कहा जा सकता।

बहरहाल, चुनाव के कुछ समय बाद तक आयकर बकाया मामले में कांग्रेस के खिलाफआयकर विभाग द्वारा कोई कार्रवाई न करने का वायदा निश्चित रूप से कांग्रेस को तात्कालिक वित्तीय दबाव से कुछ राहत जरूर देगा। लेकिन यह कदम कर कानून प्रवर्तन में निष्पक्षता और पारदर्शिता की अंतर्निहित चिंताओं का समाधान प्रदान नहीं करता है। निश्चित रूप से ऐसे मामलों में निष्पक्ष रूप से निर्णय लेने में न्यायपालिका की भूमिका कानून के शासन को स्थापित करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हो जाती है। इसी आरोप-प्रत्यारोप वाले राजनीतिक परिदृश्य में बीते रविवार को दिल्ली में इंडिया गठबंधन द्वारा आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ रैली' हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों को देश के जनमानस के सामने रखती है। विपक्षी नेताओं का आरोप रहा है कि असहमति की आवाज को दबाने के लिये सत्तारूढ़ दल सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रहा है। नेताओं ने विपक्षी नेता अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को राजनीतिक दुराग्रह से की गई कार्रवाई के रूप में दर्शाया है। बहरहाल, विपक्षी गठबंधन में तमाम अंतर्विरोधों के बावजूद सरकारी एजेंसियों द्वारा विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार करने के मुद्दे ने विपक्षी दलों में प्राणवायु का संचार किया है। इसी मुद्दे को लेकर संयुक्त मोर्चा जन समर्थन जुटाना चाहता है। वहीं दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन के सहयोगियों ने चुनाव आयोग से मांग की है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान सरकारी एजेंसियों की कार्रवाई पर रोक लगे। वहीं कथित चुनावी कदाचार की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में की जाए। यानी चुनाव प्रक्रिया के दौरान संस्थागत निष्पक्षता से ही लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी।

# बेशर्म चीन की बेहयाई !

अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीन 2003 से ही अनर्गल दावे ठोकते आ रहा है और भारत के अभिन्न अंग को अपना भौगोलिक हिस्सा बताने की हिमाकत करता आ रहा है। भारत सरकार ने हर बार इसका माकूल जवाब देने की कोशिश की है परन्तु चीन अपनी हरकतों से बाज आने का नाम नहीं लेता। यह अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों के नाम बदल कर उनका चीनीकरण करना चाहता है और दुनिया को बताना चाहता है कि ये इलाके उसकी क्षेत्रीय संस्कृति के अंग रहे हैं।

हकीकत तो यह है कि अरुणाचल से लगा तिब्बत भी चीन का सांस्कृतिक हिस्सा नहीं है क्योंकि यहां की बौद्ध संस्कृति सदियों से भारतीय समन्वित संस्कृति का हिस्सा रही है। कैलाश मानसरोवर झील इसी तिब्बत में स्थित है जिसकी तीर्थ यात्रा पर हजारों भारतीय हर वर्ष जाते हैं परन्तु 2003 में भारत की तत्कालीन वाजपेयी सरकार से एक ऐतिहासिक गलती हुई कि इसने तिब्बत को चीन का स्वायत्तशासी अंग स्वीकार कर लिया जबकि इससे पहले तक भारत का रुख तिब्बत के बारे में अलग था और यह इसे स्वायत्तशासी स्वतन्त्र देश के रूप में मान्यता देता था जिसकी निर्वासित सरकार भारत के हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला शहर में ही बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा के नेतृत्व में काम करती थी। 2003 में वाजपेयी सरकार ने जब तिब्बत को चीन का अंग स्वीकार किया तो बदले में चीन ने सिक्किम प्रान्त को भारत का हिस्सा स्वीकार कर लिया मगर इसके तुरन्त बाद अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा ठोकना शुरू कर दिया। इस वर्ष चीन ने अपना एक मानचित्र प्रकाशित किया जिसमें पूरे अरुणाचल को चीन का हिस्सा दिखाया गया। इसे लेकर तब भारत की संसद में बहुत शोर-शराबा हुआ और वाजपेयी सरकार ने चीन को कड़ा विरोध पत्र लिखा लेकिन इसके बाद 2004 में जब केन्द्र में सत्ता बदल हुआ और डा. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में यूपीए सरकार काबिज हुई तो उसके तुरन्त बाद अरुणाचल को चीन ने पुनः अनर्गल दावे करने शुरू कर दिये और इस राज्य में भारत सरकार द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों पर आपत्ति उठानी शुरू कर दी तथा भारतीय नेताओं के अरुणाचल दौरों का भी विरोध करना शुरू किया जिसका भारत की ओर से कड़ा जवाब दिया गया और कहा गया कि अरुणाचल प्रदेश सांस्कृतिक व ऐतिहासिक रूप से हमेशा से भारत का ही अंग रहा है जिस पर चीन का दावा पूरी तरह गलत व बनावटी है और यह उसकी विस्तारवादी सोच का नतीजा है परन्तु 2003 में जब वाजपेयी सरकार ने तिब्बत को चीन का अंग स्वीकार किया था तो दोनों देशों के बीच एक सैद्धांतिक समझौता हुआ था कि भारत व चीन के बीच सीमा विवाद को निपटाने के लिए एक उच्च स्तरीय कार्यदल का गठन किया जायेगा जिसमें भारत की ओर से इसके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार होंगे और चीन की ओर से उनके समकक्ष मन्त्री होंगे। भारत में सरकार एक सतत् प्रक्रिया होती है अतः 2004 में केन्द्र में मनमोहन सरकार के गठित हो जाने पर इस समझौते पर अमल शुरू हुआ और कार्यदल ने अपना काम करना शुरू कर दिया। 2005 में गठित इस कार्यदल की अभी तक 29 बैठकें हो चुकी हैं मगर नतीजा ढाक के तीन पात रहा है। मगर मनमोहन सरकार में रक्षामन्त्री व विदेश मन्त्री रहे स्व. प्रणव मुखर्जी ने बहुत दूरदर्शिता का परिचय देते हुए चीन को इस फार्मूले पर सहमत कर लिया था कि दोनों देशों के सीमा क्षेत्रों में जो स्थान जिस देश की प्रशासनिक व्यवस्था के तहत चल रहा हो वह उसी का अंग माना जायेगा। इसकी वजह यह थी कि चीन सीमा क्षेत्रों को लेकर बार-बार अवधारणा का प्रश्न उठाता था जिसकी वजह से उसकी फौजें भारत के नियन्त्रण क्षेत्रों में अतिक्रमण कर देती थीं। अरुणाचल प्रदेश जिसे 1962 तक नेफा कहा जाता था वहां भारत की आजादी के बाद से ही शुरू से भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था बहुत मजबूत रही है और यहां के लोग न केवल हिन्दी जानते और बोलते हैं बल्कि स्वयं को पक्का भारतीय भी मानते हैं परन्तु चीन से लगे इलाकों में बौद्ध संस्कृति का बाहुल्य है जो कि भारत की मिश्रित संस्कृति का ही अभिन्न अंग है। चीन द्वारा अरुणाचली स्थानों का नाम बदलने के पीछे असली कारण यही है कि वह येन-केन-प्रकारेण इन्हें अपना बताने की जुगत बैठा सके। हाल ही में उसने अरुणाचल के तीन स्थानों के नाम बदल दिये हैं जिनमें 11 रिहायशी बस्तियां, 12 पर्वतों के नाम, 4 नदियों के नाम, एक तालाब व एक पहाड़ी रास्ता शामिल है। सवाल यह है कि इन जगहों या नदियों-पहाड़ों के नाम बदलने से क्या हासिल होगा? ये स्थान रातोंरात भारतीय सीमा से बदल कर चीन की सीमा में तो नहीं चले जाएंगे। मगर चीन समझता है कि ऐसा करने से अरुणाचल के इन हिस्सों पर उसका दावा पक्का हो जायेगा। यही सोचकर वह लगातार अरुणाचल के इलाकों में कुछ नई बस्तियां भी बसा रहा है। **:: चर्चित डेस्क**

> 2005 में गठित इस कार्यदल की अभी तक 29 बैठकें हो चुकी हैं मगर नतीजा ढाक के तीन पात रहा है। मगर मनमोहन सरकार में रक्षामन्त्री व विदेश मन्त्री रहे स्व. प्रणव मुखर्जी ने बहुत दूरदर्शिता का परिचय देते हुए चीन को इस फार्मूले पर सहमत कर लिया था कि दोनों देशों के सीमा क्षेत्रों में जो स्थान जिस देश की प्रशासनिक व्यवस्था के तहत चल रहा हो वह उसी का अंग माना जायेगा।

# आज का राशिफल

**मेषः-** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्ट का वातावरण रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्यो के प्रति आलस्य न करें, नुकसान हो सकता है।

**वृषभः-** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ति में असमर्थता जैसी पूर्वाग्रह मन में निराशा पैदा करेगी। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**मिथुनः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्यो में न गंवायें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बिमार पड़ सकता है।

**कर्कः-** सब कुछ सामान्यतः ठीक होते हुए भी मन में अरुचितकर लगेगा। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट होगा। पिता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**सिंहः-** पुराने गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनावें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें।

**कन्याः-** प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव उन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित हो सकता है। कल्पनाओं में जीना छोड़ कर भौतिक जगत के अनुरूप चलने का प्रयास करें।

**तुलाः-** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन मौज मस्ती समय व्यर्थ कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम तीव्र होगा।

**वृश्चिकः-** नये घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन अत्यंत प्रसन्न होगा। नये कार्यो के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न शील बनें।

**धनुः-** नए क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव है। समस्याओं के समाधान से उत्साह में बृद्धि होगी। नए सम्बन्धों के सहयोग से आर्थिक कठिनाईयां दूर होंगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकरः-** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ति में असमर्थता जैसी पूर्वाग्रह मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव पहुंच सकता है।

**कुम्भः-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिया गया निर्णय से पश्चाताप का कारण बन सकता है। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**मीनः-** मन को सकारात्मक दिशा प्रदान करें। भाग्य से प्राप्त अच्छे-बुरे सभी परिस्थितियों के साथ समझौतावादी बनें। अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें।

राशि रत्न

## शिक्षा ही जीवन का आधार : बीईओ

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**हरदोई।** विकास खण्ड सांडी के उच्च प्राथमिक विद्यालय औरैनी में प्रवेश उत्सव व विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें खण्ड शिक्षा अधिकारी सपना रावत द्वारा छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए सुश्री रावत ने कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है व जीवन के सर्वांगीण विकास की प्रमुख कड़ी है। शिक्षक अभिभावक मिलकर बच्चों का पथ प्रदर्शन करें जिससे वे एक श्रेष्ठ नागरिक बन सके। कार्यक्रम में एआरपी अभय यादव,शैलेंद्र कुमार,आदर्श कुमार,रंजीत सिंह,चमेली देवी व अभिभावकगण मौजूद रहे।

# स्वयं मतदान करें व अन्य लोगों में शत प्रतिशत मतदान की अलख जगाएं

### रैली में सामाजिक क्लबों के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया : मंगला प्रसाद सिंह

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**हरदोई।** लोक सामान्य निर्वाचन 2024 की स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आज पुलिस लाइन से दो पहिया वाहनों की विशाल मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली प्रस्थान स्थल पर एल दिव्यांग मतदाता मनीष पांडे ने सभी प्रतिभागियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी। रैली को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने पुलिस लाइन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का नेतृत्व जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी व मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने किया। रैली में नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर सहित सभी प्रमुख अधिकारियों की मौजूद रहे। रैली पुलिस लाइन से प्रारम्भ होकर जिन्दपीर चौराहा, रेलवे पुलिस चौकी के सामने से सरकुलर रोड से लखनऊ चुंगी से बिलग्राम चुंगी से साण्डी चुंगी से बावन चुंगी से नुमाईश चौराहा, बड़ा चौराहा, सिनेमा चौराहा, सोल्जर बोर्ड चौराहा से डीएम चौराहा से कैनाल रोड एवं कोयलबाग कालानी की गली नम्बर चार से होते हुए पुलिस लाइन परिसर पर समाप्त हुई।

समापन अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी लोग स्वयं मतदान करें व अन्य लोगों में मध्य शत प्रतिशत मतदान की अलख जगाएं। रैली में जनपद के सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी तथा जनपद के विभिन्न सामाजिक क्लबों के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

## दोसर वैश्य सेवा समिति द्वारा आयोजित हुआ होली मिलन समारोह

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**हरदोई।** दोसर वैश्य सेवा समिति के होली मिलन समारोह का आयोजन शहर में नघेटा रोड पर एक लॉन में हुआ। समारोह का शुभारंभ मातृ शक्ति के द्वारा गणेश प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

सरश्वती वंदना एवं स्वागत गीत के उपरांत समिति के अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष यह आयोजन कर समाज के लोगो को जोड़ने का कार्य किया जाता है। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए तथा मनोरंजन के लिए वन मिनट खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं, बच्चों ने प्रतिभाग किया। अतिथियों का स्वागत गुलाल का टीका लगाकर किया गया।समारोह में समाज के वयोवृद्ध जनों को वृद्धजन सम्मान से सम्मानित किया गया। सभी को माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित गया। इस दौरान फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन किया गया। उत्कर्ष गुप्ता एवं आकर्ष गुप्ता के बांसुरी वादन एवं तबला वादन को हर किसी ने सराहा। बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम का संचालन सतेंद्र गुप्ता और श्यामजी गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। लकी ड्रा के विजेताओं को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में महिलाओं ने प्रतिभाग किया। विजेता प्रतिभागी को समिति द्वारा सम्मानित किया गया।समारोह में अविनाश चंद्र गुप्ता, रामकुमार गुप्ता व जगदीश गुप्ता ने अपने विचार रखें। समाज की वरिष्ठ साहित्यकार सीमा गुप्ता असीम, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ शिवम गुप्ता, मेडिकल की पढ़ाई पूरी कर चुके यश गुप्ता को प्रतिभा सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में रामकुमार गुप्ता, योगेंद्र प्रसाद गुप्ता, रामकिशोर गुप्ता, रामेंद्र नाथ गुप्ता, अशोक गुप्ता, हरिशंकर गुप्ता, अनिल गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, आदर्श गुप्ता, सतेंद्र गुप्ता, श्यामजी गुप्ता, योगेंद्र गुप्ता, दुर्गेश गुप्ता, आशु गुप्ता, लकी गुप्ता, लवकुश गुप्ता, गोपालजी गुप्ता, अमित गुप्ता, शिशिर गुप्ता, संजीव गुप्ता, अंकुर गुप्ता, शरद गुप्ता, दिवाकर गुप्ता, अभिषेक, शलभ गुप्ता, देवेश, प्रथम, राहुल गुप्ता सहित दोसर वैश्य समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## राजेश्वर बने बसपा जिला अध्यक्ष रणधीर को बनाया गया जिला प्रभारी

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश में जहां चुनावी बिगुल बज चुका है वहीं बहुजन समाज पार्टी की मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती ने हरदोई जनपद में पिछड़े समाज से ताल्लुक रखने वाले बहुजन समाज पार्टी में विभिन्न पदों पर काम कर चुके कुशवाहा समाज के बेटे राजेश्वर सिंह कुशवाहा को बहुजन समाज पार्टी का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है वहीं जनपद में जिला अध्यक्ष रहे रणबीर बहादुर को हरदोई जनपद का जिला प्रभारी नियुक्त किया है। उन्होंने जनपद में संगठन को मजबूत करने का काम किया और वर्ष 2022 में विधानसभा के आम चुनाव में उनको जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी तब से लगातार जनपद में हो रही कैडर बैठकों में संगठन को गति प्रदान करते रहे और ऊर्जा देने का काम किया।

वहीं कुशवाहा समाज का जिला अध्यक्ष बनने से पिछड़े समाज के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई और बसपा सुप्रीमो मायावती को ढेर सारी बधाई दे रहे हैं कि बहुजन समाज पार्टी ने पिछड़े समाज का जिला अध्यक्ष बनाकर हरदोई जनपद में सर्व समाज को सम्मान देने का काम किया है।

## बेसिक शिक्षा परिवार का संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन 6 को

**हरदोई, चसं।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बेसिक शिक्षा परिवार संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन 6 अप्रैल को सर्कुलर रोड स्थित वैभव लॉन में संपन्न होगा। उक्त जानकारी बेसिक शिक्षा परिवार के वरिष्ठ कार्यकारी सदस्य सचिन मिश्रा ने दी है। मालूम हो कि बेसिक शिक्षा परिवार अपने संसाधनों से सुंदर कांड पाठ का आयोजन 7 साल से निरंतर करवाता चला आ रहा है जिसमें परिवार के सभी सहयोगियों का सहयोग अपेक्षित होता है, उक्त आयोजन सर्कुलर रोड स्थित वैभव लाने में सायं 5 बजे से शुरू होगा और भजन संध्या का भी आयोजन रखा गया है। आयोजन कर्ताओं ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मारुति नंदन का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

## शंकर स्वयं केसरीनंदन तेज प्रताप महा जग बन्दन : श्री कृष्ण जन्म सेवा दल

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**हरदोई।** अपने छियालीसवे मंगलपाठ के क्रम में श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने भक्त प्रहलाद नगरी हरदोई के कई अन्य मंदिरो में एक साथ हनुमान चालीसा पाठ कर माहौल को हनुमान मय बना दिया।

श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने श्री बैजनाथ धाम मंदिर सरायथोक, श्री शिव मंदिर कांशीराम कालोनी, श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज, श्री महादेव मंदिर ग्राम काईमाऊ तथा श्री महावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां में सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ कर माहौल को भक्ति पूर्ण बना दिया। महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख विनीता पांडे के नेतृत्व में सांय 5 बजे सराय थोक पश्चिमी हरदोई के श्री बैजनाथ धाम मंदिर पर बहनों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा, राम स्तुति ,बजरंग बाण व् आरती के साथ बजरंगबली जी का पूजन किया द्य महिला जिला प्रमुख विनीता पांडेय ने योग के माध्यम से लोगो को व्याधियों से दूर रहकर सशक्त उन्नत विकसित राष्ट्र के निर्माण का आह्वान किया उन्होंने कहा कि सनातन राष्ट्र तभी संभव है जब हर घर में हनुमान चालीसा पाठ के स्वर गूंजे इस मौके पर महिला संगठन की संयोजक सुधा गुप्ता, संघठन मंत्री अनीता मिश्रा, सह सयोंजक कंचन गुप्ता, नगर संयोजक रानी शुक्ला, प्रभारी अनीता गुप्ता, महामंत्री लक्ष्मी मिश्रा, नगर संयोजक आरती गुप्ता, सह संयोजक बीना त्रिपाठी, मंजु गुप्ता, मीनू सैनी, शशि गुप्ता, अनुपमा सिंह आदि ने सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ किया।

महिला जिला युवा सह प्रभारी संध्या श्रीवास्तव के नेतृत्व में सांय 5 बजे कांशीराम कालोनी में स्थित श्री शिव मंदिर पर लोगो ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा राम स्तुति ,बजरंग बाण आरती के साथ सुंदर कांड का पाठ किया गया। इस मौके पर महिला युवा संगठन की पुष्पा श्रीवास्तव, कल्पना शर्मा, धीरज शर्मा, गीता शर्मा, अभिलाष श्रीवास्तव, उमाकांत त्रिवेदी, अनीता कटियार, अजय कटियार, अमन कटियार, विजय, पिंटू कश्यप, रिंकी सिंह, नैंसी, ज्योति सिंह, उत्तम सिंह, उत्कर्ष सिंह, राज शर्मा, रेशमा शर्मा, नितिन, सचिन, पूनम मिश्रा, संगीता, सरला गुप्ता आदि सदस्य शामिल रहे। महिला प्रभारी मंजू गुप्ता के नेतृत्व में श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज में भजन गायक सचिन शुक्ला व् वेद प्रकाश गुप्ता राजू ने सभी को हनुमान चालीसा व् हनुमान अष्ठक का पाठ करवाया पुजारी विश्वास पाठक व पंडित रवि शंकर मिश्रा ने आरती व पूजन अर्चन संपन्न कराया आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ इस मौके पर विजय अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, नीलम जिंदल, निधि देवल, अंशिका अग्रवाल, मुस्कान अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, ज्योति सिंह, आराध्या वर्मा, अक्षत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।ग्राम काईमाऊ में युवा प्रभारी सुमित तिवारी के नेतृत्व में मंगल पाठ हुआ मल्लावां में आकाश गुप्ता व् वंश कटियार के नेतृत्व में काफी संख्या में मौजूद लोगो ने सामूहिक मंगल पाठ किया।

## बच्चों ने पोस्टर के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए किया जागरूक

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**हरदोई।** मंगली पुरवा स्थित श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में आगामी लोकसभा चुनाव में विद्यालय के सभी बच्चों ने पोस्टर स्लोगन के माध्यम से अपने माता-पिता व आस पड़ोस के सभी लोगों को सौ फीसदी चुनाव करने के लिए जागरूक किया तथा सभी लोगों से या अपील की की मतदान में अपना पूर्ण सहयोग दें और सभी लोगों को अपना शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करें। विद्यालय के संस्थापक अखिलेश सिंह ने अपना संदेश देते हुए कहा कि देश के हर नागरिक को मतदान में अपना पूर्ण सहयोग देना चाहिए तथा और सभी लोगों को भी जागरूक करना चाहिए। विद्यालय के प्रबंधक मुकेश सिंह ने बताया कि विद्यालय के बच्चे लगातार होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सभी लोगों से पोस्टर के माध्यम से निबंध के माध्यम से तथा स्लोगन के माध्यम से सभी लोगों को जागरुक कर रहे हैं इसलिए आप लोग भी अपना पूरा सहयोग दें।

मतदाता जागरूकता अभियान में सहयोग करने वाले में प्रमुख रूप से प्रधानाचार्या भूमिका सिंह ,लक्ष्मी देवी, शिक्षिका कविता गुप्ता ,अर्पिता सिंह ,आरती वर्मा, नीलम राठौर, सोनम शुक्ला, मंशा बाजपेई,सोनी तिवारी आदि प्रमुख रूप से शामिल है।

## नवीन गल्ला मंडी में तुगलकी फरमान वापस मनमानी जगह किसान बेंच सकेंगे अपना गेहूं

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**हरदोई।** नवीन गल्ला मंडी हरदोई में तुगलकी फरमान जारी किया गया जिसमें किसानों को गेहूं सिर्फ सरकारी क्रय केंद्रों पर ही बेचे।

इस आदेश से समस्त व्यापारी व किसानों को झटका लगा। इस बात की जानकारी होने पर किसान डर के कारण हरदोई मंडी में अपना गेहूँ न लाकर दूसरे शहर की मंडियों में ले जाने लगे। मालूम हो कि,गेहूं का बाजार मूल्य 2350 से लेकर 2400 तक है और सरकारी जमीन गेहूं क्रय केंद्रों का रेट 2275 है।

ऐसे में किसान अपना गेहूं ज्यादा रेट में बेचना चाहता है लेकिन जो आदेश हुआ उसमें उसको बाधित किया गया की आप सिर्फ सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों पर ही अपना गेहूं बेचे । वहीं इस प्रकरण में नवीन गल्ला मंडी के अध्यक्ष श्याम कुमार गुप्ता टीटू ने आज मंडी सचिव से वार्ता कर, किसानों और व्यापारियों की समस्याओं को रखा ।

नवीन गल्ला मंडी अध्यक्ष ने बताया कि इस तरह के आदेश से नवीन गल्ला मंडी में हड़ताल की स्थिति आ जाएगी और किसान अपना गेहूं दूसरे शहर की मंडियों में ले जाने से हरदोई मंडी को बहुत बड़ा नुकसान होगा। अध्यक्ष और मंडी सचिव की वार्ता होने के बाद जो 2 दिन पूर्व आदेश दिया गया था उसे आज निरस्त कर दिया गया है और किसानों को स्वतंत्र अधिकार है कि किसान अपना गेहूं कहीं भी बेच सकते हैं।

जब मंडी सचिव अजय प्रताप सिंह से बात हुई तो उन्होंने बताया कि जो आदेश दिया गया था उसे निरस्त कर दिया गया है तथा किसान अपना गेहूँ कही भी बेच सकते हैं साथ ही मंडी सचिव ने अपील की है कि किसान 2275 से नीचे यदि गेंहू बेचते हैं तो सरकारी क्रय केंद्रों पर बेचें।

प्रमुख रूप से महामंत्री संजय कुमार गुप्ता, हरि श्याम गुप्ता पीलू महामंत्री, रजनीश गुप्ता वरिष्ठ मंत्री, ऋषि गुप्ता कनिष्ठ मंत्री, राघवेंद्र गुप्ता कनिष्ठ उपाध्यक्ष, कौशिक गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सूरज गुप्ता कोषाध्यक्ष पदाधिकारी मौजूद रहे।यह जानकारी नवीन गल्ला मंडी के मीडिया प्रभारी रवि किशोर गुप्ता ने दी।

## संक्षिप्त समाचार

### एमएलसी अशोक अग्रवाल ने जर्जर विद्युत लाइन को शीघ्र बदलवाने के दिए निर्देश

**हरदोई, चसं।** गर्मी बढ़ते ही जर्जर विद्युत लाइन होने के कारण तार टूटने व फेस उड़ने की वजह से विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही है। वहीं फसल में आग लगने व पशु-जनहानि की संभावना, लो वोल्टेज की समस्या आदि ज्वलंत समस्याओं के कारण आम जनमानस के सामने समस्या खड़ी है। ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत की मांग पर सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल ने उच्च अधिकारियों को तत्काल जर्जर विद्युत लाइन बदलवाने का निर्देश दिया। बताते चलें कि कछौना विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत कई ग्रामों को विद्युत आपूर्ति के लिए विद्युत लाइन गई है। यह विद्युत लाइन काफी पुरानी व जर्जर हो चुकी है, जिसके कारण आए दिन तार टूटने की घटनाएं होती रहती हैं। तार काफी ढीले व जर्जर हैं। तार टूटने के कारण किसान की कड़ी मेहनत से तैयार खड़ी फसल स्वाहा हो जाती है, तो वहीं पशुहानि व जनहानि की प्रबल संभावना बनी रहती है। ग्राम प्रधान असद शाहिद निवासी त्योरी मतुआ व ग्राम प्रधान मरेउरा प्रतिनिधि संदीप सिंह ने बताया कि कछौना उपकेंद्र से मरेउरा जाने वाली विद्युत लाइन काफी जर्जर है। इस उपकेंद्र से ग्राम मोहाई, गनेशपुर, त्योरी, बनियनखेड़ा, मतुआ, भीरीघाट, देवनपुर, तकिया, पतसेनी, मरेउरा आदि ग्रामों को विद्युत लाइन जाती है। कई बार जर्जर विद्युत लाइन टूटने के कारण किसानों के खेत में खड़ी फसल जलकर राख हो चुकी है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कसान निवासी गौहानी ने बताया कि ग्राम सभा गौहानी क्षेत्र में जाने वाली विद्युत लाइन भी जर्जर है। जर्जर लाइन के कारण आए दिन अनहोनी घटनाएं घटती हैं। ग्राम प्रधान अनूप कुमार उर्फ मटरू ने बताया कि समसपुर गांव जाने वाली विद्युत लाइन भी काफी जर्जर है। गर्मी के मौसम में किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें देखी जाती हैं। तार टूटने से किसानों की फसल जलकर स्वाहा हो जाती है।

### पुलिसकर्मी की तहरीर पर चार जुआरिओं पर मुकदमा दर्ज

**हरदोई, चसं।** पुलिस ने चार लोगों को जुआ खेलने के आरोप में गिरफ्तार कर रिपोर्ट दर्ज की है। कस्बे के मोहल्ला श्यामपुर में कुछ लोगों के जुआ खेलने की सूचना पुलिस को मिली । सूचना मिलने पर पुलिस ने छापेमारी कर चार लोगों को पकड़ लिया। पुलिस की पूछताछ में एक आरोपी ने अपना नाम अंजुल कुमार दूसरे ने सुरेन्द्र शर्मा तीसरे ने राहुल यादव चौथे ने कल्लू यादव निवासीगण बंदीपुर बताया। वहीं मौके से पुलिस ने 6 सौ रूपये बरामद करते हुए सिपाही नरेन्द्र बहादुर की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

### 15 वें साईं स्थापना दिवस पर निकली शोभायात्रा

**मल्लावां/हरदोई, चसं।** साईं मंदिर श्यामपुर के 15 वें स्थापना दिवस एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में साईं भक्तों द्वारा धूमधाम से साईं पालकी को सजा कर पूरे नगर में शोभा यात्रा निकाली गई तथा कन्या भोज एवं भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। साईं बाबा के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बुधवार प्रातः काल 5 बजे साईं नाथ का मंगल स्नान कराने के पश्चात विधि-विधान पूर्वक सामूहिक हवन का कार्यक्रम मंदिर के पुजारी आचार्य विकास तिवारी ने मुख्य यजमान महेश सिंह एवं मीनू सिंह के द्वारा संपन्न कराया। इसके पश्चात साईं बाबा की पालकी को सजाकर धूमधाम से शोभा यात्रा की शुरुआत भाजपा नेता राजेश पाठक एवं समाजसेवी विशाल जायसवाल द्वारा की गई। पालकी शोभायात्रा में महिलाएं पुरुष एवं बच्चे फूल वर्षा एवं गुलाल उड़ाते हुए डीजे द्वारा बज रहे भजनों पर थिरकते एवं भजन गाते हुए चल रहे थे । भजनों में शिरडी वाले साईं बाबा आया है तेरे दर पर सवाली, शिरडी में उड़े रे गुलाल बाबा का जवाब नहीं, साईं नाथ तेरे हजारों हाथ आदि भजनों से पूरे नगर में भक्ति का माहौल छा गया। शोभा यात्रा वापस में मंदिर प्रांगण पहुंचने पर कन्या भोज के उपरांत भंडारे का आयोजन संपन्न किया गया जिसमें सैक?ो की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर गौरव सोनी , अनिल ,महेश, धीरज सोनी , मनीष , नितिन सिंह , अमित जायसवाल,अरविंद पटेल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### महिला ने लगाया मारपीट कर घर से निकालने का आरोप

**हरदोई, चसं।** क्षेत्र के ग्राम बेझा निवासी महिला ने परिवार वालों पर मारपीट कर घर से निकाल देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है।पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के ग्राम बेझा निवासी निशा पत्नी स्वर्गीय महेश चंद ने बताया पति के देहांत के बाद वह मेहनत मजदूरी कर पेट पाल रही है।उसकी सास नन्ही पत्नी रामदयाल, देवर ब्रजेश,जेठ रघुराई और जेठानी रश्मी आदि मकान खेत आदि में कब्जे की नियत से उसे हिस्सा नहीं दे रहे हैं।हिस्सा मांगने पर गाली गलौज करते हैं। शाम को विपक्षियों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया।और दोबारा घर में घुसने पर जान से मार डालने की धमकी दी है।घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है।पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू की है।

### मारपीट करने के चार आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद/ हरदोई, चसं।** क्षेत्र के ग्राम जटपुरा में चार लोगों द्वारा पुरानी रंजिश में एक युवक को मारपीट कर करने का मामला प्रकाश में आया है।घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है।पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। क्षेत्र के ग्राम जटपुरा निवासी लक्ष्मीकांत श्रीवास्तव पुत्र भोलानाथ ने बताया वह दिन में खेत पर शौच करने गया था।रास्ते में विपक्षी बीनू, सुजान,सोम व शानू पुत्रगण यतेंद्र नाथ ने उसे रोक लिया और पुरानी रंजिश वश गाली गलौज किया उसने गाली देने से मना किया तो विपक्षियों ने उसे लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया।जिससे वह घायल हो गया।घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है।एसएसआई अमित सिंह ने बताया मारपीट का मामला है पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।पुलिस जांच कर कार्यवाही कर रही है।

### मिशन सुरक्षा परिषद की बैठक में सदर सांसद की रही मौजूदगी

**हरदोई, चसं।** मिशन सुरक्षा परिषद हरदोई के जिलाध्यक्ष शौजब जैदी के आवास पर सदर सांसद जयप्रकाश रावत के समक्ष अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने आगामी लोकसभा के चुनाव में मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री एवं हरदोई लोकसभा से दूसरी बार जय प्रकाश रावत को विजयी बनाने का संकल्प लिया। शौजब जैदी ने मोहल्ला मुरीदखानी में कई साल से पड़े जर्जर तार को बदलवाने के लिये सांसद से अनुरोध किया। सांसद ने आश्वासन दिया कि 4 दिन के अंदर मोहल्ला मुरीदखानी वार्ड के वासियों को इस समस्या से छुटकारा मिल जायेगा एवं शौजब जैदी के नेतृत्व में 7 अप्रैल को अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भारतीय जनता पार्टी पिहानी कार्यलय पर वरिष्ठ नेताओं के समक्ष पार्टी ज्वाइन करेंगे। इस अवसर पर पूर्व प्रधान छतैया अनिल कुमार, पूर्व प्रधान जमुही गुड्डू, विधान सभा सचिव बसपा फिरोज अहमद, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बसपा मुस्लिम मोर्चा सुनील कुमार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता तंजीम जैदी के सुपुत्र शौजब हसन, झबुल शाह, मोहम्मद फारूक, मोहम्मद आलम, मोहम्मद कासिम, मोहम्मद आशिफ, मोहम्मद हारून, नत्थू हसन, जफर हसन, मुजाबिर जैदी, शोएब जैदी, लईक खान, नौशाद खान, असर जैदी, आदिल जैदी, भूट्टू हसन, हसनैन, शबी हैदर, रहमत अली, आदर्श सिंह, गौरव गुप्ता, नगर अध्यक्ष बीजेपी ब्रजेश गुप्ता, प्रदीप अवस्थी, झूत्री सिंह, बबलू सिंह, तुषार बाजपेई, गुलशन सिंह, सतीश कुमार, सर्वेश कुमार, विशेष मिश्रा, राम दास कटियार, रितेश सिंह, नीरज सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# साई शक्ति ने नौ गोल कर दर्ज की एकतरफा जीत, ओडिशा नवल ने भी जीता मैच

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** मोहम्मद शाहिद एस्ट्रोटर्फस्टेडियम, गोमती नगर में खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग चल रहा है। फाइनल फेस के मुकाबले में बुधवार को खेले गए मैच में साई शक्ति ने 9-0 गोल के अंतर से जीत दर्ज की है। वहीं, ओडिशा नवल हाई परफॉर्मेंस ने 7-1 के अंतर से मैच जीता है। साई शक्ति और भाई भेलो हॉकी एकेडमी के बीच में पहला मैच खेला गया। इसमें साई शक्ति टीम ने मैच की शुरुआत में ही गोल दाग कर बढ़त बना ली। साई शक्ति की दो खिलाड़ियों ने हैट्रिक गोल दागा है। इसमें पुर्णिमा शर्ट नंबर 15 ने एक के बाद एक तीन गोल मारकर अपने नाम हैट्रिक दर्ज किया है।

17 नंबर टीशर्ट खुशी ने 3 गोल मारा है। साई शक्ति की तनुजा ने भी एक गोल किया है। इस दौरान शानदार प्रदर्शन करते हुए भव्या ने 2 गोल कर टीम की पकड़ मैच में मजबूत कर दिया। पूरे मैच में विपक्षी टीम मुकाबले में वापसी के लिए संघर्ष ही करती रह गई। इस दौरान एक भी गोल नहीं कर पाई। वहीं, ओडिशा नवल टाटा हाई परफॉर्मेंस एकेडमी और खेलो इंडिया स्टेट एक्सीलेंस विलासपुर के बीच दूसरा मैच खेला गया। इसमें ओडिशा नवल टाटा हाई परफॉर्मेंस एसडमी ने 7-1 के अंतर से जीत दर्ज की है। इसके साथ ही पांच अप्रैल को साई शक्ति और साई बाल के बीच पहला सेमीफाइनल, जबकि प्रीतम सिवाच हॉकी एकेडमी और ओडिशा नवल हॉकी के बीच में दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला भी खेला जाएगा। इसके साथ ही हर हॉकी एकेडमी और राजा करन हॉकी एकेडमी सहित जय भारत हॉकी एकेडमी और खेलो इंडिया स्टेट एक्सिलेंसी सेंटर के बीच पांचवे और आठवें नंबर को लेकर मैच होगा।

# चोटिल होने के चलते लखनऊ सुपर ज्वाइंट्स के खिलाड़ी शिवम मावी आईपीएल से बाहर

एजेंसी, तेज गेंदबाज शिवम मावी इंडियन प्रीमियर लीग 2024 से बाहर हो गए हैं। शिवम मावी चोट के चलते आईपीएल के 17वें सीजन से बाहर हो गए हैं। उन्होंने इस सीजन में एक भी मैच नहीं खेला है। शिवम मावी आईपीएल 2024 के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स का हिस्सा बने थे। लखनऊ सुपर जायंट्स ने मंगलवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु के खिलाफ जीत दर्ज की। लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज शिवम मावी इंडियन प्रीमियर लीग 2024 से बाहर हो गए हैं। शिवम मावी चोट के चलते आईपीएल के 17वें सीजन से बाहर हो गए हैं। उन्होंने इस सीजन में एक भी मैच नहीं खेला है। शिवम मावी आईपीएल 2024 के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स का हिस्सा बने थे। लखनऊ सुपर जायंट्स ने मंगलवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु के खिलाफ जीत दर्ज की। शिवम मावी को लेकर लखनऊ सुपर जायंट्स ने आधिकारिक बयान में कहा कि, दुर्भाग्य से चोट के चलते शिवम मावी आईपीएल 2024 से बाहर हो गए हैं। दिसंबर में इस दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने ऑक्शन के दौरान हमें ज्वाइन किया था और सीजन के आगाज से पहले प्री-सीजन कैंप का हिस्सा भी बना था। शिवम मावी हमारी स्क्वॉड का अहम हिस्सा थे, इसलिए शिवम के साथ-साथ हम भी दुखी हैं कि उनके लिए ये सीजन काफी जल्द खत्म हो गया। हम उम्मीद करते हैं कि वह जल्द बेहतर हो कर लौटे।

## वोडाफोन आइडिया को शेयरधारकों से 20,000 करोड़ रुपए तक जुटाने की मंजूरी मिली

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) के शेयरधारकों ने प्रतिभूतियां जारी कर 20,000 करोड़ रुपए तक जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पूंजी जुटाने को शेयरधारकों की मंजूरी लेने के लिए मंगलवार को असाधारण आम बैठक (ईजीएम) बुलाई गई थी। वीआईएल ने बीएसई को ईजीएम मतदान के परिणाम के बारे में जानकारी दी, जिसमें 20,000 करोड़ रुपए की कुल राशि तक प्रतिभूतियां जारी करने से संबंधित प्रस्ताव के पक्ष में कुल 99.01 प्रतिशत वोट डाले गए। यह मंजूरी ऐसे समय में मिली है जब कर्ज में डूबी कंपनी शेयर और ऋण के जरिए 45,000 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रही है। इस कदम का मकसद प्रतिद्वंद्वी रिलायंस जियो और भारती एयरटेल द्वारा दी जाने वाली सेवाओं की बराबरी करना है। पूंजी जुटाने से वीआईएल को भारतीय दूरसंचार बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धी स्थिति में सुधार करने में भी मदद मिलेगी, जहां वह जियो और भारती एयरटेल से बड़े अंतर से पीछे है।

## जिंदल स्टेनलेस सितम्बर तक जिंदल कोक में बेचेगी अपनी पूरी 26 फीसदी हिस्सेदारी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** जिंदल स्टेनलेस का लक्ष्य इस साल सितंबर तक जिंदल कोक में अपनी पूरी 26 प्रतिशत हिस्सेदारी का विनिवेश पूरा करने का है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि पहले चरण में उसने जिंदल कोक में 4.87 प्रतिशत शेयर 36.49 करोड़ रुपए से अधिक में बेचे हैं। इन शेयरों को जेएसएल ओवरसीज लिमिटेड ने उसी कीमत पर खरीदा था। वहीं जिंदल स्टेनलेस ने स्पेन की इकाई लेबरजिंदल में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल कर ली है। कंपनी के निदेशक मंडल ने जनवरी में स्पेन स्थित अनुषंगी कंपनी इबरजिंदल एस.एल. में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण और इसकी अनुषंगी कंपनी जिंदल कोक लिमिटेड (जेसीएल) में 26 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी बेचने की सैद्धांतिक मंजूरी दी थी।

## अप्रत्यक्ष कर संग्रह संशोधित अनुमान से खासा अधिक रहा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि बीते वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रत्यक्ष कर संग्रह 14.84 लाख करोड़ रुपए के संशोधित अनुमान (आरई) से खासा अधिक रहा है। अग्रवाल ने क्षेत्रीय कर अधिकारियों को लिखे पत्र में कहा कि समाप्त वित्त वर्ष में रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह से अप्रत्यक्ष कर संग्रह संशोधित अनुमान से भी खासे अंतर से अधिक रहा है। उन्होंने कर अधिकारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, ''यह उपलब्धि न केवल व्यावसायिकता को दर्शाती है बल्कि सीबीआईसी समुदाय के भीतर 'टीम वर्क' और दृढ़ता की ताकत को भी रेखांकित करती है। सीबीआईसी प्रमुख ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 20.18 लाख करोड़ रुपए का सकल जीएसटी संग्रह मील का पत्थर है।

# बांग्लादेश के खिलाफश्रीलंका की जीत से टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में बड़ा बदलाव, भारत टॉप पर काबिज

एजेंसी, खेली गई दो मैचों की टेस्ट सीरीज खत्म हो गई। श्रीलंका ने मेजबानों के खिलाफ2-0 से जीत हासिल कर वर्ल्ड टेस्ट चौंपियशिप की अंक तालिका में बड़ा बदलाव किया। इससे पाकिस्तान को तगड़ा नुकसान हुआ है जबकि भारत अभी भी टॉप पर काबिज है। बता दें कि, श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट मैच को पांचवें दिन 192 रन से जीत लिया। इससे पहले टीम ने पहला मुकाबला 328 रन से जीता था। श्रीलंका इस जीत के साथ वर्ल्ड टेस्ट चौंपियशिप की अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई है। इससे पहले टीम 33.33 अंक प्रतिशत के साथ छठे स्थान पर थी। दूसरे मैच में जीत के साथ टीम ने पाकिस्तान को पीछे छोड़ दिया। श्रीलंका का अंक प्रतिशत 50 का हो गया है। वहीं, पाकिस्तान 36.66 के अंक प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गया है। श्रीलंका ने चार मैचों में से दो मुकाबलों में जीत दर्ज की। वहीं, पाकिस्तान ने पांच मैच खेले जिसमें उसे दो में जीत मिली।

# एक बार फिर चर्चा में शोएब मलिक, तीसरी पत्नी को भी दे रहे धोखा!

एजेंसी, 25 साल की पाकिस्तानी एक्ट्रेस नवल सईद हाल ही में टंकंद शो में गेस्ट बनकर आई थी, ये वही शो था जहां मलिक और सान जावेद की पहली बार मुलाकात हुई थी। शो के होस्ट ने नवल सईद से सवाल किया कि क्या कभी उन्हें किसी एक्टर ने मैसेज किया है। इस पर एक्ट्रेस खुलासा करते हुए कहती हैं कि ज्यादातर मैसेज तो क्रिकेटर के आते हैं। जनवरी 2024 में पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शोएब मलिक ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट से सबको चौंका दिया, जब उन्होंने सना जावेद के साथ अपनी शादी को फोटो शेयर की। इससे आधिकारिक पुष्टि हुई कि भारतीय टेनिस दिग्गज सानिया मिर्जा और शोएब मलिक का तलाक हो गया है। सानिया मिर्जा शोएब की दूसरी पत्नी थी और सना जावेद तीसरी बेगम बनीं। वहीं अब कुछ ही दिनों में शोएब मलिक का नाम एक और नई पाकिस्तानी एक्ट्रेस के साथ जुड़ रहा है। दरअसल, सना जावेद जो हैं वो शोएब मलिक को पहली बार एक पाकिस्तानी शो पर मिली थीं। इसके बाद दोनों के बीच नजदीकी बढ़ने लगी और ये नजदीकी शादी में तब्दील हो गई। लेकिन इस बीच शोएब अन्य लड़कियों से भी फ्लर्ट कर रहे थे। बता दें कि, 25 साल की पाकिस्तानी एक्ट्रेस नवल सईद हाल ही में टंकंद शो में गेस्ट बनकर आई थी, ये वही शो था जहां मलिक और सान जावेद की पहली बार मुलाकात हुई थी। शो के होस्ट ने नवल सईद से सवाल किया कि क्या कभी उन्हें किसी एक्टर ने मैसेज किया है। इस पर एक्ट्रेस खुलासा करते हुए कहती हैं कि ज्यादातर मैसेज तो क्रिकेटर के आते हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें इंस्टाग्राम पर डायरेक्ट मैसेज किए जाते हैं। नवल ने इन मैसेज को लेकर कहा कि ये अनुचित व्यवहार है, जब वह देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसके बाद होस्ट ने नवल से सीधा पूछ लिया कि क्या ये मैसेज शोएब मलिक करते हैं? तो पाक एक्ट्रेस हंसकर बात को टाल देती हैं। एक्ट्रेस ने इसके बाद कहा कि वह क्रिकेटर्स द्वारा किए गए मैसेज का स्क्रीनशॉट रखती हैं।

# दो ही मैच में मयंक यादव ने रच दिया इतिहास, कहा- मेरा लक्ष्य देश के लिए खेलना है

एजेंसी, लगातार दो मैचों में दो बार मैन ऑफ द मैच का खिताब जीतने वाले लखनऊ सुपर जायंट्स के युवा गेंदबाज मयंक यादव ने कहा कि उनका सपना भारतीय टीम के लिए अधिक से अधिक मैच खेलना है। वहीं मयंक ने ग्लेन मैक्सवेल, कैमरून ग्रीन और रजत पाटीदार जैसे बल्लेबाजों को आउट किया। इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार दो मैचों में दो बार मैन ऑफ द मैच का खिताब जीतने वाले लखनऊ सुपर जायंट्स के युवा गेंदबाज मयंक यादव ने कहा कि उनका सपना भारतीय टीम के लिए अधिक से अधिक मैच खेलना है। मयंक ने मंगलवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ चार ओवर में महज 14 रन देकर तीन विकेट झटके जिससे उनकी टीम इस मैच को 28 रन से जीतने में सफल रही। वहीं मयंक ने 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार लेने के बाद कहा कि, दो मैचों में दो बार 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार लेकर अच्छा लग रहा है। मुझे हालांकि ज्यादा खुशी इस बात की है कि हम दोनों मैच जीतने में सफल रहे। ग्लेन मैक्सवेल, कैमरून ग्रीन और रजत पाटीदार जैसे बल्लेबाजों को आउट करने वाले इस गेंदबाज ने कहा कि उनका लक्ष्य भारत के लिए ज्यादा से ज्यादा मैच खेलने का है। इस 21 साल के गेंदबाज ने कहा, '' मेरा लक्ष्य भारत के लिए ज्यादा से ज्यादा खेलने का है। मुझे लगता है कि यह मेरे लिए सिर्फ शुरुआत है और मेरा पूरा ध्यान अपने लक्ष्य को हासिल करने पर है।'' मैच में अपने पसंदीदा विकेट के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''कैमरुन ग्रीन का विकेट'' उन्होंने कहा, ''तेज गेंदबाजी के लिए आपको कई चीजों की जरूरत होती है।

# उत्तराखंड, जेएसएम और वैलोसिटी फुटबॉल क्लब ने दर्ज की जीत

चर्चित राजनीति। एजेंसी

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ मेंस फुटबॉल लीग फॉर गिल्को ट्रॉफी के 7वें दिन 3 लीग मुकाबले खेले गए, जिसमें उत्तराखंड, जेएसएम और वैलोसिटी क्लब ने जीत दर्ज की। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सेक्टर-46 के फुटबॉल ग्राउंड पर खेले पहले मैच में उत्तराखंड फुटबॉल क्लब ने गोल्डन फुटबॉल क्लब को 7-1 से हराया। लीग मैच में उत्तराखंड के बलराज ने तीसरे मिनट में पहला गोल दागकर अपनी टीम के मंसूबे जाहिर कर दिए। गोल्डन फुटबॉल क्लब को उन्होंने संभलने का मौका नहीं दिया और ताबड़तोड़ हमले जारी रखे। गुरतेजबीर ने खेल के 10वें और 15वें मिनट में गोल किए।

अर्णव ने 21वें मिनट में गोल किया और हाफ टाइम तक उत्तराखंड एफसी को 4-0 से आगे रखा। हाफ टाइम के बाद लीड कर रही टीम उत्तराखंड ने 3 और गोल किए। साविक ने खेल के 53वें और 70वें मिनट में गोल किए। वरिंद्र ने खेल के 69वें मिनट में किया और मैच में उनके खिलाफ एकमात्र गोल उन्हीं की गलती से ओन्ड गोल के रूप में हुआ। इसी की बदौलत गोल्डन एफसी की टीम खाता खोल सकी, लेकिन मैच 7-1 से गंवा बैठी। दिन के दूसरे दूसरे मैच में जेएसएम फुटबॉल क्लब ने पीईसी क्लब को 6-0 से हराया। टीम की और से हीरा ने 8वें मिनट में, विकास ने 11वें मिनट में, शोभित ने 27वें मिनट में और प्रकाश ने 42वें मिनट में गोल किए। हाफ टाइम तक टीम जेएसएम ने 4-0 की लीड बना ली। हाफ टाइम के बाद उन्हें दो गोल मिले। भूपिंद्र ने 58वें और दीपांशु ने 64वें मिनट में गोल करने के बाद टीम जेएसएम को बड़ी जीत दिला दी।

दिन के तीसरे लीग मैच में वैलोसिटी फुटबॉल क्लब ने साई बाबा फुटबॉल क्लब को 5-0 से हराया। टीम के लिए आकाश ने खेल के 56वें और 69वें मिनट में गोल दो गोल किए, जबकि गोल्डी ने 5वें, राहुल ने 52वें और धनंजय ने 74 में मिनट में गोल किया।

## ऑल टाइम हाई पर पहुंचे सोने-चांदी के दाम

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सोने-चांदी की कीमतें आज यानी 3 अप्रैल को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, कारोबार के दौरान 10 ग्राम सोना 295 रुपए महंगा होकर 69,256 रुपए पर पहुंच गया है। इस साल अब तक सिर्फ3 महीने में ही सोने के दाम 5,954 रुपए बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,302 रुपए पर था। चांदी में भी आज ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। ये 1,537 रुपए महंगी होकर 77,664 रुपए प्रति किलो ग्राम पर पहुंच गई। इससे पहले ये 76,127 रुपए पर थी। चांदी ने इससे पहले बीते साल, यानी 2023 में 4 दिसंबर को 77,073 का ऑल टाइम हाई बनाया था।आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक, आज सुबह 995 प्योरिटी वाले दस ग्राम सोने के दाम बढ़कर 69248 रुपए पहुंच गए हैं। वहीं, 916 (22 कैरेट) प्योरिटी वाला 10 ग्राम सोना आज 63686 रुपए का हो गया है।

इसके अलावा, 750 प्योरिटी वाले (18 कैरेट) सोने के दाम 52145 पर पहुंच गए हैं। वहीं, 585 प्योरिटी वाला गोल्ड (14 कैरेट) आज महंगा होकर 40673 रुपए हो गया है। बीते महीने यानी मार्च में सोने की कीमत में शानदार तेजी देखने को मिली थी।

# मयंक की रफ्तार से आईपीएल में लोग अचम्भित

चर्चित राजनीति। एजेंसी

**बेंगलुरु।** पहले दो आईपीएल मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच, आईपीएल में सबसे अधिक लगातार 155 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद, लीग के इतिहास की चौथी सबसे तेज गेंद (156.7 किमी प्रति घंटा)। 21 साल के मयंक यादव ने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलते शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ़ मैच जिताऊ स्पैल डालने के बाद मंगलवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ़ इसको दोहराया।

उन्होंने चिन्नास्वामी स्टेडियम में चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लेकर बेहतरीन स्पैल डाला, जिसमें ग्लेन मैक्सवेल और कैमरन ग्रीन के विकेट शामिल थे। ये ऐसे बल्लेबाज़ हैं,जो ऑस्ट्रेलिया की उछाल भरी पिचों पर खेलने के आदी हैं, वहीं एक विकेट रजत पाटीदार का भी इसमें शामिल था। मैच के बाद मयंक ने कहा, दो मैचों में दो प्लेयर ऑफ़ द मैच अवार्ड लेकर अच्छा लग रहा है, लेकिन मैं इससे अधिक खुश हूं कि हम दोनों मैच जीते। मेरा लक्ष्य देश के लिए काफ़ी वर्षों तक अच्छा करना है, जितना मैं कर सकूं। यह बस शुरुआत है मेरा फ़ोकस मेरे मुख़्य लक्ष्य पर है। मयंक ने कहा कि उनका पसंदीदा विकेट ग्रीन का था जो एक तेज़ गेंद पर बीट होकर बोल्ड हो गए और गेंद स्टंप्स से लगकर वन बाउंस बाउंड्री तक पहुंची। मयंक ने कहा, आपको इस गति से गेंदबाज़ी करने के लिए कुछ चीज़ों की ज़रूरत होती है, जैसे डाइट, सोना और ट्रेनिंग। अगर आप इस गति से गेंदबाज़ी करना चाहते हो तो आपको हर चीज़ में सटीक होना जरूरी है। मेरा फ़ोकस मेरी डाइट पर है और साथ ही मेरी रिकवरी पर भी जिसमें आइस बाथ शामिल है। लखनऊ के कप्तान केएल राहुल कीपिंग कर रहे थे और उन्होंने कहा कि मयंक की एक गेंद उनके ग्लव्स पर बहत ही तेज लगी थी। राहुल ने कहा, यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है जिस तरह की इन मैचों में मयंक ने गेंदबाज़ी की है। वह शांति से और संयम के साथ डगआउट में बैठकर पिछले दो सीज़न से इंतज़ार कर रहा था। वह पिछला सीज़न चोटिल होने के कारण नहीं खेल सका। लेकिन वह मुंबई में फिजियो के साथ रहकर काफ़ी कड़ी मेहनत कर रहा था। वह जानता है कि 155 किमी प्रति घंटा की गति से गेंदबाज़ी करना आसान नहीं है। युवा अवस्था में ही उसको कई चोट लग चुकी हैं। उसका बेहतरीन मिज़ाज़ है और स्टंप्स के पीछे 20 यार्ड से उसको गेंदबाज़ी करते देखने में मज़ा आ रहा है। जहां मैं चाहता हूं वह वहीं गेंदबाज़ी कर रहा है। लखनऊ के ओपनर क्विंटन डिकॉक ने कहा कि मयंक रॉकेट फ़ेंक रहा था। डिकॉक ने कहा, उसको अपनी टीम में देखकर खुश हूं। वह बहुत ही अच्छी गेंदबाज़ी कर रहा है। आमतौर पर एक युवा के तौर पर इतनी गति के साथ गेंदबाज़ी करने से आप कई चीज़ों में फंस जाते हो।

# 62 साल की हुई अभिनेत्री जया प्रदा

**● जया ने तेलुगु फिल्म 'भूमि कोसम' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की**

बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री जया प्रदा आज 62 वर्ष की हो गई हैं। जया प्रदा का मूल नाम ललिता रानी है। उनका जन्म आंध्र प्रदेश के एक छोटे से गांव राजमुंदरी में 3 अप्रैल 1962 को एक मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ। उनके पिता कृष्णा तेलूगू फिल्मों के वितरक थे। बचपन से ही जया प्रदा का रूझान नृत्य की ओर था। उनकी मां नीलावनी ने नृत्य के प्रति उनके बढ़ते रूझान को देख लिया और उन्हें नृत्य सीखने के लिए दाखिला दिला दिया। चौदह वर्ष की उम्र में जयाप्रदा को अपने स्कूल में नृत्य कार्यक्रम पेश करने का मौका मिला। जिसे देखकर एक फिल्म निर्देशक उनसे काफी प्रभावित हुए और अपनी फिल्म भूमिकोसम में उनसे नृत्य करने की पेशकश की लेकिन उन्होंने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। बाद में अपने माता-पिता के जोर देने पर जयाप्रदा ने फिल्म में नृत्य करना स्वीकार कर लिया। इस फिल्म के लिए जयाप्रदा को पारश्रमिक के रूप में महज 10 रुपए प्राप्त हुए लेकिन उनके तीन मिनट के नृत्य को देखकर दक्षिण भारत के कई फिल्म निर्माता - निर्देशक काफी प्रभावित हुये और उनसे अपनी फिल्मों में काम करने की पेशकश की जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। वर्ष 1976 जयाप्रदा के सिने कैरियर का महत्वपूर्ण वर्ष साबित हुआ। इस वर्ष उन्होंने के. बालचंद्रन की अंथुलेनी कथा के. विश्वनाथ की श्री मुभा और वृहत पैमाने पर बनी एक धार्मिक फिल्म सीता कल्याणम में सीता की भूमिका निभाई। इन फिल्मों की सफलता के बाद जयाप्रदा दक्षिण भारत में अभिनेत्री के रूप में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गई।वर्ष 1977 में जयाप्रदा के सिने कैरियर की एक और महत्वपूर्ण फिल्म आदावी रामाडु प्रदर्शित हुयी, जिसने टिकट खिड़की पर नए कीर्तिमान स्थापित किए। इस फिल्म में उन्होंने अभिनेता एनटी रामाराव के साथ काम किया और शोहरत की बुलंदियों पर जा पहुंचीं। वर्ष 1979 में के. विश्वनाथ की श्री श्री मुवा की हिंदी में रिमेक फिल्म सरगम के जरिये जयाप्रदा ने हिंदी फिल्म जगत में भी कदम रखा। इस फिल्म की सफलता के बाद वह रातों रात हिंदी सिनेमा जगत में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गई और अपने दमदार अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से नामांकित भी की गई। सरगम की सफलता के बाद जयाप्रदा ने लोक परलोक, टक्कर, टैक्सी ड्राइवर और प्यारा तराना जैसी कई दोयम दर्जे की फिल्मों में काम किया, लेकिन इनमें से कोई फिल्म टिकट खिड़की पर सफल नहीं हुई। इस बीच जया प्रदा ने दक्षिण भारतीय फिल्मों में काम करना जारी रखा। वहीं दूसरी ओर जया प्रदा ने अपने करियर में 200 से ज्यादा फिल्में की। फिल्म इंडस्ट्री के एक से बढ़कर एक कलाकार के साथ स्क्रीन शेयर किया। जया ने 12 साल की उम्र से ही एक्टिंग करियर में कदम रख दिया था। लेकिन उन्हें असल पहचान बॉलीवुड फिल्मों में काम करने के बाद मिली। साल 1979 में फिल्म सरगम से जया ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था। जया प्रदा के पिता तेलुगु फिल्मों के वितरक थे, जिसके कारण उनका बचपन से ही एक्टिंग की दुनिया से नाता रहा। स्कूल डांस परफॉर्मेंस के दौरान फिल्म निर्देशक की नजर जया पर पड़ी, जो उनके डांस से प्रभावित हुए। जया ने तेलुगु फिल्म 'भूमि कोसम' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की।

इस फिल्म के लिए जया प्रदा को 3 मिनट के डांस ऑफर किया गया था। बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस जया प्रदा जिस वक्त अपने करियर के पीक पर थीं, उस दौरान फिल्म निर्माता श्रीकांत नाहटा के साथ जया प्रदा का नाम जोड़ा गया। **:: एजेंसी**

## वरुण ने बेबी जॉन के सेट से फोटोज की शेयर, कहा- यह मेरी सबसे कठिन शूटिंग में से एक

बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन अपनी अपकमिंग फिल्म बेबी जॉन की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म की शूटिंग शेड्यूल सबसे कठिन शूटिंग में से एक है, जिसका वह हिस्सा रहे हैं। मंगलवार को जैसे ही फिल्म ने शूटिंग ने 70वें दिन में प्रवेश किया, वरुण ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म की शूटिंग से कुछ बीटीएस तस्वीरें शेयर की। वरुण ने बताया कि उन्होंने सुबह होने तक लगातार फिल्म की शूटिंग की। पहली तस्वीर में उन्हें एक स्वेटशर्ट पहने देखा जा सकता है, जिस पर बेबी जॉन लिखा हुआ है और उनकी पीठ कैमरे की ओर है। दूसरी तस्वीर में वह अपने सीने पर हाथ रखे हुए हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, बेबी जॉन की शूटिंग का 70वां दिन, जब तक सूरज नहीं निकला तब तक लगातार फिल्मांकन किया गया और फिर हमारी यूनिट भी चलती रही। यह सबसे कठिन शूटिंग में से एक है, जिसका मैंने अनुभव किया है। बेबी जॉन एक एक्शन ड्रामा है, और तमिल फिल्म थेरी की रीमेक है, जिसे जवान फेम एटली ने निर्देशित किया था। एटली द्वारा सह-निर्मित, बेबी जॉन कैलीस द्वारा लिखित और निर्देशित है। फिल्म में कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, जैकी श्रॉफ सान्या मल्होत्रा, राजपाल यादव और शीबा चड्ढा भी हैं। **:: नेशनल डेस्क**

## अल्लू अर्जुन की पुष्पा द रूल का पोस्टर आया सामने, 8 अप्रैल को टीजर होगा रिलीज

तेलुगू सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की अपकमिंग फिल्म पुष्पा द रूल का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। आज फिल्म का पोस्टर लॉन्च हो गया है। फैंस के उत्साह को और बढ़ाते हुए फिल्म के निर्माताओं ने मंगलवार को फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर किया। पोस्टर में एक पैर का क्लोज-अप शॉट दिखाया गया है, जिसमें संभवतः अल्लू अर्जुन घुंघरू पहने हुए हैं। पैर में सिन्दूर लगा हुआ देखा जा सकता है। फिल्म मेकर्स ने यह भी खुलासा किया कि आगामी फिल्म का टीजर 8 अप्रैल को अल्लू अर्जुन के जन्मदिन पर जारी किया जाएगा।

फिल्म के निर्माताओं ने एक्स पर पोस्टर साझा करते हुए लिखा, आइए पुष्पामासजाथरा शुरू करें। बहुप्रतीक्षित पुष्पा 2 द रूल टीजर 8 अप्रैल को दोगुनी ताकत के साथ आ रहा है। फिल्म 15 अगस्त 2024 को दुनिया भर में रिलीज होगी। अल्लू अर्जुन को हाल ही में जन्मदिन का तोहफा मिला जब दुबई के मैडम तुसाद संग्रहालय में उनकी मोम की प्रतिमा का अनावरण किया गया। उनकी मोम की प्रतिमा में ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पा द राइज का उनका सिग्नेचर झुकेगा नहीं साला वाला पोज है। अभिनेता अपने परिवार के साथ दुबई में समारोह में शामिल हुए थे। **:: नेशनल डेस्क**

## टेलीविजन में काम करना हमेशा से मेरा जुनून : कृप

रहस्यमय रिवेंज थ्रिलर बाघिन में अग्नि का किरदार निभाने वाले एक्टर कृप सूरी ने बताया कि टेलीविजन में काम करना हमेशा से उनका जुनून रहा है, जिससे एक कलाकार के रूप में उन्हें अपार संतुष्टि मिलती है। कृप फुलवा, उतरन, लाल इश्क और फनारू इश्क में मरजावां जैसे टीवी शो का हिस्सा रहे हैं। अपने काम के प्रति अपने प्यार और जुनून पर बात करते हुए स्टार ने कहा, टेलीविजन पर काम करना हमेशा से मेरा जुनून रहा है। मुझे टेलीविजन में प्रतिष्ठित निर्माताओं के साथ सहयोग करने का सौभाग्य मिला है और वर्षों से असाधारण परियोजनाओं का हिस्सा बनने का भी मौका मिला है। उन्होंने कहा, मैं वेब शो और अन्य परियोजनाओं जैसे विभिन्न प्रोजेक्ट में व्यस्त रहा, हो सकता है कि महत्वपूर्ण टेलीविजन भूमिकाएं हासिल करने के लिए यह समय अनुकूल न हो। कृप सूरी ने कहा, वह लगातार सार्थक भूमिकाओं के लिए उत्सुक रहते हैं। उन्होंने कहा, अब जब मैं शो बाघिन के साथ एक मजबूत किरदार के रूप में लौट आया हूं तो मैं इंडस्ट्री में अपने सहयोगियों को एक संदेश देना चाहता हूं। मैं उनसे भूमिकाओं के लिए मेरे बारे में विचार करने का आग्रह करता हूं क्योंकि मैं अपनी टेलीविजन यात्रा जारी रखने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। एक्टर ने आगे कहा, यह वह माध्यम है जो मेरे लिए सबसे अधिक महत्व रखता है, और मैं इसका अभिन्न अंग बने रहने के लिए तैयार हूं। यह शो अनेरी द्वारा निभाए गए किरदार गौरी के इर्द-गिर्द घूमता है, जो एक साधारण लड़की है जो वीर (जीशान खान) से प्यार करती है, लेकिन अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण उसे वीर के भाई देवा (अंश बागरी) से शादी करनी पड़ती है। बाघिन स्टार भारत पर प्रसारित होता है। **:: नेशनल डेस्क**

# सुर्ख लाल जोड़े में दिखीं तापसी पन्नू

**एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्ट शेयर किया था। इस पोस्ट के साथ उन्होंने अपने सीक्रेट वेडिंग पर तो कोई रिएक्शन नहीं दिया है, लेकिन फैंस को उलझन में जरूर डाल दिया है। अपने लेटेस्ट पोस्ट में एक्ट्रेस ने ब्लैक लॉन्ग कोट के साथ साड़ी में कैरी करते हुए दिखाई दे रही हैं।**

बॉलीवुड की टैलेंटेड एक्ट्रेस तापसी पन्नू की शादी की वीडियो सोशल मीडिया पर लीक हो गया है। सामने आए वीडियो में एक्ट्रेस सूर्ख लाल जोड़े में नजर आ रही हैं। वहीं उनके दूल्हे मैथियास बो शेरवानी पहने हुए नजर आ रहे हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू बीते कुछ समय से अपनी शादी को लेकर सुर्खियों में छाई हुई हैं।

खबर आई थी कि एक्ट्रेस ने गुपचुप तरीके से अपने बॉयफ्रेंड माथियास बो के साथ शादी कर ली है, लेकिन इस बारे में ना तापसी और ना ही माथियास की तरफ से किसी तरह की कोई ऐनाउंस नहीं की गई है। अब सोशल मीडिया पर शादी का एक वीडियो वायरल हो रहा है, कहा जा रहा है कि ये वीडियो तापसी और माथियास बो की शादी का है। सामने आए इस वीडियो में तापसी लाल रंग का पंजाबी सूट में बला की खूबसूर लग रही हैं। बात अगर उनके लुक की करें तो सूट के साथ उन्होंने बड़े-बड़े झूमके और कलीरे भी लगा रहे हैं। वहीं मैथियास बो शेरवानी में काफी हैंडसम लग रहे थे। दोनों ने स्टेज पर एक-दूसरे को गले लगाया और बाद में वरमाला की रस्म की। बैकग्राउंड में जगजीत सिंह और चित्रा सिंह का पॉपुलर गाना भी बज रहा है। cosmobae पर जारी किए गए इस वीडियो में लोग जमकर कमेंट कर रहे हैं। साथ ही वीडियो पर लोग कपल को बधाई भी दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'यह कब था? काफी समय बाद दुल्हन का लाल जोड़ा देखाज्वो कितनी प्यारी लग रही हैं। मुझे लगता है कि वे (तापसी और माथियास) एक दशक से साथ हैं।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'तापसी और माथियास को शादी की शुभकामनाएं' बता दें, तापसी 10 साल से माथियास संग रिलेशनशिप में हैं। पहली बार दोनों साल 2013 में मिले थे। इंडियन बैडमिंटन लीग के उद्घाटन समारोह के दौरान तापसी और माथियास एक-दूजे से मिले थे। बता दें कि बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू इन दिनों अपनी शादी की खबरों को लेकर लाइमलाइट में बनी हुई हैं। होली पर उन्हें लेकर खबर आई थी कि एक्ट्रेस ने गुपचुप तरीके से मैथियास बो संग शादी रचा ली है। अब इन खबरों के बीच एक्ट्रेस ने पहली बार सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। सिर्फ इतना ही नहीं, तापसी पन्नू अपनी रिंग भी फ्लॉन्ट करते हुए दिखाई दे रहीं थीं। फैंस उन्हें उनके पोस्ट पर कमेंट शादी की बधाई दे रहे हैं। कुछ दिनों पहले तापसी पन्नू की होली खेलते हुए तस्वीरें भी वायरल हुई थीं। उन फोटोज में देखने को मिला था कि एक्ट्रेस ने अपने दोस्तों और पार्टनर मैथियास बो के साथ होली खेली है। इसके साथ ही एक फोटो में देखने को मिला कि एक्ट्रेस ने गुलाल से अपनी मांग भरी है और मैथियास भी लाल गुलाल से सने हुए हैं। **:: एजेंसी**

# वह बहुत बिजी हैं, भाई अनिल कपूर से झगड़े की खबरों पर बोनी कपूर ने दी सफाई

मिस्टर इंडिया और नो एंट्री जैसी फिल्मों के निर्माता बोनी कपूर इन दिनों अपनी फिल्म नो एंट्री के सीक्वल को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने कुछ दिनों पहले ही कन्फर्म किया था कि उनकी साल 2005 में रिलीज हुई सलमान खान-अनिल कपूर और फरदीन खान स्टारर फिल्म नो एंट्री का सीक्वल बन रहा है।

हालांकि, उनके इस सीक्वल में नए सितारे दिखाई देंगे। बात-बात में अर्जुन कपूर के पिता ने ये भी कह दिया था कि वह छोटे भाई अनिल कपूर को नो एंट्री 2 में नहीं ले रहे हैं, इस वजह से वह उनसे नाराज हो गए हैं। अब अपने भाई से झगड़े की बात पर बोनी कपूर ने मीडिया में सफाई देते हुए पूरी सच्चाई बताई है। नो एंट्री के निर्माता बोनी कपूर ने हाल ही में एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए अनिल कपूर के उनसे गुस्सा होने की बात को गलत बताया है और साथ ही कहा है कि उन्होंने मजाकिया अंदाज में ये कहा था। बोनी कपूर ने कहा, मैं इस बात से बहुत शॉक्ड हूं कि प्रेस ने मजाक में कही गयी इस बात को इशू बना दिया। अनिल मेरे से गुस्सा है, इस बात को मैंने बहुत ही मजाकिया अंदाज में कहा था। सच ये है कि मैं जिस फिल्म को बनाने की कोशिश कर रहा हूं, उसमें सलमान और अनिल दोनों ही नहीं हैं, क्योंकि वह दोनों बिजी स्टार्स हैं। इसलिए मैंने फिल्म उनके साथ बनाने के बजाय इस फिल्म का सीक्वल बनाने का निर्णय लिया, जिसमें मैंने यंग जनरेशन को कास्ट करने के बारे में सोचा। बोनी कपूर ने अपने बयान में आगे कहा, ऐसा सोचना कि वह नो एंट्री के सीक्वल का पार्ट नहीं हैं, तो वह मेरे से नाराज होंगे बिल्कुल बेबुनियाद है। नो एंट्री के सीक्वल को उनकी जरूरत हो सकती है, लेकिन उन्हें इस सीक्वल की जरूरत नहीं है। वह कमेंट बस एक मजाक था। बोनी कपूर ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि अनिल कपूर बिजी सितारे हैं, जो इस वक्त अपने करियर के पीक पर हैं। मैं इस बात को बखूबी जानता हूं कि अगले दो साल तक उनकी डेट्स उपलब्ध नहीं है। क्योंकि मेरे द्वारा कही बात को बड़ी ही सीरियस तरह से बताया गया है, इसलिए मेरे लिए ये क्लियर करना जरूरी था, क्योंकि मैं एक पल भी ऐसा नहीं सोच सकता। अगर किसी भी तरह की बात अनिल को अपसेट करती है, तो मैं अपने भाई से बात करके उसे क्लियर करूंगा। हम दोनों इंडस्ट्री में साथ ही बड़े हुए हैं और एक-दूसरे के बुरे से बुरे समय पर साथ रहे हैं और ये हमारे बीच कभी नहीं बदल सकता है। आपको बता दें कि नो एंट्री के सीक्वल में अर्जुन कपूर, वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ नजर आएंगे। **:: नेशनल डेस्क**

## द ग्रेट इंडियन कपिल शो के प्रोमो में सिद्धू बने कपिल शर्मा ने जमाया रंग

द ग्रेट इंडियन कपिल शो के निर्माताओं ने मंगलवार को शो का नया प्रोमो शेयर किया है। जिसमें भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर को हंसी के ठहाके लगाते हुए देखा जा सकता है। सेलिब्रिटी टॉक शो की मेजबानी स्टैंड अप कॉमेडियन कपिल शर्मा कर रहे हैं। शो में श्रेयस और रोहित को चीयरलीडर्स के साथ थिरकते देखा जा सकता है।

कपिल कहते हैं, रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर का स्वागत करें। अनफिल्टर्ड एपिसोड के प्रोमो में कपिल, रोहित से पूछते हैं, आजकल स्टंप्स पर माइक होते हैं। क्या कभी ऐसा होता है कि आप किसी पर गुस्सा हो गए हों? रोहित ने बेबाक अंदाज में जवाब देते हुए कहा, कर भी क्या सकता हूं, ये हमारे लड़के सुस्त हैं। दर्शकों के बीच बैठी रोहित की पत्नी रितिका सजदेह जोर से हंसने लगती है। सुनील ग्रोवर मंच पर आते हैं और रोहित से पूछते हैं, मेरे पास आपके लिए एक छोटा सा काम था। एक खिलाड़ी के तौर पर मैं टीम में जगह चाहता था। और ऐसा नहीं है कि मैं टीम में ओपनिंग बल्लेबाज बनना चाहता हूं। **:: नेशनल डेस्क**

## प्रथम पृष्ठ का शेष समाचार

### भाजपा कार्यकर्ताओं का

जा रहा है? मोदी ने बूथ अध्यक्षों से महिला मतदाताओं के रुझान के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने रामनवमी पर बूथ पर कार्यक्रम आयोजित करने और नवरात्रि के सभी नौ दिन में 'शक्ति संपर्क योजनाश् बनाकर सभी महिलाओं को सक्रिय करने समेत नए-नए तरीके ढूंढने को कहा। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में संभल, बदायूं, बरेली, आंवला, एटा, हाथरस, आगरा, फ्तेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद और मैनपुरी लोकसभा सीटों पर आगामी सात मई को मतदान होगा।

### अब जेल जाने

दल को मिलाना चाहते हैं, लेकिन उनके दिल नहीं मिल पा रहे हैं। इंडी गठबंधन में जो लोग हैं, उनकी स्थिति भी आप देख रहे होंगे। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने सभी सीटों पर प्रत्याशी उतार दिए, लेकिन कांग्रेस के लिए एक भी सीट नहीं छोड़ी, फिर भी वे गठबंधन का हिस्सा हैं। केरल में कम्युनिस्टों ने कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं किया, लेकिन वे इंडी गठबंधन का हिस्सा हैं। यही हाल महाराष्ट्र समेत अलग-अलग क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। इनको प्रत्याशी नहीं मिल रहा है। कांग्रेस का प्रत्याशी सपा में और सपा का प्रत्याशी कांग्रेस में जा रहा है। तब किसी प्रकार जोड़तोड़ कर चुनावी अखाड़े में यह दांव आजमा रहे हैं। वहीं मतदाता प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को आशीर्वाद देने के लिए आश्वस्त हैं। 18वीं लोकसभा के परिणाम के बारे में जनता आश्वस्त है। हमारी तैयारी सिर्फयही है कि हमारा प्रत्याशी कितने अधिक वोटों से लीड लेकर संसद में पहुंचता है। हर लोकसभा सीट पर यही प्रतिस्पर्धा है। मैं 25 लोकसभा सीटों पर प्रचार कर चुका हूं। सब यही कह रहे हैं कि हमारी बढ़त तीन लाख से प्रारंभ है, आगे जनता-जनार्दन का आशीर्वाद जहां तक मिल जाए, वहां तक हम लेकर जाएंगे। हम चुनाव जिताकर अपने प्रत्याशी को भेजेंगे। विकसित भारत के लिए हर किसी ने देश की बागडोर मोदी के हाथ में देने की ठानी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर पूरे देश में अन्नदाता किसानों के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने अपना जीवन किसानों के लिए समर्पित किया है। सिर्फयूपी ही नहीं, बल्कि देश के सभी राज्यों में जाकर वहां के किसानों की समस्या राष्ट्रीय नेतृत्व के सामने रखते हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उसके समाधान का मार्ग प्रशस्त कराने में भी योगदान देते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजकुमार चाहर जैसे जुझारू कार्यकर्ता को चुनाव जिताने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यहां से मिले हर प्रस्ताव स्वीकृत हुए हैं। फ्तेहपुर सीकरी में आप फिर से कमल खिलाइए, विकास के लिए ताकझांक नहीं करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र का संबंध अटल बिहारी वाजपेयी से भी है। बटेश्वर में मैं कई बार आया हूं। अटल की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने के लिए वहां अनेक कार्य भी हुए हैं। जनचौपाल में कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्या, कार्यक्रम अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा, महापौर हेमलता दिवाकर, फ्तेहपुर सीकरी के सांसद व लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर, विधायक पक्षालिका सिंह, छोटेलाल वर्मा, भगवान सिंह कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष गिरिराज सिंह कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

### मुकाबला तुष्टीकरण बनाम

में पिछले 10 साल में हुए हैं। उन कार्यों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए जनता तीसरा कार्यकाल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देने जा रही है ।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समय क्या गांव, क्या शहर, क्या उत्तर, क्या दक्षिण, क्या पूरब और क्या पश्चिम हर तरफसे एक ही आवाज आ रही है। जो आवाज आप सभी आगरा में सुन रहे हैं वही आवाज पूरे देश में गूंज रही है। दलों को प्रत्याशी नहीं मिल पा रहे हैं। यह स्थिति केवल आगरा की नहीं बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश और पूरे देश की है। उन्होंने कहा कि हमारी पीढ़ी सौभाग्यशाली है। हम न केवल बदलते हुए भारत को देख रहे हैं बल्कि विकसित भारत की संकल्पना को साकार होते देख रहे हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, हाईवे, एयरपोर्ट, एक्सप्रेस वे, आईआईटी, एम्स, आईआईएम वाला ये नया भारत न केवल 140 करोड़ जनता की आवश्यकता, बल्कि दुनिया की आवश्यकता की पूर्ति करने वाला भारत बनकर उभर रहा है। भारत दुनिया को नेतृत्व देगा, इस भाव से कार्य हो रहे हैं। किसी ने भी नहीं सोचा था कि गरीब को रसोई गैस कनेक्शन, गरीबों के घर में शौचालय, हर घर में नल से पानी मिल सकेगा। आज हम सभी की जेब में स्मार्टफोन आ चुका है। यही नये भारत की तस्वीर है।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाया है उसका आधार ही मोदी की गारंटी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी ने सोचा भी नहीं था कि आगरा में मेट्रो रेल सेवा शुरू होगी। एयरपोर्ट की राह में आई रुकावटों को दूर कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रो एसपी सिंह बघेल अपने संसदीय क्षेत्र में सबसे ज्यादा समय देने वाले सांसद हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वो दोनों लोग एक साथ ही सांसद बने थे। बघेल ने केंद्रीय मंत्री के रूप में भी सर्वाधिक समय अपने निर्वाचन क्षेत्र में दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव के दौरान आपको मोदी का प्रतिनिधि बनके एसपी सिंह बघेल के रूप में घर घर जाना होगा। हर बूथ पर जितना वोट पिछली बार मिला था, उसमें 370 वोट हमें और जोड़ना होगा। अगर हम ऐसा कर पाए तो हमारे प्रत्याशी रिकॉर्ड वोटों के साथ देश की संसद में जाएंगे। इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता कर रहे सुविख्यात चिकित्सक डॉ आर एस पारेख, भाजपा महानगर अध्यक्ष मनु महाजन, केंद्रीय मंत्री और सांसद प्रत्याशी प्रो एसपी सिंह बघेल, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और एमएलसी धर्मेन्द्र सिंह, प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चौहान, महापौर हेमलता दिवाकर, एमएलसी विजय शिवहरे, विधायकगण डॉ जेएस धर्मेश, पुरुषोत्तम खंडेलवाल, धर्मपाल सिंह, संजीव दिवाकर, लोकसभा प्रभारी सुनील टंडन, संयोजक टीएन अग्रवाल, यादवेन्द्र शर्मा सहित भारी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

### बीजेपी में शामिल

पर लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने 2008 बीजिंग ओलिंपिक में मुक्केबाजी में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने कई अन्य अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में भी देश के लिए पदक जीते हैं।

### मुजफ्फरनगर में अखिलेश

करते हुए कहा कि इस बार मोदी को तीसरी पर पीएम बनाने का चुनाव है। जनसभा में संजीव बलियान को विजयी बनाने की अपील की।

### बीजेपी का सामना

द्वारा डेजनम के नाम से जारी किया गया था। गाने के बोल पीड़ा, निराशा और बुरे सपने की ओर इशारा करते हैं। हालांकि, भारत में, नेटिजन्स ने गाने को अपने प्रफुल्लित करने वाले इंस्टाग्राम रील्स और मीम्स के साथ अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर सेट किया। केंद्रीय मंत्री और गाजियाबाद से मौजूदा भाजपा सांसद जनरल (सेवानिवृत्त) वीके सिंह के लोकसभा चुनाव के लिए मैदान से हटने के बाद भाजपा ने अतुल गर्ग को गाजियाबाद निर्वाचन क्षेत्र से अपना उम्मीदवार घोषित किया। गर्ग वर्तमान में गाजियाबाद से राज्य विधान सभा के सदस्य हैं। सात चरण के चुनाव के दूसरे चरण में गाजियाबाद में 26 अप्रैल को लोकसभा के लिए मतदान होगा। वोटों की गिनती 4 जून को होगी। अधिकारियों के अनुसार, लोनी, मुरादनगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद और धौलाना (हापुड़) के पांच विधानसभा क्षेत्रों में फैले गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में 29 लाख से अधिक पंजीकृत मतदाता हैं।

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे

और युवाओं को एक साल के लिए प्रशिक्षुता कार्यक्रम के तहत एक लाख रुपये देने का वादा शामिल है। पार्टी ने 'हिस्सेदारी न्याय के तहत जाति आधारित जनगणना कराने और आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करने की 'गारंटी दी है। उसने 'किसान न्यायश् के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा देने, कर्ज माफी आयोग के गठन तथा 'जीएसटी मुक्त खेती का वादा किया है। कांग्रेस ने 'श्रमिक न्याय के तहत मजदूरों को स्वास्थ्य का अधिकार देने, न्यूनतम मजूदरी 400 रुपये प्रतिदिन सुनिश्चित करने और शहरी रोजगार गारंटी का वादा किया है। उसने 'नारी न्याय के अंतर्गत 'महालक्ष्मी गारंटी के तहत गरीब परिवारों की महिलाओं को एक-एक लाख रुपये प्रति वर्ष देने समेत कई वादे किए हैं।

### कांग्रेस ने मिर्धा

दोनो सदन में प्रचंड बहुमत होना चाहिए। इस वीडियो को शेयर करते हुए कांग्रेस ने लिखा यही बात बीजेपी के एक और सांसद अनंत हेगड़े भी कह चुके हैं कि अगर हमें लोकसभा चुनावों में 400 सीट मिली तो संविधान बदल देंगे। कांग्रेस ने आगे लिखा भाजपा और पीएम मोदी संविधान और लोकतंत्र से नफरत करते हैं और इसे पूरी तरह से खत्म करना चाहते हैं। वहीं शशि थरूर के पोस्ट को रि-पोस्ट करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, ये सभी स्वयं महासूत्रधार द्वारा संचालित हैं। यह सोची समझी रणनीति है। बता दे कि इससे कुछ दिन पहले कर्नाटक से छह बार भाजपा सांसद रहे हेगड़े ने कहा था कि संविधान में संशोधन करने और कांग्रेस द्वारा की गई विकृतियों को ठीक करने के लिए, भाजपा को संसद के दोनों सदनों में दो तिहाई बहुमत की जरूरत है। हालांकि इस बात पर बीजेपी ने खुद को उनके इस बयान से अलग करते हुए इसे उनका व्यक्तिगत विचार बताया था और साथ ही उनका लोकसभा का टिकट भी काट दिया। शशि थरूर द्वारा मिर्धा ने आलोचना किये जाने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा ,''जहां तक मैं समझती हूं, भाजपा का उद्देश्य राष्ट्रीय और सार्वजनिक हित को पूरा करना है, और अगर उन उद्देश्यों के लिए संविधान में संशोधन की आवश्यकता है तो ऐसा किया जाएगा।

### एससीओ मीटिंग में

एससीओ के मंच पर अपने राष्ट्रीय हितों से जुड़े मुद्दों को रेखांकित किया है वह भारत के सख्त रूख को बताता है। कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना में चल रही इस बैठक में डोभाल ने कहा कि सीमा पार आतंकवाद के मुद्दे पर दोहरापन अब नहीं चलेगा। सीमा पार से आतंकवाद का संचालन करने वाले और इसे किसी भी तरह से समर्थन करने वालों, इसे वित्त सुविधा उपलब्ध कराने वालों या संरक्षण देने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी ही होगी। सनद रहे कि पाकिस्तान भी एससीओ का सदस्य है।

### हेमामालिनी ने नामांकन

सुकून मिला। हमने यमुना जी से वादा किया है कि हम उन्हें साफकरेंगे। बता दें कि बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में वह अपना नामांकन भरेंगी। दरअसल, 2024 चुनाव का नामांकन चल रहा हैं और प्रत्याशी लगातार अपनी जीत के लिए मैदान में उतर चुके हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक विजय शंकर शर्मा द्वारा ग्रुप 5 प्रकाशन 55-बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं डी-206-सी, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक- विजय शंकर शर्मा
(M.)- 9628478339, 9335322739 Ph: 0522- 4075237 Fax: 0522- 2306048 Email- charchitrajnit@gmail.com

# चुनाव आयोग ने लगाई भड़काऊ, भ्रामक और घृणा फैलाने वाले विज्ञापनों पर रोक

## विज्ञापनों को एमसीएमसी समिति से प्रमाणित कराना आवश्यक : मुख्य निर्वाचन अधिकारी

**चर्चित राजनीति। विशेष संवाददाता**

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए राजनीतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा प्रिन्ट मीडिया में प्रकाशित कराये जाने वाले भड़काऊ, भ्रामक व घृणा फैलाने वाले विज्ञापनों पर रोक लगा दी गयी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन के दौरान किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार, किसी अन्य संगठन या व्यक्ति द्वारा मतदान के दिन और उससे एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशन वाले विज्ञापनों की सामग्री को राज्य व जिला स्तरीय एमसीएमसी समिति से प्रमाणित कराना आवश्यक है।आवेदक को विज्ञापन के प्रकाशन के प्रस्तावित तिथि से न्यूनतम दो दिन पूर्व एमसीएमसी समिति के समक्ष आवेदन करते हुए विज्ञापन प्रमाणित कराया जाना अनिवार्य होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने संविधान के अनुच्छेद-324 में निहित प्राविधानों और इस संदर्भ में प्राप्त अन्य शक्तियों का प्रयोग करते हुए निर्देशित किया है कि कोई भी राजनीतिक दल, उम्मीदवार, कोई अन्य संस्थान, व्यक्ति द्वारा मतदान के दिन या मतदान से एक दिन पहले एमसीएमसी समिति से प्रमाणित कराये बगैर प्रिंट मीडिया में कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं करवाया जायेगा। यह सुनिश्चित किया जायेगा कि भड़काऊ, गुमराह करने वाले, घृणास्पद विज्ञापनों के कारण न कोई प्रतिकूल घटना घटित हो और न ही ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति हो। क्योंकि ऐसे विज्ञापन निर्वाचन की अंतिम तिथि में सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को दूषित कर देते है, ऐसी स्थिति में प्रभावित दलों या उम्मीदवारों को स्पष्टीकरण देने या खण्डन करने का भी अवसर नहीं मिलता।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में निर्वाचन के प्रथम चरण से लेकर सप्तम चरण के मतदान दिवस और

मतदान दिवस से एक दिन पहले की प्रतिबंधित दिवसों की समय सारिणी निर्धारित कर दी है। निर्वाचन के प्रथम चरण का मतदान दिवस 19 अप्रैल को है, इस चरण के प्रतिबंधित दिवस18 एवं 19 अप्रैल है। द्वितीय चरण का मतदान दिवस 26 अप्रैल को है, इस चरण केप्रतिबंधित दिवस 25 एवं 26 अप्रैल है। तृतीय चरण का मतदान दिवस 07 मई को है, इस चरण के प्रतिबंधित दिवस 06 एवं 07 मई है। चतुर्थ चरण का मतदान दिवस 13 मई को है, इस चरण के प्रतिबंधित दिवस 12 एवं 13 मई है। पांचवे चरण का मतदान दिवस 20 मई को है, इस चरण के प्रतिबंधित दिवस 19 एवं 20 मई है। छठवें चरण का मतदान दिवस 25 मई को है, इस चरण के प्रतिबंधित दिवस 24 एवं 25 मई है। सातवें चरण का मतदान दिवस 01 जून को है, इस चरण के प्रतिबंधित दिवस 31 मई और 01 जून निर्धारित है।

### सार्वजनिक व निजी स्थानों से हटाई गई 61 लाख 88 हजार 454 प्रचार-प्रसार सामग्री

**लखनऊ, चसं।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 61,88,454 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से 37,49,479 तथा निजी स्थानों से 24,38,975 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 4,04,687, पोस्टर के 17,52,809, बैनर के 10,78,726 एवं अन्य 5,13,257 मामलों में कार्यवाही की गयी।निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 3,14,873, पोस्टर के 11,15,099, बैनर के 6,14,581 एवं अन्य 3,94,422 मामलों में कार्यवाही की गयी।अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 810 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 1,521 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 29 एफ्आईआर दर्ज, 02 एनसीआर सहित 31 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

## देश-विदेश डायरी

### अबू धाबी के हिंदू मंदिर ने 1 महीने में बनाया नया रिकॉर्ड, लाखों भक्तों ने किया दर्शन

**अबूधाबी, एजेंसी।** अबूधाबी में बने मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। एक महीने के दौरान 3.5 लाख श्रद्धालु यहां पहुंचे। इस मंदिर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। इसे एक मार्च को श्रद्धालुओं के लिए खोला गया। सोमवार को यह मंदिर विशेष पूजा अर्चना के लिए आम लोगों के लिए बंद रहता है। हर शनिवार और रविवार को 50 हजार के करीब लोग पहुंच रहे हैं। मंदिर की देखरेख करने वालों का कहना है कि मंगलवार से रविवार तक हर शाम 7.30 बजे स्वामीनारायण घाट पर गंगा आरती होती है। इसका निर्माण गंगा और यमुना के पवित्र जल से किया गया है। मंदिर का निर्माण बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था की ओर से लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से दुबई-अबूधाबी शेख जायद राजमार्ग पर अल रहबा के पास 27 एकड़ में किया गया है। राजस्थान के 1.8 लाख घन मीटर बलुआ पत्थर से निर्मित यह मंदिर नागर शैली में बना है। यह पूरे खाड़ी क्षेत्र में सबसे बड़ा है।

### ताइवान में भूकंप आने से कुछ घंटे पहले ही शख्स ने कर दी थी भविष्यवाणी, फेसबुक पर दी थी जानकारी

**ताइपे, एजेंसी।** ताइवान में बुधवार को 7.4 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे कुछ लोगों की जान चली गई और व्यापक विनाश हुआ। ताइवान के कई चौंकाने वाले वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, जिसमें दिखाया गया है कि भूकंप ने जमीन को कितनी बुरी तरह हिलाकर रख दिया। हालाँकि, इस बीच एक व्यक्ति की फेसबुक टिप्पणी ने सभी को उस समय हैरान कर दिया जब उसने इस शक्तिशाली भूकंप की पहले ही भविष्यवाणी कर दी थी। दरअसल, एक ताइवानी व्यक्ति ने एक महिला द्वारा साझा की गई ताइवान के आकाश की तस्वीर पर टिप्पणी पोस्ट करने के लिए टिप्पणी अनुभाग में प्रवेश किया। महिला ने तस्वीर के कैप्शन में लिखा कि आसमान सुंदर और उत्सुक लग रहा है। उस व्यक्ति ने चीनी भाषा में टिप्पणी करते हुए कहा कि आकाश सुंदर है लेकिन इसमें 921 के भूकंप की शाम जैसी गंध आ रही है। वह 21 सितंबर, 1999 को ताइवान में आए 7.3 तीव्रता के भूकंप का जिक्र कर रहे थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक. कई नेटिजन्स उस व्यक्ति की भविष्यवाणियों से डर गए थे। एक यूजर ने भविष्यवाणी को बेहद सटीक बताया। उसे मौसम विज्ञान ब्यूरो में काम करना चाहिए! एक अन्य सोशल मीडिया यूज़र ने लिखा. उस आदमी की भयानक भविष्यवाणी में लोगों को सावधान करना और सावधान रहने के लिए कहना भी शामिल था। ताइवान में आए भूकंप में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 700 से ज्यादा लोग घायल हो गए। भूकंप के दौरान मेट्रो पुलों और स्विमिंग पूलों को हिलते हुए दिखाने वाले वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। एक वीडियो में यह भी दिखाया गया है कि कैसे एक कुत्ता भूकंप आने से पहले ही उसे भांप लेता है। भूकंप आने से पहले वह कुत्ता अपने मालिकों के पास भागा। कुत्ते के अपने मालिकों के पास भागने के कुछ क्षण बाद, घर के लिविंग रूम में चीजें हिलती हुई देखी जा सकती थीं।

### अमेरिका में जैन समुदाय ने डिजिटल डीटॉक्स आंदोलन किया शुरू

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में रह रहे जैन समुदाय ने मोबाइल फोन और लैपटॉप के स्क्रीन से नियमित अंतराल पर दूरी बनाने के लिए 'डिजिटल डीटॉक्स आंदोलन शुरू किया है। समुदाय के कार्यकर्ता अजय जैन भूटोरिया ने कहा कि नियमित अंतराल पर डिजिटल स्क्रीन से दूरी बनाना हमारे समावेशी कल्याण के लिए बहुत जरूरी है और इससे बचे वक्त का इस्तेमाल परिवार और दोस्तों के साथ रिश्तों को मजबूत करने तथा तनाव कम करने आदि के लिए किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि डिजिटल स्क्रीन से दूरी बनाकर जिंदगी की सुंदरता को फिर से देखें। भूटोरिया ने कहा, आज की तेज रफ्तार दुनिया में डिजिटल स्क्रीन हमारी जिंदगी पर हावी है। डिजिटल स्क्रीन से दूरी बनाना बहुत सकारात्मक हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह कदम अणुव्रत अनुशास्ता और इसके नेता आचार्य श्री महाश्रमण के दृष्टिकोण से प्रेरित है। अणुव्रत अनुशास्ता शब्द जैन दर्शन से आया है। अणुव्रत छोटी प्रतिज्ञाओं या प्रतिबद्धताओं के लिए होता है और अनुशास्ता उस व्यक्ति को संदर्भित करता है जो इन प्रतिज्ञाओं को लागू कराता है या निर्धारित करता है।

# हम चुनाव में जीत गए तो ईवीएम खराब और आप जीत गए तो ठीक : रविशंकर

**चर्चित राजनीति। एजेंसी**

**पटना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना साहिब से बीजेपी प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद ने कुछ सवाल दागते हुए आरजेडी और इंडी गठबंधन पर हमला बोला है। बुधवार को राजधानी में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में रविशंकर प्रसाद ने कहा कि दो-तीन बड़े सवाल हैं। पीएम मोदी जमुई में बिहार दौरे पर आ रहे हैं तो बिहार में विकास का एनडीए का एजेंडा स्पष्ट है। हमने क्या किया है और क्या करने वाले हैं, यह दोनों हम बताएंगे? हमारे प्रधानमंत्री का साफकहना है कि बिना बिहार के विकास के देश का विकास नहीं हो सकता है।

रविशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री जब बेगूसराय, बेतिया और औरंगाबाद आए थे तो करीब 85 हजार करोड़ की योजनाओं का या तो उद्घाटन किया गया या शिलान्यास किया गया। इंडी गठबंधन से मेरा पहला सवाल यह है कि बिहार में विकास का आपका एजेंडा क्या है? उन्होंने इंडी गठबंधन पर तंज करते हुए कहा कि वैसे आप लोग सत्ता में आने वाले नहीं है, लेकिन जनता को बताने के लिए कुछ तो बोलेंगे? आप या आपके पास वह भी नहीं है? इनका

एजेंडा केवल नरेंद्र मोदी का विरोध है। विपक्षी गठबंधन के लोग इस बात का जवाब दें कि आपका विकास के एजेंट में केवल जात के ही लोग हैं या पूरे बिहार के लोग हैं ? यह बात में पूरी गंभीरता से कहना चाहता हूं। लालू प्रसाद के सरकार में एक बात हमने देखी थी कि सड़क वहीं बनती थी जहां उनकी वोटर हुआ करते थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा मैं बिहार के लोगों को बहुत गर्व से कहना चाहता हूं कि अगर 80 करोड़ लोगों को राशन मिला तो सबको राशन मिल रहा है और करोड़ों का टीका लगा तो सबको लगा। अगर हर गांव में बिजली गई तो हर गांव में बिजली गई। अगर ग्रामीण सड़क बन रही है तो हर तरफबन रही है। अगर नेशनल हाईवे बन रहा है तो हर जगह बन रहा है। इसे समावेशी विकास कहते हैं। रविशंकर ने कहा कि हमने अपनी समावेशी विकास में क्या किया? यह बताया और आगे भी करेंगे। आपने क्या किया? यह आप बताएंगे? हां एक बात है कि आप परिवार के लिए खूब कर सकते हैं। लालू प्रसाद किसको सीएम बनाते हैं या किसको लड़वाते हैं यह उनके विषय है, लेकिन क्या लालू प्रसाद कभी इस बात की चिंता करेंगे कि उनके समाज के उनके विधायकों में कोई साधारण यादव एमएलए या एमपी बन सकता है। यह सब सामाजिक न्याय छलावा है। बीजेपी प्रत्याशी ने कहा कि लालू प्रसाद अल्पसंख्यकों की बात करते हैं उनकी पार्टी में बहुत सारे अल्पसंख्यक नेता है लेकिन कभी उनको सीएम बनने के लिए सोच सकते हैं? वह खुद या फिर पत्नी या फिर बेटा यही उनका एक तरफ नॉरेटिव है, जबकि दूसरी तरफ यह नैरेटिव है कि गरीब परिवार में जन्म लिए हुए नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनते हैं। हमारे साधारण कार्यकर्ता सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा डिप्टी सीएम बन जाते हैं। हम जैसे लोगों को केंद्रीय मंत्री बनाते हैं। यह सोचना जरूरी है। रवि शंकर ने कहा कि बिहार में दो यूनिवर्सिटी आई है।

# श्याम सरण नेगी ने आजाद भारत में डाला था सबसे पहले वोट

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 19 अप्रैल से मतदान शुरू हो रहा है। लोगों को चुनाव में मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। खास तौर पर पहली बार वोट डालने वालों से अपील की जा रही है कि वे मताधिकार का जरूर इस्तेमाल करें। सवाल जेहन में आता होगा कि आजाद भारत में सबसे पहला वोटर कौन था। किसने सबसे पहले वोट दिया था। आजाद भारत में पहली बार मतदान करने वाले शख्स का नाम था श्याम सरण नेगी।

नेगी ने 25 अक्टूबर 1951 को पहली बार मतदान किया था और आजाद भारत के पहले वोटर बने थे। फरवरी 1952 में भारत में पहला आम चुनाव हुआ था लेकिन नेगी ने खास वजहों से 1951 में ही मतदान कर दिया था। श्याम सरण नेगी का जन्म जुलाई 1917 में हिमाचल प्रदेश के किन्नौर के कल्पा में हुआ था।10 साल की उम्र में स्कूल गए और यहां पांचवीं तक की पढ़ाई पूरी की थी। नौवीं तक की पढ़ाई के लिए रामपुर में की। उम्र ज्यादा होने के कारण उन्हें 10वीं कक्षा में प्रवेश नहीं मिला। श्याम सरण नेगी ने 1940 से 1946 तक वन विभाग में वन गार्ड के तौर पर नौकरी की और उसके बाद शिक्षा विभाग में चले गए। कल्पा लोअर मिडल स्कूल में अध्यापक की नौकरी की।श्याम शरण नेगी ने पहला वोट 25 अक्टूबर 1951 को ब्रिटिश शासन के समाप्ति के बाद हुए पहले चुनाव में दिया था।

आम चुनाव 1952 में हुए थे लेकिन वह 1951 में ही मतदान कर इतिहास रच चुके थे। किन्नौर के कल्पा में भारी बर्फबारी होने के कारण यहां पहले ही मतदान प्रक्रिया कराई गई। श्याम सरण नेगी ने सबसे पहले पहुंचकर वोट डाला था। पूरे देश में फरवरी 1952 में पहला लोकसभा चुनाव हुआ था। इस चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की भारी जीत हुई थी और जवाहरलाल नेहरू भारत के पहले लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित प्रधानमंत्री बने। श्याम सरण नेगी किन्नौर के मूरंग स्कूल में अध्यापक थे और चुनाव में उनकी ड्यूटी लगी थी। उन्होंने अधिकारियों से वोट डालकर ड्यूटी पर जाने की इजाजत मांगी। वह सुबह 6.25 बजे मतदान स्थल पहुंचे। नेगी की गुजारिश पर चुनाव अधिकारियों से वोट डालने की अनुमति मिली और इस तरह वे आजाद भारत के पहले मतदाता बन गए। तब से नेगी ने हर चुनाव में मतदान किया था। वह हर लोकसभा चुनाव में वोट डालने जरूर पहुंचते थे और हर बार खबरों की सुर्खियों में रहते थे। 2014 में मतदान को प्रोत्साहित करने के लिए चुनाव आयोग ने नेगी को ब्रांड एंबेसडर बनाया था और उन्होंने लोगों को आम चुनाव में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए एक गूगल वीडियो में अभिनय किया था। उन्होंने कहा, युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए आगे आना चाहिए क्योंकि मताधिकार का प्रयोग करके चुनाव में भाग लेना न केवल हमारा अधिकार है बल्कि हमारा कर्तव्य है।

# इंडी गठबंधन के पास न नेता न नीति और न नीयत : भूपेंद्र

## बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने किया एनडीए प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी बुधवार को बागपत के बड़ौत में पहुंचे। उन्होंने एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी राजकुमार सांगवान के मुख्य चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। कार्यालय के शुभारंभ हवन यज्ञ में आहुति देकर किया गया, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी समेत राज्यमंत्री केपी मलिक, बीजेपी विधायक योगेश धामा, रालोद विधायक डॉ. अजय तोमर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।उन्होंने कहा कि यूपी में न तो विपक्षी इंडी गठबंधन के पास नेता बचे हैं, न नीति है और न पारदर्शी तरीके से काम करने की नीयत है। सपा मुखिया को अपने घोषित प्रत्याशियों पर भी भरोसा नहीं है।

दो-दो तीन-तीन बार उम्मीदवार बदल रहे हैं। कांग्रेस के पास अपनी परंपरागत कही जाने वाली सीट पर तो उम्मीदवार भी नहीं मिल रहे हैं।उन्होंने यह भी कहा कि अब तो चाचा भी लड़ने से इनकार कर चुके हैं। फिर भी बदायूँ में परिवार ही बरकरार रहेगा। कार्यकर्ता तो जवानी कुर्बान करने के लिए ही बना है। उसके लिए इनके पास केवल और केवल ठेंगा ही है। एक तरफअखिलेश यादव पीडीए का नारा दे रहे हैं। इस नारे का असली फुल फार्म परिवार डवलपमेंट अथारिटी है। अखिलेश को अपने परिवार के अलावा कुछ भी दिखाई नहीं देता है।

# होली मिलन कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा महानगर अध्यक्ष

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**लखनऊ।** कैंट विधानसभा स्थित जयप्रकाश नगर में बुद्धेश्वर विकास महासभा लखनऊ के द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी में उपस्थित रहे कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुआ। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि सभी को होली मिलन समारोह की अनेकानेक शुभकामनाएं स्नेह और सद्भाव के रंगों से सजा यह पारंपरिक पर्व आप सभी के जीवन में नई ऊर्जा और नया उत्साह लेकर आए और भारतीय जनता पार्टी के चुनावी पर्व में आप सभी के सहयोग से अबकी बार 400 पर, फिर एक बार मोदी सरकार, लखनऊ बोले पांच लाख पार का नारा दिया ।

आप सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि आगामी लोकसभा चुनाव मतदान वाले दिन अधिक से अधिक संख्या में अपना एवं अपने संबंधियों का वोट कमल के निशान पर बटन दबाकर ऐतिहासिक जीत दर्ज कराना है। कार्यक्रम में वरिष्ठ जनों एवम समाजिक कार्यकताओं को सम्मानित किया।

### आईआरसीटीसी का लखनऊ से हवाई टूर पैकेज

**लखनऊ, चसं।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन आईआरसीटीसी ने लखनऊ से कश्मीर के लिए हवाई टूर पैकेज लांच किया है। यह यात्रा पांच दिन और छह रात्रि की होगी। टूर पैकेज में पर्यटकों की लखनऊ से कश्मीर आने-जाने की व्यवस्था फ्लाइट से की जाएगी। यह टूर पैकेज 14 से 19 अप्रैल तक संचालित किया जायेगा। मुख्य क्षेत्रीय प्रबन्धक आईआरसीटीसी लखनऊ अजीत कुमार सिन्हा ने पैकेज के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि आईआरसीटीसी लखनऊ से श्रीनगर, सोनमर्ग आदि का भ्रमण कराया जायेगा।

आवश्यकता

आवश्यकता है ऐसे डी.टी.पी. ऑपरेटर की, जो समाचार पत्र, पत्रिका के पेज बनाने, फोटोशॉप में काम करने तथा कम्प्यूटर में पारंगत हो, वेतन-योग्यतानुसार।

सम्पर्क करें :- 9335322739, 8881992262

उमा इन्फ्राटेक

लखनऊ में कामर्शियल/रेजीडेन्शियल भवन, भूखण्ड, फ्री होल्ड प्लॉट, एग्रीकल्चर जमीन खरीदने एवं बेचने के लिए सम्पर्क करें।

ऑफिस पता-डी-206-सी, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।

मो.-8604000050, 9415007197